Conclusion: To find out the reasons for migration in the Malwa region of Madhya Pradesh a study was conducted. This study was based on primary data, which was collected through a self-design questionnaire. For this study, the sampling units were migrants, who were either migrated from somewhere else or have migrated to some other place. Three districts of the Malwa region namely Ratlam, Mandsaur, and Neemuch were selected. From each of the three districts around 85 respondents were selected. Thus, a sample of 250 respondents was collected. The demographic profile of respondents revealed that little more than 50% of respondents were of the age 40 years or below it.The education level of a large number of respondents was very low. More than 60% of respondents were educated up to the secondary level or below it, and they were either doing agriculture or were laborers. For the maximum number of respondents, the reason for migration was a lack of job opportunities at the place from where they have migrated or in search of better jobs elsewhere.

The top five reasons for migration were migration due to lack of job opportunities, in search for better jobs, availability of better services and facilities at the migrated place, better business opportunities at the migratedplace, and migration due to poverty, i.e., migrants were unable to meet their basic need at the place they were living before migration. The reasons given for migration were later classified into push and pull factors and a test was applied to know which factor is more significant for migration. The test result showed that pull factors were more significant for migration as compared to push factors. This result indicates that better job opportunities, better business opportunities, availability of better services, better facilities of education, good climatic conditions, etc. attracted migrants towards the migrated place as compared to conditions due to which people were compelled to migrate.

Hence, it is suggested that if good job opportunities were made available locally by opening industries or by creating any type of small-scale industries people would not migrate in search of jobs elsewhere. MGNREGA was a good step in this direction.

References:-

1. Chandrasekhar C.P. and Jayati Ghosh (2007). Dealing with Short-Term Migration, the Hindu, Business Line, September, 25.
2. Deshingkar, P., Sharma, P., Kumar, S. et al. Circular migration in Madhya Pradesh: changing patterns and social protection needs. Eur J Dev Res 20, 612–628 (2008). https://doi.org/10.1080/09578810802464920
3. Gupta, M. P., & Sharma, S. (1994). In-migration in

Madhya Pradesh, Transactions of the Institute of Indian Geographers, 16(2), 147–154.
4. Human migration. https://en.wikipedia.org/wiki/Human_migration.
5. K. Kareemulla, S. K. Reddy. C. A. Rao, S. Kumar and B. Venkateswarfu. Soil and Water Conservation Works through National Rural Employment Guarantee Scheme (NREGS) in Andhra Pradesh-An Analysis of Livelihood Impact Agricultural Economics Research Review, vol. 22, 2009, pp. 443-50.
6. Kesari, kunal and Biagat, R.B. (2012) "Temporary and Seasonal Migration: Regional Pattern, Characteristics and Associated Factors" Review of Rural affairs: Vol-47 No. 04 January 28 - February 03, 2012 57
7. Kothari U. (2002). Migration and Chronic Poverty, Chronic Poverty Research Centre. Working Paper No 16, Institute for Development Policy and Management, University of Manchester.
8. Long, L. H. (1973)," Migration Differentials by Education and Occupation Trends and Variations", Demography, 10, pp. 243-58. 31
9. Mangalam, J.J. (1968). "Human Migration: A Guide to Migration Literature in English 1955-1962", Lexington: University of Kentucky, pp. 6-19.
10. Mehta. B.C.." The salient features of Internal Migration in India and Rajasthan" 1978
11. Mosse D., Gupta S., and Shah V. (2005), 'On the Margins in the City: Adivasi Seasonal Labour Migration in Western India' Economic and! Political Weekly, vol. 40, no. 28, 9-15, July 2005, pp. 3025-3038.
12. Shanti K (2006), Female Labour Migration in India.
13. Verma S. (2011), 'Labour Market Dynamics in Post-MGNREGS Rural India, 2011.
14. What is migration and what are its causes? https://byjus.com/ias-questions/what-is-migration-and-what-are-its-causes/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आदर्श की प्रतिमूर्ति राम

यशवंत काछी* डॉ. राजेंद्र सिंह**

* शोधार्थी, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ईश्वर द्वारा विरचित इस समूचे ब्रह्मांड में पृथ्वी उस मायापति की सबसे सुंदर रचना है। इस धरा पर मनुष्यों ने कितने ही साध्य और असाध्य कार्यों को पूरा किया है। इन क्रियाकलापों के कारण एक साधारण सा मनुष्य महामानव, महापुरुष और महात्मा जैसी संज्ञाओं से विभूषित किया जाता रहा है। आदिम काल से लेकर वर्तमान काल तक इस धरती पर बहुत से महापुरुषों ने जन्म लिया। जिन्होंने मानव समाज के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। इन्हीं महापुरुषों में से एक ऐसे महामानव का नाम जीवन को सफल बनाने का मंत्र बन गया है। यह महान व्यक्तित्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम से संपूर्ण विश्व में जाना जाता है। राम का चरित्र समस्त चराचर के प्राणियों का पथ प्रदर्शक है। राम के चरित को लेकर कुछ मंदबुद्धि लोगों के द्वारा न जाने कितने ही आक्षेप लगाये गए, फिर भी ऐसे लोग राम की सुंदर छवि को धूमिल नहीं कर पाए। इसका कारण राम का सुंदर आचरण, उच्च आदर्श और कल्याणकारी कृत्य हैं।

शब्द कुंजी – आदर्श, मर्यादा, समाज, आचरण, वर्गभेद।

प्रस्तावना – राम का नाम सुनते ही हमारे समक्ष मर्यादा और आदर्शों के रंगों से बनाई गई, छवि उभर जाती है। हमारे सामने एक ऐसा व्यक्तित्व प्रकट होता है, जिसका सम्पूर्ण जीवन आदर्शों, मर्यादाओं, दया, करुणा, प्रेम, करुणा, कृपा आदि गुणों का महाकाव्य है। जिसका हृदय मानवता के अमृत से सराबोर है। जो अपने शत्रु से भी अनुनय-विनय करने को तत्पर रहता है, जो एक पक्षी (जटायु) को पितातुल्य मानकर उसके प्रति अपने पुत्रकर्म को विधिपूर्वक निर्वाहता है, जो दलितों, वंचितों को अपने गले लगाता है और उनके जूठे बेर भी खाता है, जो प्रकृति का सम्मान अपनी माँ की तरह से करता है और वानर, भालू और रीछों को अपना सहायक बना लेता है, जबकि वो एक चक्रवर्ती सम्राट का पुत्र है। राम का जीवन उदारता से परिपूर्ण है। जो अपने शत्रु के भाई को भी अपना मित्र बना लेता है। राम का सम्पूर्ण चरित्र ही हमें कुछ-न-कुछ सीख देता रहता है। यदि हम राम के बारे में यह कहें कि राम का चरित्र प्रेरणा का अजस्र स्रोत है। वह बहुरंगी एवं बहुआयामी मानवीय संबंधों को मर्यादा का शिखर प्रदान करता है, तो की बड़ी बात न होगी क्योंकि राम की कथा तो अनंत गुणों की खान होने के कारण अनंत है। इस संदर्भ में मानसकार लिखते हैं-

'हरि अनंत हरि कथा अनंता।
कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता।।'[1]

लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि राम में ऐसी कौन सी विशिष्टता है, जो राम को लोग इतना पूजते और मानते हैं? इस संदर्भ में आम जनमानस का उत्तार होता है कि उन्होंने भक्तों की रक्षा की और उनका उद्धार किया है। उन्होंने दुष्टों पर भी कृपा करके अपना परमधाम दिया है, जो ऋषि-मुनियों को भी दुर्लभ होता है। इस पर यह तर्क आता है कि पतितों, भक्तों और दुष्टों उद्धार और सज्जनों की रक्षा तो भगवान के प्रत्येक अवतार ने की है। फिर राम में ऐसा कौन सा गुण है, जिस कारण से वह हिंदू मानस के शिरोधार्य बने हुए हैं? तब इसका उत्तर इस प्रकार से दिया जा सकता हैं, कि 'सनातन काल से हिंदू मन पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में उदात्ता आचरण को महत्व देता रहा है। राम ने अपने आचरण में घोर विपत्तियों को सहते हुए भी श्रेष्ठ पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों को जिया। अत: हिंदू मन ने उन्हें सिर-माथे उठा लिया। राम का चरित्र हिंदू हृदय का सर्वाधिक वंदनीय आदर्श बन गया। राम जिन आदर्शों के लिए जिये, उन आदर्शों को तोड़ने वाले को हिंदू मन ने कभी क्षमा नहीं किया। कैकेयी और विभीषण इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।'[2] आज भी रामकथा के इन दोनों पात्रों के प्रति जनमानस के मन में आदरभाव नहीं है। कोई व्यक्ति अपने पुत्र-पुत्री का नाम विभीषण और कैकेयी नहीं रखता है। त्रेता युग से लेकर वर्तमान युग तक इन दोनों के पश्चात् अन्य किसी का नाम इनके नाम पर नहीं रखा गया है। संसार का कोई भी समुदाय स्वनिर्मित उदात्त आदर्शों की अवहेलना नहीं सहता है। जो भी व्यक्ति समाज के उच्चतम आदर्शों की अवमानना करता है। वह समाज की दृष्टि से उतर जाता है और विरोधी समझा जाने लगता है। राम की महत्ता इसी रूप में सबसे अधिक है कि राम के आदर्श भारतीय समाज के आदर्श बन गये। जिस प्रकार अपने प्रिय भोजन का नाम सुनते ही जिह्वा को उसका रसास्वाद अनुभूत हो उठता है, उसी प्रकार राम का स्मरण करने मात्र से राम के आदर्श और गुण हमारे सामने प्रकट हो जाते हैं।

राम का चरित्र एक आदर्श पुत्र, शिष्य, भाई, प्रेमी, पति, मित्र, शत्रु और स्वामी की छवि प्रकट करता है। राम का जीवन आदर्शों की पराकाष्ठा की सीमा है। राम के अतिरिक्त शायद ही अन्य कोई ऐसा हुआ हो, जिसने अपने जीवन में समस्त संबंधों और कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए, अपने श्रेष्ठ आदर्शों को अक्षुण्ण रखा हो। राम एक साधारण मानव की तरह ही अपना जीवन-यापन करते हैं, लेकिन उनमें एक मर्यादा है, जो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाती है।

वर्तमान समय में पिता-पुत्र के संबंधों में जिस प्रकार का तनाव, दूरियाँ और मनमुटाव देखने को मिल रहा है। उसका एकमात्र कारण समाज में संस्कारों

की क्षीणता है। दिन-प्रतिदिन संस्कार और संस्कृति पश्चिमी सभ्यता के अंधानुकरण के कारण लुप्त होते जा रहे हैं। जब हम किसी ऐसी संस्कृति का अनुसरण करने लगते हैं जो हमें अपनी जड़ों से दूर करती है, तो ऐसी स्थिति में हम अपनी संस्कृति को भूलकर स्वयं के विकास का पथ अवरुद्ध कर लेते हैं। यदि एक आदर्श पुत्र के गुणों को समझना और जानना है, तो इसके लिए राम से श्रेष्ठ कोई उदाहरण नहीं सकता है। जिसका सम्पूर्ण जीवन ही आदर्शों की समुचित परिभाषा रहा है। हमारी संस्कृति में माता-पिता और गुरु को ईश्वरतुल्य माना गया है। जिनके चरणों में स्वर्ग है, उन चरणों का वंदन करके राम अपने दैनिक कार्यों को आरंभ करते हैं। वे प्रात:काल जागकर सर्वप्रथम माता-पिता और गुरुजनों को प्रणाम करते हैं।

'प्रातकाल उठि कै रघुनाथा।
मातु पिता गुरु नावहिं माथा।।'[3]

जब माता कैकेयी दुर्बुद्धि पाश में फँस जाती हैं और उसी के वशीभूत होकर अपने दो पूर्व वरदानों को राजा दशरथ से माँगती हैं। उन दो वरदानों में वे दशरथ से राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास और भरत के लिए राज्य सिंहासन माँग लेती हैं। ऐसी विचित्र वरदानों को सुनकर विशेषकर राम के वनवास का वर सुन दशरथ मूर्च्छित होकर गिर पड़ते हैं। वहाँ से आकर कैकेयी ने जब राम से कहा कि महाराज ने तुम्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया है, तो राम इस बात से क्रुद्ध या क्षुब्ध नहीं हुए। बल्कि उन्होंने प्रसन्नतापूर्वक अपने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य किया और कैकेयी से मधुर वाणी में कहा-

'सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी।
जो पितु मातु बचन अनुरागी।
तनय मातु पितु तोषनिहारा।
दुर्लभ जननि सकल संसारा।।'[4]

जब राम के वन गमन की सूचना माता कौशल्या के मिलती है, तो अत्यंत दुखी होती हैं। राम अपनी माता को समझाते हुए, वो बात कहते हैं, जो राम से पहले न राम के बाद किसी ने कहे होंगे। वे माता कौशल्या से कहते हैं माता आप शोक न कीजिये। पिताश्री ने तो मुझे इस राज्य के बदले में जंगल का राज्य दे दिया है और राम अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करते हैं। इस संदर्भ में तुलसी बाबा लिखते हैं -

'पिताँ दीन्ह मोहि कानन राजू।
जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू।।'[5]

जब हम राम की आदर्शवादी शिष्य की झाँकी को देखते हैं, तो पाते हैं कि राम अपने गुरुओं अपने हृदय के सिंहासन पर विराजित किये हुए हैं। वे गुरुओं के प्रति मात्र औपचारिकता का धर्म नहीं निभाते हैं। वह कभी ऐसा नहीं कहते कि गुरुदेव आदेश कीजिये, मैं अयोध्यावासियों, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न या पिताश्री से कहकर आपका कार्य करवा दूँगा। वे गुरु के आदेश के पालन हेतु स्वयं तत्पर रहते हैं। राम सदैव ही अपने गुरुजनों की आज्ञा का पालन करते हैं। वे गुरु वशिष्ठ से कहते हैं -

'प्रथम जो आयसु मो कहुँ होई।
माथें मानि करौं सिख सोई।
पुनि जेहि कहँ जस कहब गोसाईं।
सो सब भाँति घटिहि सेवकाईं।।'[6]

जब राम और लक्ष्मण, ऋषि विश्वामित्र जी के आश्रम में मुनियों की रक्षा करने और शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं, तो गुरु के सोने से पहले उनके चरणों को दबाते हैं और जब तक गुरुवर बार-बार आज्ञा नहीं देते तब-तक दोनों भाई शयन नहीं करते हैं तथा गुरु से पहले जाग जाते हैं। इस प्रसंग में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं -

'जिन्ह के चरन सरोरुह लागी।
करत बिबिध जप जोग बिरागी।
तेइ दोउ बंधु प्रेम जनु जीते।
गुरु पद कमल पलोटत प्रीते।
बार बार मुनि अग्या दीन्ही।
रघुबर जाइ सयन तब कीन्ही।।'[7]

राम का भ्रातृत्व तो संसार में अद्वितीय बन पड़ा है। वह अपने भाइयों से अपार स्नेह करते हैं। बाल्यकाल से राम का अपने भ्राताओं के लिए प्रेम रामचरितमानस में देखा जा सकता है।

'अनुज सखा सँग भोजन करहीं।
मातु पिता अग्या अनुसरहिं।।'[8]

आज जहाँ एक ओर संपत्ति के लिये मानव अपने पवित्र-रिश्तों और सुमधुर संबंधों को तार-तार कर रहा है। धन की लालसा में एक भाई दूसरे भाई का गला घोंट रहा है। ऐसे मनुष्यों को राम के चरित्र से भ्रातृत्व प्रेम की सीख लेना चाहिए। राम ने जब सुना कि भरत को पिताश्री ने अपने राज्य का अधिपति बनाने का वचन माता कैकेयी को दिया है, तो वे अत्यंत ही हर्षित हो उठते हैं। राम अपने भाग्य की सराहना करते हैं और कहते हैं कि विधाता सब प्रकार से मेरे अनुकूल हैं।

'भरतु प्रानप्रिय पावहिं राजू।
बिधि सब बिधि मोहि सनमुख आजू।।'[9]

राम का अपने अनुजों के प्रति अनन्य प्रेमभाव देखने को मिलता है। वह लक्ष्मण को मूर्च्छित देखकर भारी विलाप करते हैं और कहते हैं कि यहाँ आने से अच्छा था कि मैं अपने पिता की आज्ञा नहीं मानता। जब में यहाँ से अयोध्या लौटकर जाऊँगा तो कौन-सा मुँह लेकर जाऊँगा, लोग मेरा परिहास करेंगे और कहेंगे देखो अपनी भार्या के लिए प्रिय भ्राता को खो दिया।

'जैहउँ अवध कवन मुहु लाई।
नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।।'[10]

राम अपने जीवन में एक कृतज्ञ पुरुष के रूप में सामने आते हैं। वे अपने प्रति किये गए उपकारों को भूलते नहीं है। जब हनुमान द्रोणागिरि पर्वत लाकर लक्ष्मण के प्राण बचाते हैं, तब राम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहते हैं कि-

'एकैकस्योपकारस्य प्राणान् दास्यामि ते कपे।
शेषस्येहोपकारणां भवान् ऋणिनो वयं।।
मदङ्गेजीर्णतां यातु यत्त्वयोपकृतम् कपे।
नर: प्रत्युपकाराणामापत्स्वायाति पात्रताम्।।'[11]

लंका के युद्ध में जिन वानर-भालुओं और रीछों ने अपने प्राण त्याग दिये थे। राम उनके उपकार को भी नहीं भुलाते हैं। रावण वध के बाद इन्द्र ने आकर राम की स्तुति की और आदेश माँगा। तब राम सभी को जीवित करने को कहते हैं-

'मम हेतो: पराक्रांता ये गता यमसादनम।
ते सर्वे जीवितम् प्राप्य समुत्तिष्ठंतु वानरा:।।
'मत्कृते विप्रयुक्ता ये पुत्रैदरैश्च वानरा:।
तान् प्रीतमनस: सर्वान् द्रष्टुमिच्छामि मानद।।'[12]

संसार भर में यदि पारिवारिक संबंधों के अतिरिक्त कोई संबंध जो अत्यंत प्रगाढ़ रूप में सामने आता है, तो वह मित्रता का संबंध है। सच्ची मित्रता में रंगभेद, वर्णभेद, जातिभेद, अमीरी-गरीबी और छुआछूत जैसी दुर्बल मानसिकताओं के लिए कोई स्थान नहीं है। मित्र के रूप में राम का चरित्र मित्रता की पराकाष्ठा के रूप में सामने आता है। मित्रता की ऊँचाई का जो सर्वोच्च शिखर हो सकता है, वह राम है। मानसकार ने तीन लोगों से राम की घनिष्ठ मित्रता का वर्णन किया है। जिनमें पहले निषादराज, दूसरे सुग्रीव और तीसरे विभीषण जी हैं। निषाद से मित्रता कर राम ने जातिभेद और अमीरी-गरीबी के सामाजिक भेदभाव को व्यर्थ सिद्ध कर दिया। सुग्रीव से मित्रता कर प्रकृति से सामंजस्य का पाठ पढ़ाया और विभीषण से मित्रता कर वर्ण एवं वर्गभेद को नकार दिया तथा मित्रता की एक नई मिसाल कायम की। राम मित्रभाव को सर्वोपरि समझते हैं और उसके लिए सबकुछ करने के लिए तैयार भी रहते हैं। राम की दृष्टि में सच्चा मित्र वही है, जो हार परिस्थिति में मित्र का साथ दे। राम के इसी भाव को पुष्ट करते हुए बाबा तुलसी लिखते हैं-

'जे न मित्र दुख होहिं दुखारी।
तिन्हहि बिलोकत पातक भारी।'[13]

राम अपने मित्रों को अपने भ्रातृतुल्य मानते हैं। जब राम राज्याभिषेक के बाद सभी को विदा करते हैं, तो वे निषाद को विदा देते हुए कहते हैं-

'तुम्ह मम सखा भरत सम भ्राता।
सदा रहेहु पुर आवत जाता।'[14]

राम का चरित्र मर्यादा का अनूठा उदाहरण है। राम ने अपने जीवन में केवल सीता से प्रेम किया और उनको ही अपनी जीवनसंगिनी के रूप में चुना। राम का प्रेमी और पति रूप भी आदर्श की डोर से बंधा हुआ है। राम सीता को अत्यंत प्रेम करते हैं और यह प्रेम उन्हें सीता के पहले ही दर्शन में हो जाता है। पुष्प वाटिका में राम और सीता का मिलन प्रेम, आदर्श और मर्यादा का अनुपम दृष्टांत है। सीता की छवि में राम के नयन अटक जाते हैं और उनके मुख से कोई भी वचन नहीं निकलता है-

'देखि सीय सोभा सुख पावा।
हृदय सराहत बचनु न आवा।।'[15]

सीता के प्रति अपने प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण से अपने मन की बात कहते हैं। इस छटा को तुलसीदास जी बड़े ही अनूठे ढंग से दिखाते हैं-

'करत बतकही अनुज सन मन सिय रूप लोभान।
मुख सरोज मकरंद छबि करइ मधुप इव पान।'[16]

भारतीय संस्कृति में पति को पत्नि के द्वारा परमेश्वर के रूप में पूजा जाता है। एक आदर्श पति का कर्त्तव्य होता है कि वह अपनी पत्नि के प्रति सारी जिम्मेदारियों और उसकी इच्छाओं को कपटरहित मन से पूरा करे तथा उसके प्रति अपना विशेष प्रेम रखे। जब एक कन्या पिता के घर से विदा होकर अपने पति के घर आती है, तो उसका पति ही उसके सुख-दुख का सच्चा साथी होता है। राम का पति प्रेम एक आदर्श पति का चरम बिंदु है। उन्होंने अपने जीवन में पतिधर्म के दायित्व का निर्वाह बखूबी किया है। वह सीता के सुख-दु:ख में बराबर के हिस्सेदार होते हैं। जब राजा दशरथ के द्वारा राम को चौदह वर्ष का वनवास दिया जाता है, तो सीता एवं लक्ष्मण राम के जाने की हठ ठान लेते हैं और राम के साथ वनगमन करते हैं। मार्ग में सीता प्यास से व्याकुल हो उठती हैं। उनके माथे पर स्वेदबिंदु झलकने लगते हैं, तब सीता पूछती हैं कि हम कितनी दूर चलकर कुटिया बनाएंगे। सीता की स्थिति को देखकर राम की आँखों से अश्रु छलक जाते हैं। इस दृश्य का वर्णन तुलसीदास जी ने बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है। वे लिखते हैं-

'पुरतें निकसीं रघुबीर बधू धरि धीर दए मग में डग द्वै।
झलकीं भरि भाल कनी जलकी पुट सूख गए मधुराधर वै।
फिरि बूझति चलनो अब केतिक पर्नकुटी करिहौ कित ह्वै।
तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।'[17]

जब राम की दृष्टि सीता के चरणों पर पड़ती है, जिनमें मार्ग में चलते हुए कंटक चुभ गए हैं, तो वे रो पड़ते हैं और उनके उर में वही कसक उठती है, जो कसक कंटकों से सीता के पैरों में उठ रही है। राम बिना विलंब किये सीता के पैरों के तलवों से काँटे निकालते हैं। अपने पति के इस अभूतपूर्व व निस्वार्थ प्रेम को देखकर सीता की देह पुलकित हो जाती है और उनके नेत्रों में जल भर आता है।

'तुलसी रघुबीर प्रियाश्रम जानि कै
बैठि बिलंब लौं कंटक काढ़े।
जानकी नाहको नेहु लख्यो,
पुलको तनु, बारि बिलोचन बाढ़े।'[18]

निष्कर्ष- राम की कथा तो वास्तव में अनंत ही है। जिसको कितना भी गाया, लिखा, पढ़ा और सुना जाए फिर भी वह अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं हो पाती है। राम के चरित्र को जितना अधिक समझा जाता है, उतनी ही बार एक नई कहानी हमें मिल जाती है। प्रत्येक गाथा में राम का आदर्श और मर्यादित स्वरूप ही मिलता है। अत: हम निष्कर्षत: कह सकते हैं कि राम का चरित तो सत्य ही आदर्श की प्रतिमूर्ति ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
2. हरि कथा अनंता, राजेंद्र अरुण, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
4. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
5. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
6. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
7. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
8. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
9. रामचरितमानस, अयोध्याकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
10. रामचरितमानस, लंकाकांड, टीकाकार- हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
11. वाल्मीकि रामायण (7/ 4./ 23-24), निर्णय सागरप्रेस, बंबई।
12. वाल्मीकि रामायण, (6/ 12./ 5-6), गीताप्रेस, गोरखपुर।

13. रामचरितमानस, किष्किंधाकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
14. रामचरितमानस, उत्तरकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
15. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
16. रामचरितमानस, बालकांड, टीकाकार– हनुमानप्रसाद पोद्दार, गीताप्रेस, गोरखपुर।
17. कवितावली, अयोध्याकांड, अनुवादक– इंद्रदेव नारायण, गीताप्रेस, गोरखपुर।
18. कवितावली, अयोध्याकांड, अनुवादक– इंद्रदेव नारायण, गीताप्रेस, गोरखपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

विकसित भारत के निर्माण में भारतीय भाषाओं की भूमिका (यथार्थ से आदर्श की ओर)

डॉ. राजेंद्र सिंह* गौरव गौतम**

* प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, तुलनात्मक भाषा एवं संस्कृति अध्ययनशाला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मानव के भाव व विचारों की संवाहिका भाषा है जो मानव के चित्ता, चिंतन और चरित्र को परिभाषित करती है। किसी देश के शासन और रहवासी की भाषा यदि समान होगी तो वहाँ विकास व समान वितरण की संभावना ज्यादा होती है जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता में कमी आती है जो किसी देश के विकसित होने की प्राथमिक दशा है। भारत जैसे बहुभाषी देश में विकास के अग्रगामी राह में भाषा का क्या योगदान हो सकता है यही इस शोध आलेख का उद्देश्य है।

शब्द कुंजी – होमो सेपियन,रोबोटिक्स,सिलिकॉन युग,अर्थव्यवस्था, चतुर्थ औद्योगिक क्रांति, राजभाषा अधिनियम, समावेशी विकास आदि।

प्रस्तावना – मानव समाज पाषाण युग से सिलिकॉन युग तक की साभ्यतिक यात्रा कर गतिमान है वहीं ज्ञान की दुनिया में ऋग्वेद से लेकर रोबोटिक्स तक पहुँच कर भावी पीढ़ी के लिए ज्ञान के नित नये द्वार खोल रहा है जिसमें सबसे अहम् भूमिका भाषा की रही है। होमो सेपियन का वर्चस्व अन्य प्राणियों की तुलना में यदि सबसे ज्यादा है तो भाषा के ही कारण। होमो सेपियन का समुदाय व्यापक और विस्तृत ही इसी वजह से हो सका है क्योंकि भाषा के द्वारा वह यह भी सोच सकता है कि क्या होने की आशंका है और उसके अनुरूप अपनी सुरक्षा का प्रबंध कर लेता है। भाषा की उत्पत्ति, उसके उद्भव के संबंध में डॉ. रामविलास शर्मा का मानना है कि 'मनुष्य ने अपने सूक्ष्म चिंतन की विशेषता के कारण भाषा रचना नहीं की। उसके जीवनयापन की आवश्यकताओं ने उसे ध्वनि संकेतों का उपयोग करने के लिए विवश जिया। अपने शारीरिक गठन के कारण वह अन्य पशुओं की अपेक्षा अधिक ध्वनि संकेतो से काम ले सका। अपने शारीरिक गठन के कारण ही आत्मरक्षा के लिए उसे अन्य पशुओं से भिन्न साधन ढूढ़ने पड़े। वह अस्त्रों का निर्माण करके श्रम करने वाला प्राणी बना। श्रम के साथ ही पशु जगत् के ध्वनि संकेतो के दायरे से बाहर निकलकर उसने मानवीय भाषा क्षेत्र में प्रवेश किया।'[1] यानी मानव को अन्य जीव जगत से अलग और विशिष्ट बनाने में भाषा की महती भूमिका है। जिस तरह मानव का अस्तित्व, विकास और तत्वरता 'भाषा' पर निर्भर करती है उसी तरह देश का उत्थान, व्यापकता और पतन भी भाषा की समृद्धि पर निर्भर है।

भाषा किसी भी देश की सबसे महत्वपूर्ण पूँजी और धरोहर है । इसका जितना ज्यादा संरक्षण और संवर्धन होगा उतनी ही अधिक गुणात्मक मात्रा में यह देश को विश्व के नक्शे में प्रसारित करती है। उसकी संस्कृति को उन्नयन कर पुष्पित, पल्लवित और फलित करती है। एक द्वीपीय आकार का देश इंग्लैंड यदि विश्व में अपने को प्रसारित कर पाता है तो उसका एक कारण अंग्रेजी भाषा है। जिन देशों में आज उनका राजनीतिक वर्चस्व खत्म हो चुका है वहाँ अंग्रेजी भाषा के कारण उनकी संस्कृति आज भी विद्यमान है।

तकनीकी के बढ़ते चरण आज चतुर्थ औद्योगिक क्रांति तक पहुँच चुके है और संपूर्ण विश्व आज सामाजिक और आर्थिक रूप से 'विश्वग्राम' का रूप ले चुका है। इस समय भी हम देख सकते है कि जिन देशों ने अपनी भाषा का उन्नयन किया है वही आज विकसित रूप में है चाहे सुदूर पूर्व का जापान हो या पश्चिम का संयुक्त राज्य अमेरिका। भारत के युवाओं ने भी जिस भाषा में शिक्षा ग्रहण की उन्हीं देशों को तुलनात्मक रूप में अपने ज्ञान से ज्यादा लाभान्वित कर रहे है। ऐसी स्थिति में भारतेंदु की बात याद आती है कि

'अंग्रेजी पढ़ि के जदपि, सब गुन होत प्रवीन
पै निज भाषाज्ञान बिन, रहत हीन के हीन'[2]

जब भारत विश्व की पाँचवीं अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता की दृष्टि से उसका तीसरा स्थान है तब यह तो नहीं कहा जा सकता कि भारत ने उन्नति नहीं की है। लेकिन जब हम अपनी नजर ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर डालते है, विश्व के विश्वविद्यालयों में भारत का स्थान देखते है तो भारतवासी होने के कारण हमारी स्थिति निराशाजनक होती है। ऐसा क्यों है कि देश की अनौपचारिक आर्थिक राजधानी में एक तरफ गगनचुंबी ईमारतें है जिनका वैभव और ऐश्वर्य शायद स्वर्ग की अमरावती से भी ज्यादा हो किंतु दूसरी ओर 'धारावी' की झुग्गी–झोपड़ी है जहाँ कि स्थिति भी शायद रौरव नरक से ज्यादा भयावह होंगी। क्या इसका एक कारण भाषा नहीं है?

स्वतन्त्र भारत में जिनके ऊपर नीति निर्धारण की जिम्मेदारी थी क्या उन्होंने उसी भाषा में नीति का निर्माण किया जिसे इस देश की जनता समझती हो। क्या न्याय देने वाले और न्याय पाने वाले की भाषा एक है ? कवि उदय प्रकाश की 'गेम सैंक्चुअरी' शीर्षक से एक कविता है जिसमें डाक बँगले का बूढ़ा नौकर गंभीर गमजदा होकर नए अफसर के बारे में सोचता है–

'सैंतालीस के पहले जैसी ही हैं
उन नौजवान अफसरों की आँखें'[3]

'सैंतालीस के पहले' अर्थात् स्वतंत्रता के पूर्व और उसके पश्चात् भी अफसरों के कार्य करने की रीति एक जैसे थी भले उनकी नियत देश के प्रति सकारात्मक हुई होगी। लेकिन विकास की समावेशी नीति पूर्ण सफल न हो

पायी।'राजभाषा' अधिनियम में भी यह देखा गया है कि 'भाषा' के प्रति संकीर्ण रवैया अपनाया गया और 'राज' को महत्ता दी गयी। 'राज' से तात्पर्य सत्ता प्राप्ति से है जिसके लिए भाषा संबंधी मुद्दों में निर्णय लेने में संकोच करते हुए उसे भविष्य के गर्त में धकेला गया जिसका परिणाम मातृभाषा और लोकभाषा की क्षीणता और कुछ बोलियों की समाप्ति के रूप देखा जा सकता है जिससे क्षुब्ध और व्यथित होकर कवयित्री जेंसिता केरकेट्टा शब्दों के द्वारा क्षोभ प्रकट करते हुए कहती है कि

'मातृभाषा खुद नहीं मरी थी
उसे मारा गया था
पर, माँ यह कभी न जान सकी।'[4]

माँ जान नहीं पायी कि क्योंकि वह अपने बच्चे को पराई भाषा इसलिए पढ़ा लिखा रही थी कि उसकी संतानों को रोजगार मिल जाए। जीवन को व्यतीत करने के 'प्रबंध' में आने वाली पीढ़ी कब अपनी भाषा से अपना सरोकार भुला बैठी इसका उसे पता ही नहीं चला। भाषा भी हवा और जल की तरह होती है इसकी भी कमी का एहसास तभी होता है जब यह हमारे बीच मौजूद न हो। जिस तरह मानवीय क्रियाकलाप से जल और वायु को दूषित किया गया। उनकी गुणवत्ता में गिरावट आई। उसी तरह से क्षुद्र स्वार्थ के लिए भाषा को भी मलिन किया गया। भाषा का स्वाभाविक विकास नहीं होने दिया गया। सरलता, कठिनता के क्रम में शब्दों में हेर-फेर किया गया। जिसका प्रभाव भाषा की 'जीनीयस' पर पड़ा। वह स्वभाविक स्वरूप में न रहकर कृत्रिम रूप सामने आने लगा।

भाषा संस्कृति की जड़ होती है। भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति में चार कोस में पानी और आठ कोस में बानी बदलती है। किंतु यह वैविध्य भिन्नता का नहीं वरन् एकता का द्योतक है। अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित बोली अपने पड़ोसी बोली के साथ सामंजस्य बिठाकर 'एका' रचती है और बोली से उपभाषाय फिर भाषा का रूप ग्रहण करती है। भाषा को पोषण बोलियों से ही मिलता है और ऊर्जा अन्य भाषा के संपर्क से। इसीलिए भारत में षटभाषा का महत्व था। भाषाओं में आपसी आदान प्रदान था तभी केरल का व्यक्ति कश्मीर और कश्मीर का व्यक्ति केरल की आवाजाही सरलता से कर लेते थे। जबकि तब संचार के इतने प्रबल साधन ने थे और न ही उन्नत तकनीकी उपकरण। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी देश की एकता के लिए भाषायी समन्वय पर जोर दिया गया था लेकिन कुछ लोगों द्वारा हिंदी-उर्दू, उत्तार बनाम दक्षिण भाषायी गतिरोध की स्थिति उतपन्न की जाती है जिसे हाल ही में एक नेता के बयान में भी देखा जा सकता है जिन्होंने उत्तार और दक्षिण को अलग करने की बात कही यह तर्क देकर कि दोनों जगह की संस्कृति अलग-अलग है। वह शायद यह भूल गए होंगे कि उत्तार से ज्ञान का समुद्र पीने वाले अगस्त्य मुनि दक्षिण जाते है तो दक्षिण से शंकराचार्य आकर पूरे भारत के एकता के सूत्र को दृढ़ करते है।

भारत पश्चिमी देशों की भाँति केवल राष्ट्र- राज्य नहीं है बल्कि एक सांस्कृतिक राज्य है जहाँ एकता को मजबूती राजनीति से ज्यादा संस्कृति के माध्यम से मिलती है। भारतीय संविधान की 22 भाषाएँ भारत की कमजोरी नहीं वरन् इसकी मजबूती है। सामाजिक, भौगोलिक, और पारिस्थितिकी कारणों से भाषा में बदलाव स्वाभाविक है जो देश को शब्द संपदा से संपन्न करते है जिससे देशवासियों के मानसिक क्षितिज को व्यापकता मिलती है।

भारत की कोई एक राजभाषा नहीं हो सकती। जैसे अन्य देशों में है। भाषायी सद्भाव ही देश की एकता का प्रतीक है। पाकिस्तान का विभाजन भी बांग्लादेश के रूप में भाषायी कट्टरपन के ही कारण हुआ था। श्रीलंका में भी तमिल और सिंहली के वर्चस्व के कारण ही अस्थिरता हुई थी जिसके कुछ अवयव अभी भी विद्यमान है। भारत की समावेशी, सामंजस्यपूर्ण और समन्वयवादी प्रवृत्ति के कारण भाषायी विवाद उग्र नहीं है लेकिन भाषा का स्वरूप कोई स्थैतिक नहीं वरन् गतिक होता है इसको ध्यान में रखते हुए नई शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया है कि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जायेगी। शिक्षा की औपचारिक शुरुआत के पूर्व ही मातृभाषा में शब्दभंडार होता है जिससे उसकी माध्यम से ज्ञान प्राप्ति द्वारा विषय की ग्राह क्षमता ज्यादा होती है और समझ भी परिपक्व होती है जिससे व्यक्ति अन्य भाषा व गूढ़ विषय भी जल्दी सीखता है। देश के राष्ट्रपति व मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डॉ एपीजे कलाम ने कहा कि मेरी गणित और विज्ञान की समझ इसीलिए ठीक है कि मैंने मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की है। मध्यप्रदेश सरकार ने मेडिकल की उच्च शिक्षा भी हिंदी में प्रदान करना आरम्भ किया है इससे अन्य भाषा समझने का जो अतिरिक्त बोझ बच्चों में पड़ता है उसमें कमी आयेगी और वह अपनी विषय से संबंधित पकड़ को मजबूत करेंगे। यह प्रयास अभी शिशु अवस्था में है जिस पर उचित क्रियान्वयन कर ज्ञान के अन्य अनुशासनों में भी यह प्रयास किया जा सकेगा। इससे एक लाभ यह भी मिलेगा कि देश में मौजूद जो पारंपरिक ज्ञान है वह देशज भाषा में ही है जिसको संरक्षित और संवर्धित करते हुए नूतन ज्ञान को अपनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

निज भाषा उन्नति के साथ-साथ भारतेंदु ने यह भी कहा था कि

'बिबिध कला शिक्षा अमित ज्ञान अनेक प्रकार।
सब देसन से लै करहु भाषा माँहि प्रचार ।।'[5]

निज भाषा के साथ अन्य भाषा को भी अपनाना जरूरी है ताकि वहाँ की ज्ञान संपदा को हम जान सके और अपने परिवेश के अनुकूल अपना सके तभी हम विश्व के साथ कदमताल कर पायेंगे। लेकिन बाहर की भाषा को ज्ञान प्राप्ति की सीढ़ी बनाने से समाज का बहुजन हिस्सा विकास के मुख्यधारा से बाहर ही रहेगा। भारत ने 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है जिसके साथ सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिसकी प्राप्ति का पहला कदम समावेशी विकास होगा। जिसके लिए सबसे आवश्यक यह है कि सरकार और जनता के बीच संवाद सुगम हो। नीति जिनके खातिर बनायी जा रही वो उसको समझ सके तभी उनका अनुपालन करने में सक्षम होंगे और जो भी व्यवहारिक परेशानी होगी उसे साझा कर निदान की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रामविलास शर्मा, भाषा और समाज पंचम संस्करण राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, 110002,पेज 75
2. https://hindi-kavita.com/HindiSelectedPoetryBharatenduHarishchandra.php#Kavita21(5Kavita21 (5 मार्च 2024 तक चालू)
3. जितेंद्र श्रीवास्तव, कविता का घनत्व, प्रथम संस्करण, सेतु प्रकाशन, पेज 113
4. https://www.hindwi.org/kavita/matribhasha-ki-maut-jacinta-kerketta-kavita (5 मार्च 2024 तक चालू)
5. https://hindi-kavita.com/HindiSelectedPoetryBharatenduHarishchandra.php#Kavita21(5 मार्च 2024 तक चालू)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में इंटरनेट शटडाउन का मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में विश्लेषात्मक अध्ययन

विजय लक्ष्मी जोशी*

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं, और किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र को तानाशाही बनने से रोकने के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। यह निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। प्रसिद्ध पाश्चात्य कवि जॉन मिल्टन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को बताते हुए कहा है कि–

"Give me the liberty to know, to argue freely, and to utter according to conscience, above all liberties."

- John Milton

पिछले कुछ सालों से भारत में लॉ एवं ऑर्डर बनाए रखने, धरना प्रदर्शन रोकने एवं सांप्रदायिक हिंसा को रोकने एवं परीक्षा में नकल को रोकने एवं अन्य कारणों से सरकार द्वारा इंटरनेट शटडाउन किया जा रहा है। दुनिया में हुए इंटरनेट शटडाउन में भारत गत पाँच वर्षो से लगातार शीर्ष पर बना हुआ है, यहि कारण हैं कि भारत को विश्व की **'इंटरनेट शटडाउन की राजधानी'** कहा जाता हैं। 2016 से 2022 तक पूरे विश्व में इंटरनेट शटडाउन के कुल मामलों में 60 प्रतिशत केवल भारत के थे। इंटरनेट शटडाउन के पीछे सरकार द्वारा यह तर्क दिया जाता है कि सांप्रदायिक हिंसा को रोकने, विधि व्यवस्था बनाए रखने, नागरिक अशांति एवं विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए ऐसा किया जाना जरूरी है वही दूसरी तरफ इंटरनेट शटडाउन को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी माना जाता है। इंटरनेट शटडाउन के विरूद्ध याचिकाओं की सुनवाई करते हुए न्यायपालिका द्वारा इंटरनेट के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का हिस्सा बताया गया था, वही एक अन्य मामलें में इंटरनेट शटडाउन को अनुच्छेद 21 के अधीन शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन बताया गया तथा न्यायालय द्वारा यही भी कहा गया कि सरकार द्वारा इंटरनेट बंदी के औचित्य को स्पष्ट किया जाना जरूरी है। प्रस्तुत शोध पत्र में इंटरनेट शटडाउन को परिभाषित कर उसके प्रकार, प्रभाव, संबंधित विधि एवं इंटरनेट शटडाउन के पक्ष एवं विपक्ष में दिए जाने वाले तर्कों का संक्षिप्त वर्णन किया गया हैं तथा सरकार द्वारा इंटरनेट शटडाउन नागरिकों के मूल अधिकारों का कहॉ तक उल्लंघन करता हैं इस पर प्रकाश डाला गया है।

शब्द कुंजी – इंटरनेट शटडाउन, इंटरनेट का मौलिक अधिकार।

इंटरनेट शटडाउन क्या है ?

इंटरनेट शटडाउन इंटरनेट या इलेक्ट्रिोनिक संचार में जानबूझकर किया गया व्यवधान है जो उन्हें किसी विशिष्ट आबादी के लिए या किसी स्थान विशेष के भीतर पहुँच से वंचित या प्रभावी रूप से अनुपयोगी बना देता है। ऐसा प्राय: सूचना के प्रवाह पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए किया जाता है। इससे मोबाइल इंटरनेट, ब्रांडबैंड इंटरनेट या दोनों ही प्रभावित हो सकते है।

इंटरनेट शटडाउन के प्रकार – मुख्यत: इंटरनेट शटडाउन दो प्रकार के होते है–

1. **निवारक शटडाउन –** इस प्रकार के शटडाउन में कोई घटना घटित होने से पहले ही इंटरनेट बंद कर दिया जाता है जिससे वस्तुस्थिति नियंत्रण में रहे।
2. **प्रतिक्रियात्मक शटडाउन –** इस प्रकार का शटडाउन किसी घटना के घटित होने के बाद में किया जाता है।

भारत में इंटरनेट शटडाउन के कारण – भारत में इंटरनेट शटडाउन के निम्नलिखित कारण बताए जाते हैं–

1. नागरिक अशांति, विरोध प्रदर्शन, सांप्रदायिक तनाव को रोकने के लिए,
2. आंतकवादी गतिविधियों, संभावित खतरे को रोकने के लिए,
3. परीक्षा में कदाचार को रोकने, प्रश्नपत्रों को लीक होने से रोकने के लिए,
4. हेट स्पीच, अफवाहों और फेक न्यूज पर रोक लगाने के लिए,

कुल मिलाकर अधिकांशत: लॉ एवं ऑर्डर बनाए रखने के लिए, विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाने के लिए एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा अभी तक इंटरनेट शटडाउन किए गए है।

भारत में इंटरनेट शटडाउन से संबंधित विधि – भारत में इंटरनेट शटडाउन से संबंधित विधियॉ निम्नलिखित हैं जिनके तहत सरकार द्वारा प्राय: इंटरनेट शटडाउन किया जाता है–

1. **भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 की धारा 5(2), दूरसंचार सेवाओं के अस्थायी निलंबन(सार्वजनिक आपातकाल और सार्वजनिक सुरक्षा)नियम 2017 के साथ पठित –** ये नियम संघ या राज्य के गृह सचिव को सार्वजनिक आपातकाल या सार्वजनिक सुरक्षा के मामलें में किसी भी टेलीग्रॉफ सेवा जिसमें इंटरनेट भी शामिल है को निलंबित

करने का आदेश देने की अनुमति देते है। ऐसे आदेश की समीक्षा पॉच दिन के भीतर एक समिति द्वारा की जानी चाहिए और यह 15 दिनों से अधिक तक लागू नहीं रह सकता। किसी अत्यावश्यक स्थिति में संघ या राज्य के गृह सचिव, संयुक्त सचीव स्तर के या उससे ऊपर के अधिकारी को यह आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर सकते है।

2. **दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 –** यह धारा एक जिला मजिस्ट्रेट, एक उपखंड मजिस्ट्रेट या किसी अन्य कार्यकारी मजिस्ट्रेट(जिसे राज्य सरकार द्वारा विशेष शक्ति सौपी गई हो)को जहॉ लोक शांति भंग हो रही हो या होने की संभावना हो या जहॉ बलवे या दंगे की संभावना हो वहॉ उसका निवारण करने के लिए आदेश जारी करने की शक्ति देती है। ऐसे आदेशों में किसी क्षेत्र विशेष में एक निर्दिष्ट अवधि के लिए इंटरनेट सेवाओं का निलंबन भी शामिल हो सकता है।

3. **सूचना प्रोधोगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69क –** यह धारा केंद्र सरकार को इंटरनेट पर किसी भी ऐसी सूचना तक पहुॅच को अवरूद्ध करने का अधिकार देती है जिसे वह भारत की सुप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा या मैत्रीपूर्ण संबंधों अथवा लोक व्यवस्था या शालीनता या किसी अपराध को उकसाने के हानिकारक मानती है। हॉलाकि यह धारा केवल विशिष्ट वेबसाइटों या कंटेट को अवरूद्ध करने पर लागू होती है, संपूर्ण इंटरनेट पर नहीं।

इंटरनेट शटडाउन के प्रमुख प्रभाव :

1. **वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के अधिकार पर प्रभाव –** इंटरनेट शटडाउन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) तथा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 1948 के अनुच्छेद 19 द्वारा प्रत्याभूत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाता है। इसके अतिरिक्त यह सूचना के अधिकार पर भी प्रतिबंध लगाता है।

2. **आर्थिक प्रभाव –** इंटरनेट शटडाउन से आर्थिक नुकसान भी होता है तथा ऑनलाईन मंचों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहने वाले लोग भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते है। यूके में स्थित डिजिटल प्राइवेसी ग्रुप Top10VPN.com के एक आकलन के अनुसार वर्ष 2020 में इंटरनेट शटडाउन से भारत को 20,000 करोड़ रूपए से अधिक नुकसान हुआ, 2019 में कश्मीर में 6 माह की इंटरनेट बंदी में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा था। वर्ष 2021 में राजस्थान में 1 माह तक इंटरनेट शटडाउन से 800 करोड़ रूपए का नुकसान हुआ। वर्ष 2022 में देशभर में हुए इंटरनेट शटडाउन से 1500 करोड़ रूपए से अधिक आर्थिक नुकसान हुआ। `Top10UPN' के अनुसार भारत को इंटरनेट शटडाउन के कारण वर्ष 2023 की पहली छमाही में 2,091 करोड़ रूपए की हानि हुई।

3. **शिक्षा में व्यवधान –** कई शिक्षण संस्थाए एवं विद्यार्थी शिक्षा के लिए ऑनलाईन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। इंटरनेट के बंद हो जाने से छात्रों के अध्ययन में व्यवधान होता है।

4. **स्वास्थय सेवाओं एवं ई–कामर्स में व्यवधान –** इंटरनेट शटडाउन से ऑनलाईन उपलब्ध होने वाली आपातकालीन स्वास्थय सेवाए एवं ऑनलाईन वाणिज्यिक सेवाए प्रभावित होती है।

इंटरनेट शटडाउन पर न्यायपालिका का दृष्टिकोण – इंटरनेट शटडाउन पर न्यायपालिका के दृष्टिकोण को निम्नलिखित निर्णयों के माध्यम से समझा जा सकता है–

1. **अनुराधा भसीन विरूद्ध भारत संघ –**के मामलें में उच्चतम न्यायालय ने निर्णित किया कि इंटरनेट के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार और व्यापार एवं कारोबार का अधिकार क्रमश: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) और 19(1)(छ) के तहत संरक्षित मूल अधिकार है। न्यायालय ने यह भी माना कि इंटरनेट शटडाउन संवैधानिक समीक्षा के अधीन है और यह अस्थायी वैध, सीमीत दायरे में तथा अनुपातिक होना चाहिए।

2. **फाउडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स विरूद्ध जम्मू कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश –** के मामले में उच्चतम न्यायालय ने जम्मू और कश्मीर प्रशासन को इंटरनेट पहुॅच पर सभी मौजूदा प्रतिबंधों की समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि इंटरनेट तक पहुॅच का अधिकार एक मूल अधिकार है और इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

3. **फाहिमा शीरीन विरूद्ध केरल राज्य–**के मामले में केरल उच्च न्यायालय ने निर्णित किया कि इंटरनेट तक पहुॅच का अधिकार अनुच्छेद 21 के अधीन शिक्षा का अधिकार, प्राइवेसी के अधिकार के अधीन आता है।

इंटरनेट शटडाउन के पक्ष में तर्क – इंटरनेट शटडाउन के पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए जाते है–

1. हेटस्पीच, अफवाहों और फेकन्यूज पर रोक लगाने के लिए एवं सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव पर रोक लगाने के लिए इंटरनेट शटडाउन किया जाना जरूरी है।

2. बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और नागरिक अशांति से निपटने के लिए एवं लॉ और ऑर्डर बनाए रखने के लिए इंटरनेट शटडाउन किया जाता है।

इंटरनेट शटडाउन के विपक्ष में तर्क– इंटरनेट शटडाउन के विपक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए जाते है–

1. इंटरनेट शटडाउन से इंटरनेट कनेक्टिविटी पर निर्भर शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सेवाएँ एवं वाणिज्यिक सेवाएँ भी प्रभावित होती है।

2. इंटरनेट शटडाउन एक व्यक्ति के मानव अधिकार एवं मूल अधिकारों का हनन है। यह **मानवअधिकारों की सार्वभौम घोषणा 1948** के अनुच्छेद 19 एवं **सिविल तथा राजनैतिक अधिकारों की अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा** के अनुच्छेद 19 में दिए गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार एवं **आर्थिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा** के अनुच्छेद 13 में दिए गए शिक्षा के अधिकार का अतिक्रमण करता है इसके अतिरिक्त भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1) (क) में दिए गए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार एवं अनुच्छेद 19(1)(छ) में दिए गए व्यापार, वाणिज्य की स्वतंत्रता के अधिकार जैसे मूल अधिकारों का भी अतिक्रमण करता है।

क्या इंटरनेट शटडाउन मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है?

पूर्व में वर्णित न्यायपालिका के निर्णयों से यह स्पष्ट हैं कि इंटरनेट तक पहुॅच का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधीन मूल अधिकार हैं किन्तु 19(1)(क) के अधीन वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार आत्यंतिक नहीं है बल्कि यह अनुच्छेद 19(2) में वर्णित युक्तियुक्त निर्बधंनों के अध्याधीन है। अनुच्छेद19(2) के अधीन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर आठ आधारों – भारत की प्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों, लोक व्यवस्था, शिष्टता या नैतिकता के हित में,

न्यायालय की अवमानना, मानहानि तथा अपराध के उकसाने, पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाए जा सकते है। अत: यदि इंटरनेट शटडाउन अनुच्छेद 19(2) में दिए गए आधारों पर किया जाता हैं तथा इसकी सूचना प्रकाशित की जाती है एवं यह दिर्घकालिक अवधि के लिए नहीं लगाया जाता है तो यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हैं किन्तु उपर्युक्त आठ आधारों के अतिरिक्त बिना किसी ठोस वजह के अधिकारविहिन प्राधिकारी द्वारा, बिना किसी पुन: समीक्षा के इंटरनेट शटडाउन दिर्घकालिक अवधि के लिए किया जाता है तो यह नागरिकों के मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – अत: निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है के इंटरनेट तक पहुॅच का अधिकार भारतीय नागरिकों का अनुच्छेद 19(1)(क) के अधीन मूल अधिकार है किन्तु यह अधिकार आत्यन्तिक नहीं हैं वरन् इस पर अनुच्छेद 19(2) में दिए गए आधारों पर निंबर्धन लगाए जा सकते है। यदि इन आधारों पर नागरिकों के इंटरनेट के पहुॅच के अधिकार पर निबंर्धन लगाया जाता है तो वह उनके मूल अधिकारों का हनन नहीं है किन्तु बिना किसी ठोस वजह के इंटरनेट शटडाउन नागरिकों के मूल अधिकारों का अतिक्रमण है। यदि किसी ठोस वजह से इटरनेट शटडाउन किया जाता है तो वह योग्य प्राधिकारी द्वारा अंतिम उपाय के रूप में किया जाना चाहिए एवं नागरिकों की इसकी सूचना दी जानी चाहिए एवं एक निश्चित अवधि के बाद इंटरनेट बंदी के आदेश की समीक्षा की जानी चाहिए यह किसी भी अवस्था में दिर्घकालिक अवधि के लिए नहीं होना चाहिए तथा यदि कोई अन्य विकल्प मौजूद है तो उसे उपयोग में लाना चाहिए तभी हमारा भारत सही मायनों में निष्पक्ष एवं पारदर्शी लोकतंत्र कहलाएगा जहॉ सभी नागरिकों को अपने विचार व्यक्त करने की आजादी हों।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारत का संविधान, डॉ. जय नारायण पाण्डेय, 42 वॉ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
2. दण्ड प्रक्रिया संहिता, डॉ. ना. वि. परांजपे, 8 वॉ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद।
3. hhttps://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-editorials/digital-blackout-the-shadow-of-internet-shutdowns
4. hhttps://m.economictimes.com/tech/technology/india-had-longest-internet-shutdown-in-2023-report/articleshow/108462868.cms
5. hhttps://www.thehindu.com/sci-tech/technology/india-records-highest-number-of-internet-shutdowns-globally-in-2023/article68178061.ece.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उत्तराखण्ड के माध्यम से भारत–नेपाल सीमा पर संचालित अनौपचारिक और औपचारिक व्यापार में महिलाओं की भागीदारी का अध्ययन

शान्ति* डॉ. अभिषेक कुमार पंत**

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वा.वि.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट (उत्तराखण्ड) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) ल.सिं.म.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड) भारत

शोध सारांश – इस आलेख का मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड के माध्यम से भारत–नेपाल सीमा पर संचालित अनौपचारिक और औपचारिक व्यापार में महिलाओं की भागीदारी को जानना है। इस सर्वेक्षण में अनौपचारिक व्यापार में भारत एवं नेपाल दोनों देशों के व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जबकि औपचारिक व्यापार में केवल भारत के ही व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है। इस सर्वेक्षण आधारित प्रयास में हमने(भारत एवं नेपाल सीमा) उत्तराखण्ड के तीन पारगमन बिन्दुओं के अनौपचारिक व्यापारियों की पहचान कर उनसे संपर्क स्थापित कर व्यापार संबंधी आकड़ें एकत्रित किये हैं।इस शोध पत्र में यह जाानने का प्रयास किया गया है कि सीमापार अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापार में संलग्न व्यापारियों की विशेषताएं क्या हैं? यानी वे कौन हैं?व्यापारी पर पारिवार के सदस्यों की निर्भरता अनुपात क्या है? वर्तमान व्यापार में संलग्न होने से पूर्व वे क्या करते थें?विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि औपचारिक व्यापार की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता अधिक है। औपचारिक व्यापार में संलग्न महिला व्यापारियों की तुलना में अनौपचारिक व्यापार में संलग्न महिला व्यापारियों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक है।

शब्द कुंजी – अनौपचारिक व्यापार, औपचारिक व्यापार, महिला सहभागिता, सीमा–पार, उत्तराखण्ड।

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध में औपचारिक व्यापार का अभिप्राय उस व्यापार से है जो अधिकारिक आँकड़ों में दर्ज किया जाता है। औपचारिक व्यापार में व्यापारी विदेश व्यापार निदेशालय(डी.जी.एफ.टी.) द्वारा जारी इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोडप्राप्त कर आयात–निर्यात करते हैं। जबकि अनौपचारिक व्यापार का अभिप्राय उस व्यापार से है जो आधिकारिक आँकड़ों में दर्ज नहीं किया जाता है। अनौपचारिक व्यापार में संलग्न व्यापारी बिनाआई0ई0 कोड प्राप्त किये अवैध रूप से आयात–निर्यातकरते है। अनौपचारिक व्यापार से प्राप्त आय को किसी भी देश की राष्ट्रीय आय में शामिल नहीं किया जाता है जबकि औपचारिक व्यापार से प्राप्त आय को राष्ट्रीय आय में शामिल किया जाता है। अनौपचारिक व्यापार मौजूदा सरकारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करके संचालित की जाती है जबकि औपचारिक व्यापार मौजूदा सरकारी कानूनी प्रावधानों का पालन करके संचालित की जाती है । सरल भाषा में अनौपचारिक व्यापार का मतलब वह व्यापार है जो औपचारिक नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार औपचारिक व्यापार के साथ–साथ अनौपचारिक व्यापार में भी हो सकता है। वर्तमान अध्ययन के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए भारत और नेपाल के बीच उत्तराखण्ड के माध्यम से संचालित हो रहे व्यापार पारगमन बिन्दुओं केतीन लैंड कस्टम स्टेशन को सम्मिलित किया गया है। औपचारिक व्यापार के अध्ययन के लिए वर्तमान में डी.जी.एफ.टी.(Directorate General of Foreign Trade) द्वारा जारी आई0ई0 (import Export) कोड धारक केवल भारत के व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जबकि अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन के लिए भारत एवं नेपाल दोनों देशों के व्यापारियों को सम्मिलित किया है। इस शोध पत्र के अध्ययन के लिए अनौपचारिक व्यापार को आधिकारिक आँकड़ों में गैर– रिकॉर्ड किए गए व्यापार प्रवाह के रूप में परिभाषित किया गया है जो दोनों देशों मे मौजूदा कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करके संचालित होता है। वर्तमान अध्ययन के संदर्भ में अनौपचारिक व्यापार हेतु उन्हीं व्यापारियों को सम्मिलित किया गया है जो **उपभोक्ता उत्पादों** का आयात–निर्यात करते हैं। **इसमें नशीली पदार्थ, नशीली दवाएं, हथियारों एवं मानव की तस्करी को अपवर्जित किया गया है।** सीमावर्ती क्षेत्रों में अनौपचारिक सीमा–पार व्यापार को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। इस व्यापार में जोखिम एवं उच्च लाभप्रदता बहुत अधिक होता है। अनौपचारिक व्यापार सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक गतिविधि और अदृश्य क्षेत्रीय एकीकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है। दोनों देशों के बीच अनौपचारिक व्यापार के आकार और कुल व्यापार का आकलन करना बहुत मुश्किल है। साथ ही अनौपचारिक व्यापार का दशकों से विद्यमान होने के कारणों को समझना भी महत्वपूर्ण है।

साहित्य पूर्वावलोकन :

Taneja Nisha, & Pohit Sanjib (February 2002) यह अध्ययन बताता कि भारत से नेपाल में व्यापार किया जाने वाला सामान बड़े पैमाने पर नेपाल की सीमा से लगे भारतीय राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से खरीदा जाता है। दूसरी ओर, नेपाल से भारत में अनौपचारिक रूप से व्यापार किए जाने वाले सामान ज्यादातर तीसरे देशों से आते हैं। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण चीन, जापान, थाईलैंड, हांगकांग और सिंगापुर हैं। यह अध्ययन अपने निष्कर्ष में यह बताता है कि जब तक औपचारिक व्यापारियों

के लेनदेन के माहौल में सुधार नहीं होता है, तब तक अनौपचारिक व्यापार औपचारिक व्यापार के साथ सह-अस्तित्व में बना रहेगा। भले ही भारत और नेपाल के बीच मुक्त व्यापार स्थापित हो।

Njikam Ousmanou and Tchouassi Gerard(November 2010) इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य सीमापार व्यापारियों की विशेषताओं, आई.सी.बी.टी. के माध्यम से पेश किए गए अवसरों और मुकाबला रणनीतियों पर साक्ष्य प्रदान करना है। साथ ही सीमापार अनौपचारिक व्यापार में पुरूषों और महिलाओं को अनुमति देने या बाधा डालने वाले सामाजिक-आर्थिक कारकों की पहचान करना हैं। व्यापारिक विशेषताओं के संबंध में, विश्लेषण से संकेत मिलता है कि, मध्यम आयु वर्ग (20 से 39 वर्ष) के भीतर महिला व्यापारियों की उम्र पुरूषों की तुलना में अधिक है। निर्णयन की बात करें तो पुरूष व्यापारियों की तुलना में महिलाओं का अनुपात अधिक है और उन्होंने स्वयं निर्णय लेने की बात कही है।यह शोध पत्र यह भी बताता है कि 1980 के दशक के आर्थिक संकट और संरचनात्मक समायोजन के कार्यान्वयन के बाद, कई लोग जीविकोपार्जन की आशा के साथ अनौपचारिक क्षेत्र में स्थानांतरित हो गए।

Njkam Ousmanou (August 2011) इस शोध पत्र में तीन सीमा स्थलों कैमरून-नाइजीरिया,कैमरून-गिनी इक्वेटोरियल एवं कैमरून - गैबॉन को कवर किया गया है। इस सर्वेक्षण में अनौपचारिक सीमापार व्यापार के माध्यम से क्या अवसर प्रदान किये जाते है? इन अवसरों की प्राप्ति में क्या व्यावसायिक एवं संस्थागत बाधाएं बाधक हैं? इनसे मुकाबला करने वाले तंत्र क्या है? क्या वे लिंग से भिन्न है? मुद्दों पर अध्ययन किया गया। इस सर्वेक्षण से वैवाहिक स्थिति के संबंध में पता चलता है कि महिला व्यापारी और पुरूष व्यापारी समान प्रतिशत में विवाहित थे। परन्तु बहुविवाह में होने की संभावना पुरूषों की तुलना में महिलाएं अधिक थी। इस अध्ययन से पता चलता है कि निवास स्थिति और राष्ट्रीय मूल से पता चला कि अधिकांश पुरूष और महिला व्यापारी सीमा चौकी के निवासी थे।

SAWTEE Report(19 February 2020) रिर्पोट के अनुसार भारत नेपाल के मध्य अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं को ज्यादा अनौपचारिक व्यापार के लिए उपयोग किया जाता है। भारत से सामान लाने वाले महिलाओं को अपेक्षाकृत कम जाँच किया जाता है। यह रिपोर्ट बताता है कि नेपाल भारत से कृषिगत सामग्री को प्रति वर्ष अनौपचारिक व्यापार के माध्यम से आयात करता है। जिसका मुख्य कारण कीमत में अंतर, खराब बाजार की स्थिति, कम परिवहन लागत व स्थानीय बाजार की निकटता है।

अध्ययन की आवश्यकता

अध्ययन की आवश्यकता को हम निम्नलिखित रूप में देख सकते है-

1. **अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापार में महिला सहभागिता -** यह अध्ययन हमें बताएगा कि अनौपचारिक व्यापार एवं औपचारिक व्यापार में कितनी महिलाएं प्रतिभाग करती है।
2. **अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता का कारण -** हमें ये जानने की जरूरत है किउच्च जोख़िम वाले अनौपचारिक व्यापार में महिलाएं क्यों प्रतिभाग करती है।
3. **व्यापार में संलग्नता का व्यापारी के विशेषताओं से संबंध -**इस अध्ययन से हमें पता चलेगा औपचारिक एवं अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त व्यापारी किस आयु, समाजिक परिवेशएवं शैक्षिक पृष्ठभूमि से आते है?

अध्ययन के उद्देश्य-भारत और नेपाल के बीच औपचारिक एवं अनौपचारिक व्यापार में महिलाओं की सहभागिता का अध्ययन करना।

अध्ययन क्षेत्र-प्रस्तुत अध्ययन में **अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन** हेतु उत्तराखण्ड से लगे निम्नलिखित तीन सीमा क्षेत्रों में स्थित पारगमन बिन्दुओं को शामिल किया गया हैं- 1. धारचूला,पिथौरागढ़(भारत)-दार्चुला(नेपाल) 2. झूलाघाट,पिथौरागढ़(भारत)-बैतड़ी(नेपाल) 3. बनबासा, चम्पावत(भारत)-कंचनपुर,महेन्द्रनगर(नेपाल)।

औपचारिक व्यापार के अध्ययन हेतु उत्तराखण्ड, के पिथौरागढ़जिला में स्थित धारचूला, झूलाघाट एवं चम्पावत जिला में स्थित बनबासा पारगमन बिन्दु को शामिल किया गया है।

शोध पद्धति-शोध कार्य में मुख्यत: वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध प्रारूप विधि का प्रयोग किया गया है।तथ्य संकलन के लिए प्राथमिक स्रोतों का प्रयोग किया गया है।

प्रतिदर्श चयन प्रविधि-अनौपचारिक व्यापार के अध्ययन हेतु समग्र की आधिकारिक जानकारी नहीं होने के कारण तथ्य संकलन के लिए उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्शन विधि का प्रयोग करते हुए भारत से 75 एवं नेपाल से कुल 75 व्यापारियों का चुनाव किया गया। जबकि औपचारिक व्यापार में व्यापारियों की संख्या न्यून होने के कारण वर्तमान में औपचारिक व्यापार में संलग्न सभी 16 भारतीय व्यापारियों को प्रतिदर्श के रूप में चुना गया।

विश्लेषण-स्वनिर्मित प्रश्नावली, संरचित साक्षात्कार एवं प्रतिवादी अवलोकन के द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर विश्लेषण।

व्यापारियों की विशेषताएं-व्यापारियों की विशेषताओं को समझने का मुख्य उद्देश्य इस प्रश्न का उत्तर जानना है कि अनौपचारिक एवं औपचारिक व्यापारी कौन है? व्यापारियों को समझने के लिए आयु, वैवाहिक स्थिति, शिक्षा का स्तर, व्यापार में प्रवेश से पूर्व की गतिविधि, वर्तमान प्राथमिक गतिविधि,एवं व्यापारी पर पारिवार के सदस्यों की निर्भरताअनुपात कीआलोचनात्मक परीक्षण किया गया है।



चित्र संख्या-01: अनौपचारिक व्यापार में संलिप्त (अ) भारत के एवं (ब) नेपाल के व्यापारियों की आयु प्रतिशत में

मृदा की उत्पादन क्षमता - मिट्टी पौधो के बढ़ने का माध्यम है। मिट्टी की सम्पूर्ण रूपरेखा कृषि की उपयोगिता के अनुसार ऊपरी सतह का 30 cm हो अति उत्तम है। इस मिट्टी के बनने के लिए प्रकृति के कई सौ वर्ष लगते हैं। यह सैकड़ों साल केवल 15-20 cm ऊपरी सतह की उत्तम मिट्टी बना पाते हैं। दुर्भाग्यवश, इस मिट्टी की गलत उपयोगिता या उसे बरबादी केवल कुछ सालों में ही हो जाती है। पौधों के उत्तम बढ़त के लिए मिट्टी को हर प्रकार से सुरक्षित रखना जरूरी है। उसके भौतिक, रासायनिक या जैविक गुणों की जानकारी और उसका सदुपयोग आवश्यक है। गहन और लम्बे समय तक खेती से मिट्टी की उपयोगिता नष्ट होती है। यदि इसे अच्छा प्रबंधन न करके खेती में उपयोग किया जाय तो ऊपरी सतह की सबसे अच्छी मिट्टी बहाव से नष्ट हो जाती है। इसे अच्छी भूमि और मृदा प्रबंधन से रोका जा सकता है।

मिट्टी प्रबंधन के तरीके- जब भूमि को खेती के लिए तैयार करने के लिए उसकी मिट्टी को खोदा जाता है तब उसे टिल्थ/टिलेज कहा जाता है। जब मिट्टी हल्की हो जाये और उसमें हवा जाने के योग्य हो जाये तब वह उत्तम है। मिट्टी में के कारण जो अच्छे बदलाव आते हैं, वह इस प्रकार हैं:

1. मिट्टी का तापमान
2. मिट्टी की नमी
3. मिट्टी की बनावट में खेती की उपयोगिता
4. मिट्टी की उपयोगिता
5. सम्पूर्ण घनत्व - मिट्टी का अनुपात, आयतन/मात्रा
6. मिट्टी में हवा जाने की मात्रा
7. मिट्टी की रूपरेखा

चाय की खेती के लिए मृदा प्रबंधन इस प्रकार है:

1. भूमि का सही उपयोग
2. मिट्टी / भूमि की सही खुदाई
3. नीचे की मिट्टी का मिलाना
4. जैविक खाद का मिश्रण
5. चूना द्वारा मिट्टी के पी.एच को ठीक करना।
6. जल निकासी
7. सिंचाई
8. मृदा संरक्षण के उपाय का पालन
9. मिट्टी का पी.एच

यह मापने पर 0-14 की तालिका में आता है। 7.0 पी.एच को तटस्थ होता है जिसमें हाइड्रोजन आयन (H) और हाइड्राक्सिल आयन (OH) बराबर होता है। मिट्टी का मिश्रण 0.7 एसिडिक होता है और 7-0 14-0 पी.एच एल्काइन होता है। मिट्टी के पी.एच का बहुत महत्व है क्योंकि यह

पौधो के पोषक तत्वों और अति सूक्ष्म जीवाणु के कार्य या रूप को बताता है। 4.5–5.5 पी.एच वाली मिट्टी में चाय अच्छी उगती है। जिस मिट्टी का पी.एच इससे ज्यादा या कम होता है उसे सुधारना आवश्यक है क्योंकि तभी चाय की फसल अच्छी होगी। इसलिए मिट्टी की जाँच समय समय पर होती रहनी चाहिए। इससे मिट्टी के एसिड होने का पता चलता है।

अत्याधिक पी.एच वाली मिट्टी का सुधार – कुछ चाय – बगान, जिनमें धरती के भीतर का पानी रिस कर आस पास की पहाड़ियों से आता है और उसके साथ डोलोमाइट भी लाता है, इन जगहों में पी.एच कम करने के लिए आयरन पायराइट्स या मृदा (मिट्टी) और मृदा प्रबंधन 41 एल्यूमिनियम सल्फेट / 2 टन/हैकटेयर के हिसाब से मिलाना चाहिए। इसे मिलाकर जहाँ आवश्यक है वहाँ फैलाना चाहिए। इसे कम से कम 15 दिन अच्छी तरह मिलने और उसके आक्सीडेशन के लिए छोड़ना चाहिए। उसके बाद काँटे जैसे फड़वे से कम से कम 7–15 ला गहराई (3'– 6') मिट्टी में मिलाना चाहिए। हल्की सिंचाई करना अच्छा है। हर वर्ष मृदा परीक्षण के बाद यह करना अच्छा है। भूमि के अन्दर से रिसकर आने वाले पानी के लिए नाले बनाना चाहिए।

कम पी.एच.होने पर सुधार–मृदा – परीक्षण के बाद डोलोमाइट या पायराइट से सुधार हो सकता है। वह इस प्रकार है:–

पी.एच	सुधार के तरीके
4.5 से कम	80–100 मेश डोलोमाइट (mesh dolomite @2t/ हेक्टेयर,सूखे सर्दी के मौसम में,काँटा फड़वा से मिलायें
4.5 से 4.65	डोलोमाइट @1t हेक्टेयर,ऊपर के अनुसार
4.66 से 5.60	कोई पी.एच बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
5.61से 5.80	पाइराइट @2t/ हेक्टेयर ऊपरी तरीके के अनुसार
6.50 से अधिक	जमीन चाय की खेती के लिए ठीक नहीं है।

चूना – मिलाना :

1. यह मिट्टी के पी. एच. को ठीक करने के लिए और कैल्शियम और मैग्नीशियम की आवश्यकता को ठीक करने के लिए किया जाता है।
2. एसिड – मिट्टी को बनाना।
3. बारिश से मिट्टी के रसायन का अलगाव 1251000 kg Caco/ha/yr (प्रति वर्ष)
4. नाइट्रोजन उर्वरक का इस्तेमाल : 1250–2500 kg Caco/ha/yr
5. पोटाश उर्वरक का इस्तेमाल रू 650–1250 kg Caco/ha/yr
6. फसल लेने पर पौष्टिक – तत्व की हानि 1.25 kg Caco3/100 kg made tea
7. जैविक तत्व का जमा होना।

अच्छा या गुणवत्ता का चूना : आसानी से छिड़का जा सके, पौधों को ज्यादा गर्मी न दे, यह हवा से मिलकर नमी न सोखे, अच्छी तरह रक्खा जा सके, धीरि धीरि मिट्टी में मिले, कम या ठीक दाम का हो। इन सभी में डोलोमाइट चूना सबसे अच्छा है।

डोलोमाइट चूना सम्पूर्ण पौष्टिकता:–

समय – खाद और चूना डालने की अवधि के बीच में 46 सप्ताह और 15 बउ वर्षा/नाइट्रोजन सम्बन्धी उर्वरक से नाइट्रोजन बचाने का प्रयास होना चाहिए।

जैविक तत्वों की देखभाल मिट्टी की उत्पादक क्षमता जैविक तत्वों पर निर्भर करती है। पूर्वोत्तर भारत के चाय – बगानों में उनकी मिट्टी में इस प्रकार है :–

जैविक कार्बन,%	उत्पादक–छमता
0.60 से नीचे	बहुत ही कम,योग्य नहीं
0.61–0.80	मध्यम,संतोष
0.80 से ऊपर	संतोषजनक किन्तु चाय की खेती के योग्य नहीं

बहुत ही कम, योग्य नहीं मध्यम, संतोषजनक किन्तु चाय की खेती के योग्य नहीं। निम्नलिखित उपायों से चाय की खेती के लिए जैविक तत्वों को ठीक किया जा सकता है:–

1. छँटाई के समय निकले टहनी और पत्तो ठीक से रखने चाहिए।
2. सड़े पत्तो की खाद 100 उउ गहरा होना चाहिए।
3. हरे– पत्तों की खाद क्रोटोलेरिया, स्टाईलेसेन्थस आदि के साथ बनाना।
4. मिट्टी को ठीक करने के लिए ग्वाटमाला, मीमोसा आदि उगाना चाहिए।
5. गोबर की खाद कम्पोस्ट/ 3–5 टन/ha/yr डालना चाहिए। खली मिट्टी के अनुसार /1–2 टन/ha/yr

जैविक खाद और सड़ी घास पात से ढँकने के लाभ :

1. इससे मिट्टी का बहाव रुकता है और जल धीरे धीरे मिट्टी में सोखता है।
2. इससे मिट्टी की नमी का उड़ना या सूखना रुक जाता है।
3. मिट्टी के तापमान को ठीक करके यह पौधों की जड़ों को अच्छी तरह बढ़ने में सहायक है
4. जैविक – पदार्थ (O-M) को मिलाने से मिट्टी का अति सूक्ष्म जीवाणु बढ़ जाता है, मिट्टी की उत्पादक – क्षमता बढ़कर मिट्टी में फासफोरस आसानी से पौधों को मिलता है।

मृदा – पुनर्वासन :

1. कुछ अधिक समय तक भूमि का उपयोग मिट्टी के भौतिक, रासायनिक या जैविक तत्व को नष्ट करने लगता है। इसलिए नई चाय लगाने के लिए मृदा के सभी तत्वों को फिर से निर्माण करना आवश्यक है। इसके लिए हमें निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए।
2. फसल : ग्वाटमाला, मिमोसा, लेमन ग्रास इत्यादि उगाना चाहिए।
3. खाद डालना : 10:5:10 NPK मिक्चर / 600 kg/hr और हर छँटाई / कटाई के बाद / 300 kg/ha मिलाना चाहिए।
4. समय : हर 18 महीने पर मिट्टी के जैविक तत्व (O-M) पर भी यह निर्भर है। (इसमें 10% कार्बन अच्छा है) इसलिए यह 1.5 से 2.0 वर्ष तक भी किया जा सकता है।

लाभ :

1. यह मिट्टी में नाइट्रोजन तथा जैविक तत्वों (O-M) को बढ़ाता है।
2. यह मिट्टी की बनावट उसमें हवा का आसानी से होना और नमी को बनाकर रखने में मदद्गार है।
3. इससे मिट्टी के नीचे के पौष्टिक तत्व को ऊपर आने में सहायता मिलती है।
4. पौष्टिक तत्व आसानी से मिल जाते हैं और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाकर रखता है।
5. यह मिट्टी में अति सूक्ष्म जीवाणु, जो खेती में सहायक हैं, उन्हें बढ़ाता है।

फसल के पुनर्रोपण की विशेषता – कम समय में अधिक जैवपिंड देता है, पौधों की बढ़त में मदद, पत्तों को बढ़ाकर ज्यादा टहनी/लकड़ी की बढ़त कम करता है और गहरी रेशेदार जड़ बनने में सहायक है।

चाय में कुछ प्रचलित पुनर्वासन की फसलें और उनके सूखे पौष्टिक तत्वों के अनुसार

फसल	सूखा-तत्व डालना	पौष्टिकता %		
ग्वाटमाला	18000	N	P2	OS
मिमोसा	14000	1.7	0.70	1.80
सिट्रोनेला	8000	2.60	0.60	1.00

मृदा की उत्पादक क्षमता बढ़ाना तथा देखभाल- भूमि के ऊपरी सतह की मिट्टी को बचाने के लिए, जड़ों की अच्छी बढ़त के लिए, मिट्टी की आसान खुदाई के लिए मृदा के किऔर जैविक कार्बन को बचाने के लिए निम्नलिखित उपाय करना चाहिए :

1. खेत या प्लाट को कम से कम बार खोदना चाहिए।
2. खरपतवार की उत्तम रोकथाम ।
3. पहाड़ों और ढलानों पर खरपतवार की पट्टियों से मिट्टी के बहाव की रोकथाम।
4. ढलान जहाँ ज्यादा हो, वहाँ परिरेखा या कंटूर के हिसाब से चाय लगाना।
5. मिट्टी की जाँच के अनुसार उपयुक्त मृदा सुधारक रसायन मिलाना।
6. खाली जगहों पर फिर से चाय के पौधो लगाना व उन जगहों को भरना।
7. जहाँ छाया की आवश्यकता हो वहाँ अच्छी छाया का प्रबन्धा।
8. सड़ी घास - पात और आवश्यक वस्तुयें अच्छी तरह विछायें।
9. जल निकासन के लिए नाली और सिंचाई का अच्छा प्रबन्धा ।
10. भूमि को बराबर रखना और उबड़ खाबड़ होने से बचाना।

वातावरण को ठीक करने और माइक्रोक्लाइमेट सुधारने के लिए पेड़ लगाना, हवा के तेज बहाव को पेड़ों से सुधारना आश्रय स्थल बनाना, ऊर्जा के लिए पौधो लगाना।

जशपुर जिले में चाय की खेती के लिए आवश्यक वातावरण:

1. जशपुर पाट छत्तीसगढ़ की उत्तर-पूर्वी सीमा में स्थित है।
2. जशपुर क्षेत्र जलवायु शीतोष्ण और आद्र है।
3. यहाँ 28.92 डिग्री सेल्शियस (औसत अधिकतम) एवं 12.6 डिग्री सेल्शियस (औसत न्यूनतम) है। यह छत्तीसगढ़ का औसतन अति निम्न ताप छेत्र है।
4. जिले की वर्षा 1500 मि.मी. से 2000 मि.मी. तक झरझरा और अच्छी बारिश होती है।
5. मिट्टी का झह 4.5 से 5.5 है।
6. चाय की प्रारंभिक खेती के कारण कीटों और संक्रमण दर काफी कम है।
7. इस क्षेत्र में मिट्टी लमेटा या लेटेराईट मिट्टी पाई जाती है जो कि चाय की खेती के लिए आवश्यक है। यह मिट्टी छोटे पत्थरों के साथ पायी जाती है।
8. यह मिट्टी बंजर एवं अनुपयोगी होती है। इस मिट्टी में उच्च अम्लीयता (पी.एच मान-5.2) होती है।

निष्कर्ष एवं सुझाव - छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला के सोगड़ा में चाय उत्पादन सन 2010 में असम से 12000 पौधे लाकर ट्रायल किया गया। सफल प्रयास के बाद सारूडीह के लगभग 20 एकड़ में लक्ष्मी स्वसहायता समूह द्वारा अनउपयोगी जमीन पर सन 2011 से अब तक सफल खेती की जा रही है अब इस क्षेत्र के विभिन्न जगहों में चाय की खेती की जा रही है। उपरोक्त अध्ययन से हमें यह ज्ञात होता है कि भारत के उत्तरी राज्य की तरह छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में भी चाय उत्पादन के लिए अनुकूल वातावरण है। यहाँ बागवानी फसल के साथ साथ चाय खेती को बढ़ावा को प्राथमिकता प्रदान किया जाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह,आई.डी.. सम्पूर्ण चाय उत्पादन और संसाधन, New Delhi Publishers,New Delhi ISBN:978-93-81274-63-7
2. पटेल,हरिराम, छत्तीसगढ़ विशिष्ट अध्ययन, HR Printers, Vivekanand Gali House No.2 Mopka Chowk Bilaspur(C.G.) ISBN:978-93-340-2963-5
3. www.jashpur.gov.in
4. त्रिपाठी,सत्येन्द्र एवं अनिल कुमार श्रीवास्तव, समाजिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी दिल्ली : रावत पब्लिकेशन्स,संस्करण 2017।
5. गुप्ता,एस.पी. वित्तीय प्रबंध,साहित्य पब्लिकेशन्स।
6. मेहरोत्रा, एच.सी. एवं एम.पी. गोयल विधान एवं लेखे साहित्य भवन पब्लिकेशन्स।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Acute and Chronic Effect of Pursuit on Protein Contents in Liver and Kidney of Fingerlings of *Tilapia mossambica*

Kamlesh Ahirwar* Romsha Singh**

* Department of Zoology, J.H.Govt.P.G. College, Betul (M.P.) INDIA
** Department of Zoology, Govt. M.L.B. Auto. Girls College, Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract - Pesticides are continuously reaching water bodies from crop-fields either by rain drainage or by direct processes. On reaching water bodies these pesticides have fatal-effect on fishes, fingerlings, fries and eggs, causing damages to their organs and affecting their metabolism and survivalness. Present observation is an attempt to evaluate the toxicity impect of herbicide Pursuit on protein content of liver and kidney of Tilapia mossambica fish fingerlings exposed to acute and chronic sub-lethal concentration of pursuit exhibited significant depletion in the level of protein in liver and kidney.
Keywords: Herbicide, Tilapia, Protein metabolism, Liver, Kidney, Toxicity, Fingerlings.

Introduction - Pollution means the presence of any foreign substances in water that degrades the quality to constitute a hazard or impair its usefullness. Any changes in water component adversely affect the entire ecosystem resulting many organisms to death or extinction. The pollution of aquatic environment by pesticides adversely affects the survival of aquatic organisms including commercially important fish species (Johnson, 1973).

As fish is considered the most important and vital-link in the food chain of the ecosystem and the inland fisheries are important sources of protein in a nation's dite. So a through understanding of pesticidal effects on fishes would be really vital for fish conservation and fisheries development (Awasthi, 1998).

Pesticide which have been classified in various ways, amongst which herbicides are a class which specifically target to destroy weeds is a very familiar economical poison used in agricultural fields for the control of annual weeds to get maximum yield of crops in agriculture. Liver & Kidney are the organs which are involved in the metabolic and excretory mechanisms of the body. During this process they themselves get damaged by pollution in water. In the view of above facts the present work was undertaken which attempts to evaluate the impact of pursuit on the liver and kidney biochemical profile of the T. mossambica fingerlings.

Material & Method : Live fingerlings of Tilapia mossambica (average length of 5 to 7 cm) were collected and acclimatized in the aquaria for 15 days. The LC_{50}-value of species were determined. To observed the acute (96 hrs.) toxic effect of pursuit three different sublethal concentrations (63.7 ppm, 85.0 ppm and 127.5 ppm) of their LC_{50} were selected and to observed chronic toxicity (15 & 30 days) of these toxicant one sub-lethal value is considered. Quantitative estimation of total Protein were measured by the method of Lowry, et.al.

Result & Discussion : The effect of Pursuit on biochemical parameters of protein estimation was studied to understand their mode of action. The variation of protein contents is taken as good indicator for the extent of damages due to pesticide pollution of aquatic environment in general and pursuit in particular. In the present observation the total protein of experimental fingerlings are significantly decreased according to dose and duration of exposure when compared with control fingerlings. Toxicity of pursuit on biochemical constituents of liver for 96 hrs, 15 and 30 days are present in Table no. 1. The decrement of protein is due to the increased utilization of protein during stress condition. The result of pursuit toxicity on protein constituents of kidney for acute and chronic exposure are presented in Table no. 2.

Table No. 1 & 2 (see in next page)

(Each value experessed as mg/100 mg. wet weighted of tissue and each value is the mean $\pm$ standard eror of five individual observations).

The pursuit treated individuals showed a significant decreases -7.0344%, -17.3517%, -36.0410% over controle after acute exposure. Thereafter a gradual decrease in protein contents were noticed from -34.9085%, -45.1490% in a gradual manner after 15 & 30 days exposure. These observations were supported by the results of Shakoori et.al.

(1994), who investigated the toxicity of mercuric chloride in liver of chenopharyngodon and found decline trend in protein content. Bhaskar (1997), also noticed the effect of alloxen monohydrate on the protein content in the liver of Anabus and found remarkable depletion.

It may be possible that enhancement of protein in pursuit stressed fingerlings is due the increased proteolysis and utilization of the products of their degradation for metabolic purposes. After acute exposure of herbicide the kidney showed consistent depletion in amount of protein from -9.1946%, -9.6269%, -25.5412% over control. Thereafter 15th & 30th days of herbicide pursuit exposure the kidney showed consistent depletion in amount of protein from -36.3319% to -53.6826% over control. It may be suggested that initial decrease of protein content in kidney after acute and chronic exposure is the result of increased rate of protein synthesis and decreased rate of protein degration.

These increase or decrease of RNA play a vital role in protein synthesis. That's why the findings of Rajyashree and Anuradha (1996), supported this suggestion as they have reported anelevation in RNA along with protein content in liver of carbamid exposed Labeo-rohita and selenium exposed Anabas respectively. The investigation of Sivaprasad and Ramana Rao (1979), also exposure of Methyl parathion, Tannic-acid and endosalfon respectively.

References:-

1. Bhaskar S.G. (1997): Effect of alloxan monohydrate administration on the biochemical constituents of the bony fish Anabas testudineus (Bloch) part 1, Ecotoxicol, Monit, 7(1) : 027-032.
2. Lowry, O.H., Rosenbrough, N.J., Four, A.L. and Randall, R.J. (1951): Protein measurement with the folin phenol reagent, J.Biol.Chem. 193:265-275.
3. Rajyashree, M., Anuradha, C.H., Raju, T.N. (1996): Elevation in RNA along with protein content in liver of carbamid exposed Labeo-rohita and selenium exposed Anabas, J. Ecotoxicol. Environ. Monit. 6(1): 041-044.
4. Shakoori, A.R., Iqbal, M.J., Mughal, A.L. and Ali, S.S. (1994): Biochemical effect of mercuric chloride in liver of Ctenopharyngodon idella. J. Ecotoxicol. Environ. Monit. 4(2): 081-092.
5. Shivprasad Rao and Ramana Rao (1979): Effect of sublethal concentration of methyl parathion on selected oxidative enzymes of the Tilapia mossambica. Curr. Sci., 48:526-528.

Table No. 1. - Acute and Chronic Effect of Pursuit on Protein Content in Liver of Tilapia-mossambica Fingerlings

S.	Dose / Duration	Amount of Protein		% Change
		Control (mg)	Experimental (mg)	
1	63.7 ppm/96 hrs	44.2482 ± 19.7889	41.2419 ± 18.4444	- 7.0344
2	85.0 ppm/96 hrs	44.2482 ± 19.7889	36.6336 ± 16.3835	- 17.3517
3	127.5 ppm/96 hrs	44.2482 ± 19.7889	24.0903 ± 10.7738	- 45.1490
4	63.7 ppm/15 days	39.6606 ± 17.7475	25.8376 ± 11.5552	- 34.9085
5	63.7 ppm/30 days	37.5504 ± 16.7935	23.9749 ± 10.7222	- 36.0410

Table No. 2. - Acute and Chronic Effect of Pursuit on Protein Content in Kidney of Tilapia-mossambica Fingerlings

S.	Dose / Duration	Amount of Protein	% Change	
		Control (mg)	Experimental (mg)	
1	63.7 ppm/96 hrs	44.1737 ± 19.7550	40.1149 ± 17.9405	- 9.1946
2	85.0 ppm/96 hrs	44.1737 ± 19.7550	40.4579 ± 18.0938	- 9.6269
3	127.5 ppm/96 hrs	44.1737 ± 19.7550	32.9661 ± 14.7167	- 25.5412
4	63.7 ppm/15 days	41.6606 ± 18.6317	26.5764 ± 11.8857	- 36.3319
5	63.7 ppm/30 days	35.0084 ± 15.6567	16.1850 ± 7.2383	- 53.6826

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Impact of Digital Transformation on Business Administration: Opportunities and Challenges

Mohd. Abdul Ahad Qureshi*

*MBA Student, D. Y. Patil Vidyapeeth, Pune (Maharashtra) INDIA

Abstract - This paper explores the profound impact of digital transformation on contemporary business administration practices. With the rapid advancement of technology, businesses worldwide are embracing digital tools and strategies to enhance efficiency, productivity, and competitiveness. This abstract examines the opportunities and challenges presented by digital transformation, including the adoption of digital marketing strategies, the integration of data analytics for informed decision-making, the evolution of organizational structures to accommodate remote work and agile methodologies, and the importance of cybersecurity in safeguarding sensitive information. Through an analysis of relevant literature and case studies, this paper aims to provide insights into how businesses can effectively navigate the digital landscape to achieve sustainable growth and success in the modern era of business administration.
Keywords : Technology integration, Data-driven, Agility, Automation, Customer-centric, Cloud computing.

Introduction - In the contemporary business landscape, digital transformation has emerged as a pivotal force reshaping traditional business administration practices. The relentless advancement of technology has revolutionized the way organizations operate, interact with customers, and manage their resources. This introduction sets the stage for understanding the profound impact of digital transformation on business administration by providing an overview of its key drivers, implications, and challenges.

The Integration of digital technologies into business processes has become imperative for organizations seeking to remain competitive in today's fast-paced and interconnected global economy. From small startups to multinational corporations, companies across industries are harnessing the power of digital tools to streamline operations, enhance customer experiences, and drive innovation. Whether through the adoption of cloud computing, data analytics, artificial intelligence, or the Internet of Things (IoT), businesses are leveraging technology to optimize efficiency, reduce costs, and unlock new revenue streams.

However, the journey towards digital transformation is not without its challenges. Organizational inertia, legacy systems, and cultural resistance can impede progress and hinder the successful implementation of digital initiatives. Moreover, the rapid pace of technological change presents a constant need for adaptation and upskilling among employees, further complicating the transition to a digitally-driven business environment.

Despite these challenges, the benefits of embracing digital transformation are undeniable. By embracing innovation and embracing a culture of continuous improvement, organizations can position themselves for long-term success in an increasingly digital world. This introduction lays the groundwork for exploring the multifaceted impact of digital transformation on various aspects of business administration, from marketing and sales to operations and supply chain management. Through an in-depth analysis of industry trends, best practices, and case studies, this paper aims to provide valuable insights into how businesses can navigate the complexities of digital transformation to thrive in the 21st century.

Digital transformation refers to the integration of digital technology into all aspects of a business, fundamentally changing how it operates and delivers value to customers. It involves leveraging digital tools and technologies to streamline processes, enhance customer experiences, and drive innovation. Digital transformation encompasses a wide range of initiatives, including the adoption of cloud computing, data analytics, artificial intelligence, the Internet of Things (IoT), and more.

At its core, digital transformation is about using technology to create new business models and improve existing ones. It involves reimagining business processes, products, and services to leverage the capabilities of digital technologies fully. For example, a retail company might implement digital transformation initiatives such as e-commerce platforms, mobile apps, and personalized marketing campaigns to better engage with customers and drive sales.

Digital transformation is not just about adopting new technologies; it also requires cultural and organizational changes. It involves fostering a culture of innovation, agility, and continuous learning within the organization. It also requires leadership buy-in and support to drive meaningful change across all levels of the business.

The benefits of digital transformation can be significant. By embracing digital technologies, businesses can improve operational efficiency, reduce costs, and enhance customer experiences. They can also gain valuable insights from data analytics to make informed decisions and identify new growth opportunities. Ultimately, digital transformation enables businesses to stay competitive in an increasingly digital and fast-paced business environment.

Business administration encompasses the management of all aspects of a business's operations and resources to achieve organizational goals effectively and efficiently. It involves overseeing various functions such as finance, human resources, marketing, operations, and strategic planning.

Key components of business administration include:

Strategic Management: Developing long-term goals and objectives for the organization and formulating strategies to achieve them. This involves analyzing market trends, competitors, and internal capabilities to make informed decisions about the direction of the business.

Financial Management: Managing the organization's finances, including budgeting, forecasting, financial reporting, and risk management. Financial managers are responsible for ensuring the company's financial health and sustainability.

Human Resource Management: Managing the organization's workforce, including recruitment, training, performance evaluation, compensation, and employee relations. Human resource managers play a crucial role in attracting, retaining, and developing talent within the organization.

Marketing Management: Developing and implementing marketing strategies to promote products or services, attract customers, and generate revenue. This includes market research, branding, advertising, pricing, and distribution strategies.

Operations Management: Overseeing the day-to-day operations of the organization to ensure efficiency and productivity. This involves managing resources, optimizing processes, and maintaining quality standards to deliver products or services to customers.

Information Technology Management: Leveraging technology to support business operations and achieve strategic objectives. This includes managing IT infrastructure, systems development, data management, cybersecurity, and digital transformation initiatives.

Business administrators play a crucial role in coordinating and integrating these functions to achieve organizational success. They must possess a diverse skill set, including leadership, communication, problem-solving, and decision-making skills, to effectively manage the complexities of modern business environments.

The impact of digital transformation on business administration is profound and far-reaching, revolutionizing the way organizations operate, compete, and interact with customers. Digital transformation has reshaped traditional business models and processes across industries, leading to significant changes in how businesses are managed and administered. Here are some key impacts of digital transformation on business administration:

Operational Efficiency: Digital tools and technologies enable businesses to streamline processes, automate routine tasks, and improve workflow efficiency. From cloud-based software for project management to automated accounting systems, digital transformation optimizes administrative processes, allowing organizations to operate more efficiently and cost-effectively.

Data-Driven Decision Making: Digital transformation provides access to vast amounts of data from various sources, including customer interactions, market trends, and internal operations. Business administrators can leverage advanced analytics and business intelligence tools to analyze this data, gain valuable insights, and make data-driven decisions to drive business growth and innovation.

Enhanced Customer Experiences: Digital transformation enables businesses to deliver personalized and seamless customer experiences across multiple channels. From mobile apps and social media platforms to e-commerce websites and chatbots, organizations can engage with customers in real-time, anticipate their needs, and provide tailored solutions, thereby improving customer satisfaction and loyalty.

Agile and Adaptive Organizations: Digital transformation promotes organizational agility and adaptability, allowing businesses to respond quickly to changing market conditions, customer preferences, and competitive pressures. By embracing agile methodologies and fostering a culture of innovation, businesses can stay ahead of the curve and capitalize on emerging opportunities in the digital landscape.

Global Reach and Connectivity: Digital transformation transcends geographical boundaries, enabling businesses to reach global markets and connect with customers and partners worldwide. Through digital platforms and online marketplaces, organizations can expand their reach, forge strategic partnerships, and tap into new revenue streams, driving international growth and expansion.

Cybersecurity and Risk Management: With the proliferation of digital technologies comes increased cybersecurity risks and data privacy concerns. Business administrators must prioritize cybersecurity measures and implement robust risk management strategies to protect sensitive information, mitigate cyber threats, and ensure regulatory compliance in an increasingly interconnected and

digitized business environment.

Overall, digital transformation is reshaping the landscape of business administration, empowering organizations to innovate, compete, and thrive in the digital age. By embracing digital technologies and leveraging them strategically, businesses can unlock new opportunities, drive operational excellence, and create value for customers, employees, and stakeholders alike.

Conclusion: In conclusion, the digital transformation of business administration represents a seismic shift in how organizations operate, compete, and succeed in the modern business landscape. As digital technologies continue to evolve at a rapid pace, businesses must adapt and embrace these changes to stay relevant and competitive.

The impacts of digital transformation on business administration are profound and multifaceted. From enhancing operational efficiency and enabling data-driven decision-making to improving customer experiences and fostering organizational agility, digital transformation presents numerous opportunities for businesses to innovate and thrive.

However, the journey towards digital transformation is not without its challenges. Organizational inertia, legacy systems, cybersecurity risks, and cultural resistance can hinder progress and impede successful implementation. Business administrators must navigate these challenges proactively, fostering a culture of innovation, collaboration, and continuous learning to drive meaningful change across the organization.

Despite the challenges, the benefits of digital transformation are clear. By leveraging digital technologies strategically, businesses can optimize processes, drive growth, and create value for customers, employees, and stakeholders alike. Digital transformation is not just about adopting new technologies; it's about embracing a mindset of innovation and adaptation to thrive in an increasingly digital and interconnected world.

In essence, the digital transformation of business administration is not a destination but a journey—an ongoing process of evolution and adaptation to the ever-changing digital landscape. By embracing this journey and harnessing the power of digital technologies, businesses can position themselves for long-term success and sustainability in the digital age.

References :-

1. Nachit H, Belhcen L. Digital Transformation in Times of COVID-19 Pandemic: The Case of Morocco. SSRN Electronic Journal. Published online 2020. Doi: 10.2139/ssrn.3645084
2. Kraus S, Durst S, Ferreira JJ, et al. Digital transformation in business and management research: An overview of the current status quo. International Journal of Information Management. 2022, 63: 102466. Doi: 10.1016/j.ijinfomgt.2021.102466
3. Saarikko T, Westergren UH, Blomquist T. Digital transformation: Five recommendations for the digitally 19 conscious firm. Business Horizons. 2020, 63(6): 825-839. Doi: 10.1016/j.bushor.2020.07.005
4. Vial G. Understanding digital transformation: A review and a research agenda. The Journal of Strategic Information Systems. 2019, 28(2): 118-144. Doi: 10.1016/j.jsis.2019.01.003
5. Sousa-Zomer TT, Neely A, Martinez V. Digital transforming capability and performance: A microfoundational perspective. International Journal of Operations & Production Management. 2020, 40(7/8): 1095-1128. Doi: 10.1108/ijopm-06-2019-0444 .
6. Teece DJ. Explicating dynamic capabilities: the nature and microfoundations of (sustainable) enterprise performance. Strategic Management Journal. 2007, 28(13): 1319-1350. Doi: 10.1002/smj.640
7. Zouhri M, Rehali B. Cloud Computing: challenges and prospects by: Laboratoire d'Études et Recherches Économiques et Sociales (French). Available online: http://revues.imist.ma/?journal=RMGE. 12-2016, 3(7).
8. ElAbbassi A, Chafik K. The Decision to Invest in Information Systems: Case of Adopting ERP in the Moroccan Public Largest Companies. International Journal of Computer Applications. 2014, 88(15): 49-54. Doi: 10.5120/15432-4050
9. Kraus S, Jones P, Kailer N, et al. Digital Transformation: An Overview of the Current State of the Art of Research. SAGE Open. 2021, 11(3): 215824402110475. Doi: 10.1177/21582440211047576
10. Teece DJ. Business models and dynamic capabilities. Long Range Planning. 2018, 51(1): 40-49. Doi: 10.1016/j.lrp.2017.06.007 11. Björkdahl J. Strategies for Digitalization in Manufacturing Firms. California Management Review. 2020, 62(4): 17-36. Doi: 10.1177/0008125620920349
12. Kiel D, Arnold C, Voigt KI. The influence of the Industrial Internet of Things on business models of established manufacturing companies—A business level perspective. Technovation. 2017, 68: 4-19. Doi: 10.1016/j.technovation.2017.09.003
13. Müller JM, Buliga O, Voigt KI. Fortune favors the prepared: How SMEs approach business model innovations in Industry 4.0. Technological Forecasting and Social Change. 2018, 132: 2-17. Doi: 10.1016/j.techfore.2017.12.019
14. Ancillai C, Sabatini A, Gatti M, et al. Digital technology and business model innovation: A systematic literature review and future research agenda. Technological Forecasting and Social Change. 2023, 188: 122307. Doi: 10.1016/j.techfore.2022.122307 15. Kohtamäki M, Parida V, Oghazi P, et al. Digital servitization business models in ecosystems: A theory of the firm. Journal of Business Research. 2019, 104: 380-392. Doi: 10.1016/j.jbusres.2019.06.027
16. Chanias S, Myers MD, Hess T. Digital transformation

strategy making in pre-digital organizations: The case of a financial services provider. The Journal of Strategic Information Systems. 2019, 28(1): 17-33. Doi: 10.1016/j.jsis.2018.11.003

17. Bharadwaj A, El Sawy OA, Pavlou PA, Venkatraman N. Digital business strategy: Toward a next generation of insights. Available online: http://ssrn.com/abstract=2742300https://ssrn.com/abstract=2742300. 06-2013, 37(2).
18. Piccinini E, Hanelt A, Gregory RW, Kolbe L. Transforming Industrial Business: The Impact of Digital Transformation on Automotive Organizations The Business Model Pattern Database App (www.bmp-database.com) View project. Available online: https://www.researchgate.net/publication/281855658. 18-09-2015
19. Kotarba M. Digital Transformation of Business Models. Foundations of Management. 2018, 10(1): 123-142. Doi: 10.2478/fman-2018-0011
20. Mergel I, Edelmann N, Haug N. Defining digital transformation: Results from expert interviews. Government Information Quarterly. 2019, 36(4): 101385. Doi: 10.1016/j.giq.2019.06.002
21. Krüger N, Teuteberg F. Consulting Business Models in the Digital Era. Available online: https://www.researchgate.net/publication/323639302. 08-03-2018.
22. Kronblad C, Envall Pregmark J. Responding to the COVID-19 crisis: The rapid turn toward digital business models. Journal of Science and Technology Policy Management. Published online September 22, 2021. Doi: 10.1108/jstpm-10-2020-0155
23. Warner KSR, Wäger M. Building dynamic capabilities for digital transformation: An ongoing process of strategic renewal. Long Range Planning. 2019, 52(3): 326-349. Doi: 10.1016/j.lrp.2018.12.001

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्लास्टिक मुद्रा का युवाओं पर प्रभाव – एक अध्ययन (म.प्र. के इंदौर जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. कुशल जैन कोठरी* आकांक्षा सिंह**

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (अर्थशास्त्र) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत एक विकासशील देश है। भारत में शुरूआत में वस्तु विनिमय प्रणाली द्वारा वस्तुओं तथा सेवाओं का भुगतान किया जाता था जो की कई बाधाओं से ग्रस्त था, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण था इसमें शामिल पक्षों के साथ वांछित वस्तुओं की अनुपलब्धता। इस समस्या के समाधान के रूप में मुद्रा का आविष्कार हुआ और 1920 में प्लास्टिक मुद्रा की अवधारणा को पेश किया गया। पिछले कुछ दशकों में प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग मे वृद्धि हुई है। भारत में लगभग 74 प्रतिशत जनसंख्या 44 वर्ष से कम आयु की है, जो की अधिक शिक्षित होने के कारण प्लास्टिक मुद्रा का नकद मुद्रा की तुलना में अधिक उपयोग कर रही है। यह अध्ययन इंदौर के युवा वर्ग पर प्लास्टिक मुद्रा के प्रभाव पर आधारित है। इस अध्ययन के लिए 100 उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण दैव निदर्शन विधि द्वारा किया गया है तथा प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों से आकड़ों का संकलन किया गया है। प्रस्तुत शोध के द्वारा प्लास्टिक मुद्रा का युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव तथा युवाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का अध्ययन किया गया है।
शब्द कुंजी – प्लास्टिक मुद्रा, प्रभाव, समस्या।

प्रस्तावना – उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के आगमन के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है। तकनीकी क्रांति के कारण पूरे व्यापार उद्योग में एक महत्वपूर्ण बदलावा आया है। प्लास्टिक मुद्रा नकद मुद्रा का एक विकल्प हैं। मुद्रा एक ऐसा विनिमय का माध्यम है, जो सामान्य तौर पर वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान के रूप में स्वीकार किया जाता है। शुरूआत में, वस्तु विनिमय प्रणाली द्वारा वस्तुओं तथा सेवाओं का भुगतान किया जाता था जो की कई बाधाओं से ग्रस्त था, जिसमें महत्वपूर्ण था इसमें शामिल पक्षों के साथ वांछित वस्तुओं की अनुपलब्धता। धीरे–धीरे वस्तु विनिमय प्रणाली में यह समस्याएं गंभीर हो गई। इस समस्या के समाधान की खोज करने से मुद्रा का विकास हुआ। वॉकर के अनुसार 'मुद्रा वह है जो मुद्रा करता है।' इस प्रकार 17 वीं शताब्दी में मुद्रा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया, जिसके बाद 19वीं शताब्दी के अंत में चेक का विकास हुआ। पिछले कुछ वर्षों में, मुद्रा ने अपने रूप को सिक्कों से नकद मुद्रा में बदल दिया और आज यह इलेक्ट्रानिक मुद्रा या प्लास्टिक मुद्रा के रूप में उपलब्ध हैं। प्लास्टिक की अवधारणा 1950 में पेश की गई थी और अब यह विशेष रूप से बैंकिंग क्षेत्र में समाज का एक महत्पूर्ण हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक मुद्रा ने भुगतान की पारंपरिक अवधारणा को बदल दिया है।

प्लास्टिक मुद्रा का विकास आधुनिक युग की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। नकदी के माध्यम से भुगतान की पारंपरिक प्रणाली को धीरे–धीरे प्लास्टिक मुद्रा ने प्रतिस्थापित कर दिया है। प्लास्टिक मुद्रा के अंतर्गत डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, स्मार्ट कार्ड आदि को शामिल किया जाता है। चुकीं इन कार्डों को बनाने के लिए प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है इसलिए इन्हें प्लास्टिक कार्ड के नाम से जाना जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है। युवा वर्ग द्वारा भी प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रयोग किया जा रहा है तथा वह अधिक सुविधा का अनुभव भी करता है जिस कारण से आज बैंक उपभोक्ताओं को प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करने पर जोर दे रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा भी प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने की वरीयता तेजी से बढ़ रही है।

भारत में प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग, 8 नवम्बर 2016 से सर्वाधिक बढ़ गया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार, कालाधन और जमाखोरी जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने हेतु नोटबंदी की घोषणा की जिसके कारण नकद की जगह प्लास्टिक मुद्रा के नाम से प्रसिद्ध क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड का प्रचलन तेजी से होने लगा। इस नोटबंदी ने बैंकिंग सेवा का एक नया रूप पेश किया है। विमुद्रीकरण के कारण भी प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग पर सरकार तथा बैंकों द्वारा अधिक प्रयोग पर जोर दिया गया है। **रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार** जनवरी 2018 में डेबिट कार्ड की संख्या 36.24 मिलियन है। जनवरी 2017 और 2018 के बीच भारत में 7.39 मिलियन क्रेडिट कार्ड और 28.72 मिलियन डेबिट कार्ड की वृद्धि हुई है।

भारत की कुल जनसंख्या वर्ष 2022 में, अनुमानित जनसंख्या 15.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,417,170,000 है। भारत में लगभग 74 प्रतिशत जनसंख्या 44 वर्ष से कम आयु की है, भारतीय जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा 0 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में आता है। 16.55 प्रतिशत जनसंख्या 24 से 35 वर्ग के अंतर्गत आता है तथा 14.34 प्रतिशत जनसंख्या 36 से 44 वर्ग के अंतर्गत आते है अर्थात, भारत में युवा वर्ग की जनसंख्या अधिक है जो की शिक्षित भी है। इस कारण से इस वर्ग द्वारा प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रयोग किया जा रहा होगा।

इस शोध में प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग का युवा वर्ग पर क्या प्रभाव प्रड़ता है इसका अध्ययन किया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक मुद्रा के

उपयोगकर्ताओं का आयु, आय व लिंग के आधार पर प्रभाव का अध्ययन तथा प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने वाले युवाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का भी अध्ययन किया जाएगा।

इस शोध पत्र से बैंकों के प्रबंधक (सलाहकारों) को भी लाभ होगा। प्रबंधक प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने से होने वाली समस्याओं को समझ कर उन्हें दूर करने में सफल हो सकेंगे तथा क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड में तकनिकी परिवर्तन कर सकेंगे। इस शोध से बैंकों को प्लास्टिक मुद्रा से संबंधित नयी नीतियों के निर्माण में सहायता होगी। यह शोध पत्र, भविष्य में शोधार्थी को प्लास्टिक मुद्रा से संबंधित शोध करने का आधार प्रदान करेगा।

वर्तमान समय में, इंदौर जिले में, इन तथ्यों पर शोध कार्य नहीं किया गया है इसलिए यह अध्ययन आर्थिक तथा सामाजिक रूप से प्रासंगिक है।

साहित्य की समीक्षा

अनीश बिष्ट तथा प्रवीण नायर (2015) – के अध्ययन का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक मुद्रा के प्रति उपभोक्ता की जागरूकता तथा प्लास्टिक मुद्रा की ओर उदासीनता को जानना था। अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि प्लास्टिक मुद्रा का प्रमुख लाभ, इसकी सुविधा तथा उपभोक्ताओं तक इसकी पहुँच है। शोध से यह भी परिणाम प्राप्त हुआ है कि मुद्रा की सबसे बड़ी समस्या वित्तीय संस्थानों से क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड बनाने के लिए लेन-देन संबंधी लागत और अनावश्यक औपचारिकताओं में वृद्धि है।

कोमल ढ़ांडा (2016) – यह अध्ययन मुद्रा के प्रति उपभोक्ताओं की जागरूकता को जानने पर आधारित था। इस शोध का उद्देश्य यह जानना था कि प्लास्टिक मुद्रा उपयोगकर्ताओं के लिए वरदान है या अभिशाप और नकद मुद्रा से अधिक प्लास्टिक मुद्रा की प्राथमिकता के लिए उपभोक्ता के कारणों का अध्ययन करना। शोध से स्पष्ट होता है कि उपयोगकर्ता अपने लेन-देन के लिए नकद मुद्रा से अधिक प्लास्टिक मुद्रा का उपयोगकरना पसंद करता है और प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने में संतुष्ट है। अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि उपयोगकर्ता डेबिट कार्ड का उपयोग क्रेडिट कार्ड से अधिक कर रहा है और प्लास्टिक कार्ड के लिए आगे का मार्ग भी आशावादी है।

डॉ. प्रीता लाल (2017) – के अनुसार उपभोक्ता अधिकांशत: भुगतान क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड के माध्यम से करता है। यह अध्ययन इस तथ्य पर आधारित था की प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग कैसे बढ़ाया जा सकता है? इनके शोध में प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने से उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। शोध से स्पष्ट होता है की उपयोगकर्ता प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग से जुड़े सुरक्षा प्रक्रिया से पूरी तरह से अवगत नहीं है तथा इस कारण से उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। शोध में क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड में अंतर तथा उनके प्रकारों का भी उल्लेख किया गया है।

डॉ. जयशु एन्टोनी (2018) – यह अध्ययन प्लास्टिक मुद्रा का उपभोक्ताओं के व्यय करने के स्वरूप पर आधारित है। शोध से यह ज्ञात होता है कि अधिकांशत: प्लास्टिक मुद्रा के उपयोगकर्ता की राय में प्लास्टिक मुद्रा का उनके व्यय करने के स्वरूप पर अधिक प्रभाव पड़ा है। विश्लेषण से इस तथ्य का पता चलता है कि अधिकांश उपभोक्ता नकद मुद्रा की तुलना में प्लास्टिक मनी का उपयोग करते हैं क्योंकि यह सुरक्षित है, ले जाने के लिए सुविधाजनक है और यह उन्हें अधिक क्रेडिट विकल्प देता है।

डॉ. रिचा चौहान (2018) – का उद्देश्य भारत में प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग को प्रभावित करने वाले कारकों का पता लगाना तथा शिक्षा के स्तर और प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग की बीच संबंध का अध्ययन करना था। शोध से यह परिणाम ज्ञात हुआ की शिक्षा के स्तर और प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग के बीच सकारात्मक संबंध है। प्लास्टिक मुद्रा का बढ़ता उपयोग बैंकों की आय का साधन बन गया है। प्लास्टिक मनी के इस्तेमाल से बैंक और उपभोक्ता दोनों को फायदा हुआ है।

सुखविंदर कौर (2018) – के अनुसार उपभोक्ता नकद मुद्रा के स्थान पर प्लास्टिक मुद्रा पसंद करते है और उपभोक्ता को जो अधिक लाभ प्लास्टिक कार्ड से मिलता है, वह सुविधा और इसकी पहुँच है। इनके अनुसार प्लास्टिक मुद्रा की प्रमुख समस्या, वित्तीय संस्थानों के कार्ड की खरीद के लिए बढ़ी हुई लेन-देन लागत और अनावश्यक औपचारिकताएँ है। इनके अनुसार प्लास्टिक मुद्रा का भविष्य उज्जवल है।

शिवांगी राय (2019) – के शोध का उद्देश्य प्लास्टिक मुद्रा के लाभ तथा हानी का अध्ययन करना तथा उपभोक्ता के संतुष्टि स्तर का अध्ययन करना है। शोध से यह परिणाम प्राप्त होता है की उपभोक्ता प्लास्टिक मुद्रा के सुलभ संचालन, गति, प्लास्टिक मनी के उपयोग के लाभों और प्लास्टिक मनी के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से अधिक संतुष्ट हैं। जो उपभोक्ता व्यापारी के रूप में कार्य कर रहे है या व्यवसाय कर रह हैं, वे प्लास्टिक मुद्रा का अधिक बार उपयोग कर रहे है क्योंकि उनका कार्य भी प्लास्टिक मनी के उपयोग की मांग करता है। प्लास्टिक मनी के प्रति उपभोक्ता संतुष्टि स्तर और उपभोक्ता की वार्षिक आय के बीच एक महत्वपूर्ण संबंध है।

अर्चना छटपर (2020)– शोध से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि प्लास्टिक मनी इंफ्रास्ट्रक्चर में अभी भी सुधार की आवश्यकता है और जहाँ भी संभव हो प्लास्टिक मनी का उपयोग करने का सुझाव देना चाहिए। प्लास्टिक कार्ड की सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। शोध द्वारा यह भी पाया गया है कि उपयोगकर्ता प्लास्टिक कार्ड के नियमों और शर्तों से अच्छी तरह वाकिफ नहीं है क्योंकि वे आवेदन करने से पहले नियमों को नहीं पढ़ते हैं। अंत में, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि ई-कॉमर्स की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण आने वाले वर्षों में प्लास्टिक मनी का भविष्य उज्जवल है।

डॉ. एस. हेमलता (2020) – के शोध का उद्देश्य ग्रामीण सीमांत किसानों द्वारा वरीयता दी जाने वाली भुगतान विधियों का विश्लेषण करना, प्लास्टिक कार्ड से ग्रामीण भारत में सीमांत किसानों को होने वाले संभावित लाभ का विश्लेषण करना है तथा सीमांत किसानों को प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करते समय होने वाली समस्याओं को जानना है। शोध से यह परिणाम प्राप्त हुआ की अधिकतर सीमांत किसान प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करना पसंद नहीं करते। अध्ययन में यह सुझाव दिया गया है कि सरकार को प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग के लाभ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्रामीण भारत में कई कार्यक्रम आयोजिक करने चाहिए।

डॉ. ज्योति कपूर भार्गव (2021) – के शोध में यह परिणाम ज्ञात हुआ की अधिकांश उत्तरदाता प्लास्टिक मनी का किसी न किसी रूप में उपयोग करते हैं और उनमें से कई उपयोगकर्ता वर्षों से इसका उपयोग कर रहे हैं। इनके अनुसार बहुत से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक लेन-देन कर रहे हैं क्योंकि यह सुलभ है और समय की बचत होती है।

अनुसंधान अंतराल– प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग के संबंध में, उपभोक्ताओं की पसंद और संतुष्टि के स्तर पर अध्ययन विभिन्न शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है परंतु शोधकर्ताओं के द्वारा कुछ क्षेत्रों के अध्ययन को ही शामिल

किया गया है। शोधकर्ताओं ने प्लास्टिक मुद्रा को प्रोत्साहित करने वाले कारकों, समस्याओं तथा प्लास्टिक मुद्रा से ग्रामीण भारत के सीमांत किसानों को होने वाले संभावित लाभ का विश्लेषण भी किया है परंतु प्लास्टिक मुद्रा का युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन नहीं किया गया है। युवाओं की लिंग और प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के बीच क्या संबंध है, उपभोक्ता की आय और प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के बीच क्या संबंध है तथा इंदौर जिले में प्लास्टिक मुद्रा का युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव पर शोध नहीं किया गया है।

शोध का उद्देश्य:

1. प्लास्टिक मुद्रा का युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
2. प्लास्टिक मुद्रा के उपयोगकर्ताओं का आयु, आय व लिंग के आधार पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने वाले युवाओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।

अनुसंधानकी रूपरेखा

अनुसांधन क्षेत्र – प्रस्तुत शोध मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में किया गया है। इंदौर मध्य प्रदेश राज्य का एक नगर है। जनसंख्या की दृष्टि से यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर है। मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या 2022 में **85,54,8,000** करोड़ है। यह भारत में टीयर – 2 शहरों के अंतर्गत आता है। यह मध्य प्रदेश राज्य की वाणिज्यिक राजधानी भी कहलाती है। इंदौर जिले का कुल क्षेत्रफल 3,898 वर्ग कि.मी. है तथा इंदौर की कुल जनसंख्या 1475018 है। इंदौर, मध्य प्रदेश राज्य की व्यापारिक राजधानी भी है। इंदौर व्यापार और वाणिज्य का एक जीवंत केन्द्र है। अपने व्यापार और उद्योग के कारण इंदौर, मिनी मुंबई के नाम से भी प्रसिद्ध है।

न्यादर्श का आकार – अध्ययन में, उत्तरदाताओं का चयन करने के लिए उद्देश्यपूर्ण न्यायदर्श विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यायदर्श विधि– उद्देश्यपूर्ण दैव निदर्शन विधि

न्यायदर्श आकार– 100 उत्तरदाता

अध्ययन के लिए 100 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है, जो की प्लास्टिक मुद्रा से अवगत है। शोध में उत्तरदाताओं का चयन करते समय विभिन्न कारकों जैसे आयु, लिंग, आय आदि को उचित महत्व दिया गया है।

आकड़ा संग्रह – अध्ययन के लिए प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों स्रोतों से आकड़ें एकत्रित किये गये है।

प्राथमिक स्रोत – फील्ड सर्वे के माध्यम से, उत्तरदाताओं से प्राथमिक आकड़ें एकत्र किए गए है। आकड़ों को एकत्रित करने के लिए प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है।

द्वितीयक स्रोत – द्वितीयक आकडें, प्रकाशित पत्रिकाओं, अनुसंधान कार्यों पर पुस्तकें, रिपोर्टे, प्रकाशन आदि से एकत्र किया गया है। इंटरनेट सेवाओं का उपयोग भी विभिन्न वेबसाईट के माध्यम से नवीनतम जानकारी प्राप्त करने के लिए किया गया है।

डेटा विश्लेषण – डेटा विश्लेषण करने के लिए, निम्नलिखित तकनीकों का प्रयोग किया गया है–

सारणी, दण्ड चित्र, वृतीय चित्र

आकड़ों का विश्लेषण–

उत्तदाताओं की आयु

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
18–25 तक की आयु	25	25	25
26–35 तक की आयु	40	40	65
36–45 तक की आयु	35	35	100
कुल योग	100		

स्रोत– सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है अधिकांश युवा 26 से 35 आयु तक के है जिनकी संख्या 40 है। आयु का भी प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग पर प्रभाव पड़ता है। तालिका से स्पष्ट होता है की 26 से 35 आयु के युवा प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रयोग करते है। 36 से 45 आयु तक के उपयोगकर्ताओं की संख्या 35 है।

उत्तरदाताओं की लिंग	**आवृति**	**प्रतिशत**	**संचयी आवृति**
स्त्री	35	35	35
पुरूष	65	65	100
कुल योग	100		

स्रोत– सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है की, स्त्रियों की तुलना में पुरूषों की संख्या अधिक है जो प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करते है। स्त्रियों की संख्या 35 है जबकि पुरूषों की संख्या 65 है। प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग पुरूष और महिलाएं दोनों कर रहे हैं। स्त्रियों द्वारा प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग ऑनलाइन खरीदारी के लिए किया जा रहा है।

उत्तरदाताओं की शैक्षिक योग्यता –

	आवृति	**प्रतिशत**	**संचयी आवृति**
उच्च माध्यमिक	3	3	3
स्नातक	65	65	68
स्नातकोत्तर	27	27	95
अन्य	5	5	100
कुल योग	100	100	

स्रोत- सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त आलेख से स्पष्ट है की अधिकांश युवाओं की शैक्षिक योग्यता स्नातक तक की है जो की 65 प्रतिशत है। प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग पर शिक्षा का भी अधिक प्रभाव पड़ता है। उच्च शिक्षा प्राप्त युवा द्वारा प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रयोग किया जा रहा है। पढ़े-लिखे उपभोक्ताओं को, प्लास्टिक मुद्रा से संबंधित कठीन शब्दावली को समझने में कठीनाई नहीं आती है।

उत्तरदाताओं का व्यवसाय -

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
विद्यार्थी	21	21	21
गृहिणी	13	13	34
निजी क्षेत्र में कार्यरत	38	38	72
सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत	19	19	91
व्यवसायी	9	9	100
कुल योग	100	100	

स्रोत- सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है कि अधिकांश युवा निजी क्षेत्र में कार्यरत है जिनकी संख्या 38 प्रतिशत है। सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत युवाओं की संख्या 19 प्रतिशत है। उपभोक्ता के व्यवसाय का भी प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग पर प्रभाव पड़ता है। उपभोक्ता के व्यवसाय तथा प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के मध्य सकारात्मक संबंध है।

उत्तरदाताओं की वार्षिक आय -

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
100000 से कम	4	4	4
100000 से 300000 के मध्य	13	13	17
300000 से 600000 के मध्य	36	36	53
600000 से 900000 के मध्य	23	23	76
900000 से 1000000 के मध्य	17	17	93
1000000 से अधिक	7	7	100
कुल योग	100	100	

स्रोत -सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की, उत्तरदाताओं में से 36 प्रतिशत उत्तरदाता 300000 से 600000 रूपये के मध्य की वार्षिक आय अर्जित कर रहे है। 23 प्रतिशत उत्तरदाता 600000 से 900000 रूपये के मध्य, 17 प्रतिशत उत्तरदाता 900000 से 1000000 रूपये के मध्य तथा केवल 4 प्रतिशत उत्तरदाता 1000000 रूपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रहे है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड के प्रकार

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
क्रेडिट कार्ड	29	29	29
डेबिट कार्ड	58	58	87
दोनों	13	13	100
कुल योग	100	100	

स्रोत -सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है। 100 उत्तरदातों में से 58 प्रतिशत उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है, 29 प्रतिशत उत्तरदाता क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कर रहे है और केवल 13 प्रतिशत उत्तरदाता ही क्रेडिट तथा डेबिट कार्ड दोनों का प्रयोग कर रहे है।

अत: ये स्पष्ट है की उत्तरदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड का डेबिट कार्ड की तुलना में कम प्रयोग किया जा रहा है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले बैंक

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
सरकारी बैंक	34	34	34
निजी बैंक	66	66	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है कि 100 में से 66 प्रतिशत उत्तरदाता निजी बैंक को अधिक वरीयता दे रहे है। 34 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा सरकारी बैंक का उपयोग किया जा रहा है। त्वरित निर्णय, बेहतर संचार तथा सेवाओं के कारण निजी बैंकों द्वारा जारी प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग उत्तरदाताओं द्वारा अधिक किया जा रहा है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड का उद्देश्य

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
उपयोगिता बिल का भुगतान करने के लिए	09	09	09
ए.टी.एम. से नकद निकालने हेतु	66	66	75
ऑनलाइन पेमेंट के लिए	09	09	84
यात्रा करते समय	08	08	92
विलासिता वस्तुओं का	04	04	96
भुगतान करते समय			
अन्य उपयोग	04	04	100
कुल योग	100	100	

स्रोत –सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता (66 प्रतिशत) नकद निकासी के लिए प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग कर रहे हैं। उपयोगिता बिल, फीस का भुगतान करने के उद्देश्य से केवल 9 प्रतिशत उत्तरदाता ही प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग कर रहे है। 9 प्रतिशत उत्तरदाता ऑनलाइन भुगतान के लिए कार्ड का उपयोग कर रहे है। केवल 4 प्रतिशत उत्तरदाता ही यात्रा करते समय प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है।

अत: स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता नकद निकासी तथा उपयोगिता बिल, फीस का भुगतान करने के उद्देश्य से प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करना पसंद करते है।

उत्तरदाताओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कार्ड का कारण

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
चोरी या हानी का जोखिम कम से कम होना	43	43	43
क्रय शक्ति (वस्तुओं के क्रय की सुविधा)	15	15	58
भ्रष्टाचार, कालाधन तथा जमाखोरी जैसी समस्याओं मे कमी	12	12	70
भविष्य में भुगतान की सुविधा	22	22	92
अन्य कारण	8	8	100
कुल योग	100	100	

स्रोत–सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा के चोरी या हानी का जोखिम कम होने के कारण प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है। प्लास्टिक मुद्रा की तुलना में नकद मुद्रा के चोरी होने का जोखिम अधिक होता है। प्लास्टिक मुद्रा का, भविष्य में भुगतान की सुविधा होने के कारण 100 मे से 22 प्रतिशत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है। 15 प्रतिशत उत्तरदाता क्रय शक्ति के कारण प्लास्टिक मुद्रा का प्रयोग करना पसंद करते है। भ्रष्टाचार, कालाधन तथा जमाखोरी जैसी समस्याओं में कमी करने के कारण 12 प्रतिशत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का प्रयो करते है।

अत: स्पष्ट है की अधिकांश उत्तरदाता (100 में से 43 प्रतिशत) प्लास्टिक मुद्रा के चोरी या हानी का जोखिम कम होने के कारण प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करते है।

प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग के प्रति उत्तरदाताओं द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएं

	आवृति	प्रतिशत	संचयी आवृति
विश्वास की कमी	14	14	14
उपयोग और व्यय की अधिकता की समस्या	45	45	59
ज्ञान की कमी	07	07	66
शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव	03	03	69
कठीन शब्दावली की समस्याएं	09	09	78
कार्ड की धोखाधड़ी की समस्याएं	22	22	100
कुल योग	100	100	

स्रोत–सर्वेक्षण पर आधारित समंक



उपरोक्त तालिका तथा वृत्त से स्पष्ट है की प्लास्टिक मुद्रा का उपयोग करने में उत्तरदाताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे प्रमुख समस्या उपयोग तथा व्यय की अधिकता है। 100 में से 45 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है की क्रेडिट तथा डेबिट का वे अधिक उपयोग करते है जिसके कारण अधिक खर्चे हो रहे है तथा अधिक व्यय हो रहा है। 22 प्रतिशत उत्तरदाता को प्लास्टिक मुद्रा के धोखाधड़ी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। 9 प्रतिशत उत्तरदाता को कठीन शब्दावली की समस्या हो रही है। केवल 3 प्रतिशत उत्तरदाताओं को शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव के कारण समस्या हो रही है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध प्रत्येक क्षेत्र के लिए सहायक होगी। मुख्यत: सरकार, सार्वजनिक बैंक, निजी बैंक, प्लास्टिक मुद्रा का अधिक प्रभाव पड़ा है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश उत्तरदाता क्रेडिट कार्ड की तुलना में डेबिट कार्ड का उपयोग करते है। 100 में से 58 प्रतिशत उत्तरदाता डेबिट कार्ड का उपयोग कर रहे है। डेबिट कार्ड के, क्रेडिट कार्ड की तुलना में अधिक प्रयोग करने का मुख्य कारण नकद निकासी की सुविधा तथा क्रेडिट कार्ड के उपयोग के प्रति ज्ञान की कमी है। अध्ययन से यह भी परिणाम प्राप्त हो रहा है की उत्तरदाता के लिंग, आय तथा व्यवसाय का और प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग के मध्य सकारात्मक संबंध है। जो उत्तरदाता विद्यार्थी तथा गृहणी है, उनकी तुलना में निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत उत्तरदाता प्लास्टिक मुद्रा का अधिक उपयोग कर रहे है। प्लास्टिक मुद्रा के प्रयोग द्वारा कई समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है जिनमें सबसे प्रमुख समस्या उपयोग और व्यय की अधिकता की समस्या, ज्ञान की कमी, शुल्क/प्रभार/बिलिंग आदि में पारदर्शिता का अभाव, कार्ड की धोखाधड़ी की समस्याएं शामिल है। यदि बैंकों द्वारा इन प्रमुख समस्याओं को कम कर दिया जाए तो प्लास्टिक मुद्रा के उपयोग का प्रतिशत और अधिक बढ़ सकता है। सुषमा पाटिल (2014) के अनुसार प्लास्टिक मुद्रा का भविष्य बैंकों द्वारा प्लास्टिक कार्ड के उपयोग पर दिए जाने वाले लाभ तथा सुविधा पर निर्भर कर है। इस प्रकार स्पष्ट है की युवा वर्ग को प्लास्टिक मुद्रा से संबंधित कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तथा ऐसे में युवा वर्ग को प्लास्टिक मुद्रा की तरफ मोड़ना बहुत बड़ी चुनौती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Anisha Bisht, Praveen Nair (2015). Analysis of the use of plastic money: a boon or a bane. SIMS Journal of Management Research, Volume no. 1, 2015.
2. Dhanda,Komal(2016), "Plastic cards: a blessing or a curse", International Journal of Engineering Technology and Applied Sciences, Volume 4,Issue10,ISSN 2349-4476. www.ijetmas.com
3. Lall.Preeta(2017), "An analysis of the use of plastic money in chattisgarh". GLOBAL JOURNAL OF MULTIDISCIPLINARY STUDIES ISSN: - 2348-0459 Volume-6, Issue-5, April 017 Impact Factor: 2.389 www.gjms.co.in
4. Antony, Dr. Jaishu (2018)," A Study on the Impact of Plastic Money on Consumer Spending Pattern", Global Journal of Management and Business Research : G Interdisciplinary, Volume 18 Issue 3 Version 1.0 Year 2018
5. Chouhan,Dr.Richa(2018), "Study of factors affecting use of plastic money in India",Inspira-Journal of modern management &entrepreneurship(JMME), April2018, PP.205-208
6. Kaur,Sukhwinder(2018), "Relevance of plastic money, study based on Fridkot Dist.(pb)", Vol.6,Issue3, ISSN. 2321-9939
7. Rai,Shivangi(2019), "A study of customer's satisfaction towards plastic money in Bhopal(M.P)", International journal of managemaent and engineering, Vol.9, Issue:5May,2019,ISSN:2249-0558, Impact factor:7.119
8. Chhatpar,Dr.Archana(2020), "An analytical study on the use of plastic money with respect to Pune city", Journal of Emerging Technologies & Innovative Research (JETIR), October2020, Volume:7, Issue 10, ISSN: 2349-5162 www.jetir.org
9. Hemalatha,Dr.S(2020), "Impact of usage of plastic money in rural India",Engineering and Management, March-April 2020, ISSN:0193-4120, Page No.8695-8700
10. Bhargava,Dr.Jyoti Kapoor(2021), "An analytic study of the plastic money in India:, International Journal of Education, Modern Management, Applied Science & Social Science(IJEMMASSS), issn:2581-9925, Impact Factor: 6.340, Volume 03,No. 02(I), April-June,2021, PP.38-44
11. IIndia Population Statistics 2022 | Current Population of India – The Global Statistics – The Data Experts | Statistical Data Reports
12. Sandeepverma, 14 march,2018.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पर्यटन के संदर्भ में मैनपाट का भौगोलिक विश्लेषण

डॉ.के.सी गुप्ता*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – आज मानव ने सभी क्षेत्र में प्रगति की है। प्राकृतिक संसाधनो का भरपूर दोहन कर सम्पूर्ण विश्व आर्थिक विकास के होड़ में लगा है। एक तरफ प्राकृतिक संसाधनो का दोहन और दूसरी तरफ अत्यधिक अर्जित करने का तनाव मानव जीवन को अवसादग्रस्त कर दिया है। फलस्वरूप अशांति और कई प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों से मनुष्य जूझ रहा है। उससे मानव जीवन की गुणवत्ता में कमी आई है। ऐसे में प्रकृति प्रदत्ता मनोरम स्थलों का महत्व और बढ़ जाता है क्योंकि जंगल, नदी, झरने, पहाड़, जीव-जन्तु और ऐतिहासिक, पुरातात्विक धार्मिक स्थल मानव मन को शांति और ज्ञान प्रदान करते हैं। इसलिए आज मनुष्य ऐसे जगहों की तलाश करता है जिससे पर्यटन का महत्व दिनोदिन बढ़ता जा रहा है।

भारत में अनेक विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। यहाँ पर्यटन से कुल 42 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। 2019 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का लगभग 9.3% एवं 2022 में 201.37 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान था। पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस को 'ग्रामीण और सामुदायिक केन्द्रित पर्यटन' के रूप में समर्पित किया। इस प्रकार 2023 का थीम 'पर्यटन और हरित निवेश' रहा। 2024 में 'सतत यात्राएं, कालातीत यादें' थीम रखकर यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।

अध्ययन क्षेत्र – अध्ययन क्षेत्र मैनपाट छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित है जो विंध्याचल पर्वत का हिस्सा है। यह एक हिल स्टेशन है जिसे छत्तीसगढ़ का शिमला कहा जाता है। यह $22^{0}49'$ उत्तरी अक्षांश से $22^{0}81'$ उत्तरी अक्षांश तथा $83^{0}16'$ पूर्वी देशांतर से $83^{0}28'$ पूर्वी देशांतर के बीच अवस्थित है। इसका क्षेत्रफल 68 वर्ग किमी है। यह समुद्र तल से 1085 मीटर ऊँचा है। प्रकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण मैनपाट अम्बिकापुर से 75 की.मी. की दूरी पर स्थित एक गाँव है। जनगणना 2011 के अनुसार मैनपाट तहसील की कुल जनसंख्या 76573 है।

अध्ययन का उद्देश्य – अध्ययन क्षेत्र मैनपाट प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर है। यह एक पर्यटन स्थल है जहाँ प्रतिवर्ष पर्यटक आते हैं। इस अध्ययन में यहाँ के पर्यटन स्थलों को रेखांकित कर पर्यटकों को आकर्षित करना है। यहाँ का भौगोलिक परिवेश विविधता लिए हुए है जिसका पर्यटन के संदर्भ में विश्लेषण कर पर्यटन के मानचित्र में इसे नयी पहचान देना है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन मुख्यत: स्वयं के पर्यवेक्षण पर आधारित है। जिसमें प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

मैनपाट का भौगोलिक विश्लेषण

1. **धरातलीय स्वरूप एवं भूगर्भिक संरचना –** यह एक पाट प्रदेश है। ऊँचे पहाड़ी एवं पठारी भागों से सुसज्जित, यह भाग छुरी उदयपुर की पहाड़ियों से लगा हुआ है। यहाँ से मांड एवं रिहन्द नदियाँ निकलती हैं।

इसकी भौगोलिक संरचना दक्कन ट्रेप की चट्टानों से हुई है। यहाँ की धरातलीय बनावट पर्यटन हेतु लोगों को आकर्षित करते हैं।

प्रवाह प्रणाली– मैनपाट से निकलने वाली प्रमुख नदियां मांड एवं रिहन्द हैं। मांड,महानदी की सहायक नदी है। इसका उदगम सरगुजा जिले के मैनपाट के निकट की पहाड़ियाँ हैं। इसकी लंबाई 241 किमी है। यह रायगढ़ एवं जांजगीर-चांपा जिले मे प्रवाहित होती है तथा छत्तीसगढ़ के शक्तिपीठ चन्द्रपुर के निकट महानदी में मिल जाती है। कुरकुर और कोईराज इसकी सहायक नदियाँ हैं जिनके प्रवाह मार्ग में अनेक सुंदर प्राकृतिक दृश्य हैं।

रिहन्द नदी का उदगम सरगुजा के अम्बिकापुर तहसील के मतिरिंगा पहाड़ी से हुआ है। छत्तीसगढ़ में यह 145 किमी लंबाई में प्रवाहित होती है। इसे रेर, रेहर, रेणुका, रेणु आदि नामों से जाना जाता है। उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा के बीच रिहन्द बांध का निर्माण किया गया है। यह नदी उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिल जाती है। ये दोनों नदियाँ मैनपाट के प्राकृतिक सौन्दर्य को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जलवायु– यहाँ उष्ण कटिबंधीय मानसूनी प्रकार की जलवायु पायी जाती है। छत्तीसगढ़ की तरह यहाँ भी ग्रीष्म,वर्षा और शीत वस्तुएं पायी जाती-हैं किन्तु यहाँ ग्रीष्म ऋतु का तापमान $32^{0}c$ से $40^{0}c$ तक पाया जाता है। जो छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों से कम है। अत: यहाँ ग्रीष्म ऋतु में पर्यटन हेतु अनुकुल वातावरण रहता है। मैनपाट में वर्षा ऋतु एवं शीत ऋतु का वातावरण अत्यंत सुखद और मनोहारी होता है। यहाँ शीत ऋतु का तापमान बहुत कम होता है,जिससे कभी-कभी बर्फ की हल्की चादरें बिछ जाती है। यह पर्यटकों को आकर्षित करता है।

प्राकृतिक वनस्पति – यहाँ पतझड़ वाले वन पाये जाते हैं। यहाँ साल वनों की अधिकता है। यह क्षेत्र औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों के लिए प्रसिद्ध है जहाँ शतावर,शफेद मूसली,काली मूसली, ब्राम्हीं,भुई आंवला,बच,पाताल कुम्हड़ा,भुईनीम,बच आदि पाये जाते हैं। मैनपाट का लगभग 38% भाग पर वन पाये जाते हैं जो यहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य को बढ़ाते हैं।

मृदा– मैनपाट की रचना ज्वालामुखी उदभेदन से हुई है। यहाँ पायी जाने वाली मिट्टी को मैन मिट्टी के नाम से जाना जाता है, इस कारण इस प्रदेश का नाम मैनपाट पड़ा। यहाँ की मिट्टी में एल्युमिना की मात्रा पायी जाती है। यहाँ अधिकांश भाग पर लेटेराईट मिट्टी पायी जाती है। जिसका रंग लाल होता है।

इससे यहाँ की एक अलग पहचान बनती है।

वन्यजीव एवं पशुपक्षी – मैनपाट क्षेत्र के 38% भाग पर वनों का विस्तार है जहाँ सुरक्षित वातावरण होने के कारण बंदर, तेंदुआ, भालू, जंगली सूअर,चीतल,खरगोश आदि वन्य जीव एवं अनेक प्रकार के पशु-पक्षियाँ पाये जाते हैं। यहाँ वनों में दुर्लभ प्रजाति के पामेरियन कुत्तो और गौरैया पक्षी भी देखे जा सकते हैं।

विशिष्ट कृषि स्वरूप – मैनपाट छत्तीसगढ़ में एक अलग कृषि स्वरूप एवं फसलों के लिए जाना जाता है। यहाँ तिब्बतियों द्वारा टाऊ की खेती का प्रसार किया गया था। दूर-दूर तक फैले टाऊ के खेत मनोरम दृश्य उपस्थित करते हैं। राऊ से मैदा बनाया जाता है। यह क्षेत्र आलू के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है । स्ट्रॉबेरी,नाशपाती,अमरूद,अनार एवं चेरी के लिए यहाँ की जलवायु उपयुक्त है। यहाँ मिलेट्स अनाज जैसे मक्का, कोदो-कूद की खेती की जाती है।

खनिज पदार्थ – मैंनपाट पूरे छत्तीसगढ़ में बॉक्साइट उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। बॉक्साइट का खनन सी एम-डी-सी द्वारा किया जाता है।

मैनपाट के पर्यटन स्थल

उल्टा पानी – यह मैनपाट का सबसे कौतूहलवर्धक स्थल है। पर्यटक सबसे पहले उल्टा पानी जाने को उत्सुक रहते हैं। यहाँ पानी उपर की ओर बहता दिखाई देता है। यह बिसरपानी गाँव में स्थित है इसलिए इसे बिसरपानी के नाम से जाना जाता है। उल्टा पानी का उदगम पत्थर के नीचे से हुआ है। यह 185 मीटर की दूरी तक प्रवाहित होता है। यहाँ पर भू -चुंबकीय क्षेत्र है जहाँ गाड़ी को न्यूट्रल पर खड़ी कर देने पर गाड़ी स्वत: आगे बढ़ने लगती है। यह एक आश्चर्यजनक स्थल है। यहाँ अनेक विद्वानों और शोधकर्ताओं और देश के प्रमुख टीवी चौनलों के पत्रकारों का भी आगमन हो चुका है।

दलदली – दलदली भी मैंनपाट का एक आश्चर्यजनक एवं मनोरंजक स्थल है। यहाँ उछलने से भूमि भी उपर उछलती है। पर्यटक यहाँ पर उछल-उछल कर आनंद लेते हैं। यहाँ सभी उम्र के पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है।

मेहता पोईंट – मैनपाट से 8 किमी की दूरी पर उंची पर्वतीय शृंखलयों के बीच एक खूबसूरत झरना है। मेहता संस्कृत के महिता से लिया गया है जिसका अर्थ 'प्रशंसित' या महान है। यहाँ पर्यटकों के ठहरने के लिए वन विभाग का विश्रामगृह उपलब्ध है।

टाइगर पोईंट – यहाँ कई बार टाईगर देखा जाता है इसलिए इसे टाइगर पोईंट कहा जाता है। यहाँ 30 मीटर की ऊंचाई से एक झरना गिरता है। यहाँ पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। सघन वनों के बीच स्थित मनोरम स्थल में बहुत अधिक बंदर देखे जा सकते हैं।

बौद्ध मंदिर- मैनपाट में बौद्ध धर्म को मानने वालों की संख्या 967 है। यहाँ तिब्बती लोग आकर बस गए हैं। जहाँ बौद्ध वास्तुकला से निर्मित बौद्ध मंदिर छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है। इस मंदिर में पूजन-अर्चन करने से शांति का अनुभव होता है। धर्मप्रिय पर्यटकों के लिए यह आध्यात्मिक स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मछ्ली प्वाईंट- मछ्ली प्वाईंट मैनपाट का अत्यंत मनोरम स्थल है । यहाँ एक खूबसूरत झरना है जिसके नीचे रंग-बिरंगी मछलियाँ देखी जा सकती है। पहाड़ों और जंगलों के बीच स्थित यह स्थल पर्यटकों को आकर्षित करता है ।

परपटिया – परपटिया मैनपाट से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्थित है । जहां अस्त होते हुए सूरज की अलौकिक सुन्दरता मन मोह लेता है । घुमावदार पहाड़ियों एवं सघन वनों से आच्छादित यह क्षेत्र प्रकृति की अनमोल उपहार है ।

निष्कर्ष – छत्तीसगढ़ के शिमला के नाम से विख्यात मैनपाट अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं मनभावन जलवायु के कारण स्थल को शासन द्वारा संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना अवश्यक है। यह स्वास्थ्यवर्धक 'हिल स्टेशन' है जहाँ सुविधाएं उपलब्ध कराकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।इसके अलावा यहाँ सुंदर प्रजातियों के फूल-पौधों का रोपण कर यहाँ की सुंदरता में चार चाँद लगाया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वयं का पर्यवेक्षण
2. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला सरगुजा
3. Statista.com 2024
4. https://utsav.gov.in
5. https://www.chhattisgarhtourism.in
6. https://www.applive.com
7. स्थानीय लोगों एवं बौद्ध मंदिर के प्रमुख से साक्षात्कार

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव : झाबुआ जिले के विशेष सन्दर्भ में

राधुसिंह भूरिया* डॉ. आर.आर. गोरास्या**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह–प्राध्यापक, शासकीय माधव कला वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आधुनिक तकनीकी के अधिक प्रयोगों से अध्ययन क्षेत्र में कृषि उत्पादन में विगत वर्षों के अन्तर्गत वृद्धि हो रही है। भारत में भी स्वतंत्रता के बाद हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप 1997 में खाद्यान्न की कमी की समस्या का निवारण कर भारत खाद्यान्नों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ। बढ़ती जनसंख्या के सन्दर्भ में आत्मनिर्भर होना खाद्यान्नों के अधिक उत्पादन के साथ प्रगति का परिचायक हुआ। खाद्यान्नों में अधिक उत्पादन हेतु सिंचाई के साधन, रासायनिक उर्वरक, कीटाणु नाशक एवं यंत्रों का उपयोग विगत वर्षों से निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है, परन्तु इनके प्रयोग से भविष्य में पर्यावरण पर इसका प्रभाव पड़ने की पूर्ण सम्भावना है।

शब्द कुंजी – आधुनिक कृषि, कीटनाशक, रासायनिक उर्वरक, पारिस्थितिकी।

प्रस्तावना – आधुनिक कृषि पद्धतियों से भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण कीटनाशकों एवं रासायनिक उर्वरकों का अधिक प्रयोग होने से किसानों द्वारा फसलों में होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए अनेक प्रकार के घातक रसायनों का छिड़काव किया जाता है। इस छिड़काव के दौरान इन रसायनों की कुछ मात्रा वायुमण्डल में प्रवेश कर जाती है जिसका अत्यंत घातक प्रभाव जीवों एवं कृषि पर पड़ता है। आधुनिक कृषि हेतु उपलब्ध भूमि अत्यंत सीमित क्षेत्र में बची हुई है। इसे बढ़ती हुई जनसंख्या के भरण–पोषण के लिए सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया। इसी प्रकार भारत में हरित क्रान्ति के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण को महत्व दिया गया जिसमें कृषकों को रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों एवं बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। इससे कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है।

जनसंख्या वृद्धि और विदेशी पूंजी की आवश्यकताओं ने भारतीय किसानों को कृषि विकास के लिए बाध्य किया। इससे खाद्यान्नों के उत्पादन में तो अवश्य वृद्धि आई है, परन्तु पर्यावरण में गिरावट देखी गई। कृषि का चरागाह जंगल और पहाड़ियों तक अतिक्रमण हो रहा है। इससे पहाड़ी भागों में पर्यावरणीय परिवर्तन उत्पन्न हुए हैं। इन क्षेत्रों में मिट्टी का कटाव (अपरदन), जलावरोध आदि जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं। वनों को खेतों के लिए पेड़ों को काटे जाने से पर्यावरण में बदलाव उत्पन्न हुआ। भविष्य में इन क्रियाओं का स्थानीय प्रभाव इतना विस्तृत हुआ है कि बायोमास बड़े पैमाने पर नष्ट–भ्रष्ट हो जाने से जलवायु परिवर्तन आए है, जो चिंता का विषय है। पेटलावद, रामा व अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में खेती के विकास के लिए वनों की कटाई से पहाड़ियों की सतह से मिट्टी अपरदन व जल प्रबंधन व जल प्रबंधन की समस्याएं बढ़ गई हैं।

HYY के अपनाने और चावल गेहूं की अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में कृषि के कारण सिंचाई तथा रासायनिक उर्वरक के अधिक प्रयोग से मिट्टी के रासायनिक गुणों में ही बदलाव उत्पन्न हो गया है। इससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति ही क्षय हो गई है। अत: अनियंत्रित गहरी सिंचाई, क्षेत्र में स्वास्थ्य समस्या को जन्म देती है।

अध्ययन क्षेत्र का विस्तार – अध्ययन क्षेत्र का अक्षांशीय एवं देशांतरी विस्तार 22°24' से 23°53' उत्तरी अक्षांश तथा 73°30' से 75°30' पूर्वी देशांतर के बीच स्थित है। यह एक आदिवासी जनसंख्या बहुल जिला है। इसके पूर्व में धार, उत्तर में रतलाम, दक्षिण में आलीराजपुर जिले की सीमा एवं पश्चिम में गुजरात राज्य की सीमा लगी है।

शोध अध्ययन का उद्देश्य :

1. आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों आदि के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. आधुनिक कृषि तकनीकों का अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की प्रविधि – शोध कार्य में आधुनिक कृषि एवं तकनीकों का उपयोग एवं रासायनिक उर्वरकों जैसे तथ्यों का विश्लेषण करने के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक एवं समाचार पत्र–पत्रिकाओं से संकलित आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

आधुनिक कृषि का पर्यावरण पर प्रभाव – अध्ययन क्षेत्र में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1025048 दर्ज की गई है जबकि इसके सापेक्ष कृषि हेतु उपलब्ध भूमि झाबुआ जिले में अत्यंत सीमित है। इस विशाल जनसंख्या की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् से ही आदिवासी किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में हरित क्रान्ति के अन्तर्गत कृषि में आधुनिकीकरण को प्राथमिकता दी गई जिसमें कृषकों को खाद, बीज, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया परन्तु उसके नकारात्मक परिणाम हमें पर्यावरण पर दुष्प्रभाव के रूप में देखने को मिलते हैं। कृषि विकास के लिए निरन्तर विस्तार के कारण वनों को काटा गया। इसका प्रभाव हमें जलवायु परिवर्तन के रूप में देखने को मिलता है।

कृषि के आधुनिकीकरण के कारण पर्यावरण पर अनेक गम्भीर नकारात्मक प्रभाव पड़े। इन प्रभावों का विस्तृत विवेचन किया गया है।

1) जलवायु का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में कृषि को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक जलवायु है, परन्तु जलवायु स्वयं भी कृषि के आधुनिकीकरण से प्रभावित होती है। जलवायु के विभिन्न तत्व वायुदाब, वर्षण, वायु की दिशा व गति और संघनन आदि से किसी न किसी रूप में कृषि प्रभावित होती है।

2) मिट्टी का प्रभाव : मिट्टी और कृषि आधुनिक कृषि का परस्पर सम्बन्ध है। जहां एक ओर मिट्टी रासायनिक उर्वरकों के कारण प्रभावित होती हैं, वहीं दूसरी ओर कृषि भी मिट्टी की गुणवत्ता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है। किसी क्षेत्र में निरन्तर एक ही प्रकार की कृषि करने से उस क्षेत्र में मिट्टी के पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। इसी प्रकार खेती में अत्यधिक सिंचाई के कारण भूमि में विद्यमान तत्वों की कमी भी हो जाती है जिससे मिट्टी ऊसर हो जाती है।

3) वनस्पति का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में जहां वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र का विस्तार हो रहा है वहां पहले प्राकृतिक वनस्पति से आच्छादित क्षेत्रों में वनों को काटकर समतल एवं कृषि कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। कालान्तर में यह सभी वन क्षेत्र सघन कृषि क्षेत्र में परिवर्तित हो गए। अध्ययन क्षेत्र में रामा एवं पेटलावद के आसपास के वन क्षेत्र को कृषि क्षेत्र में सम्मिलित किया गया है।

4) जल संसाधन पर प्रभाव : आधुनिक कृषि की सम्पूर्ण अवधारणा जल संसाधनों पर ही आधारित है क्योंकि अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों के बीज इन्हीं क्षेत्रों में अपेक्षित उत्पादन देते हैं, जहां-जहां सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होती है। कृषि उत्पादन करने के लिए अधिक खाद बीजों का प्रयोग किया जाता है। यथा रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक आदि इस आधार पर है कि आधुनिक कृषि का वर्तमान जल संसाधन के रूप में प्रभावित करता है।

5) उन्नत बीजों का प्रभाव : अध्ययन क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए समुन्नत बीजों के उपयोग का प्रमुख योगदान रहा है। इन बीजों के उपयोग से कृषि उत्पादन में वृद्धि तो की जा सकती है परन्तु उनका प्रभाव से मिट्टी की उर्वरता में कमी भी हो सकती है। इनके प्रयोग से पौधों की जैविक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन भी किया जा सकता है।

6) कीटनाशकों का प्रभाव : उन्नत बीजों के अधिकतम लाभ के लिए रासायनिक उर्वरकों का उपयोग आवश्यक या वास्तव में यह हरित क्रान्ति का अभिन्न अंग था। स्वतंत्रता के बाद देश में उर्वरकों का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा जैसे बीज सिंचाई तथा उर्वरकों के बढ़ते उपयोग के साथ कृषि की आधुनिक विधि का भी प्रचलन बढ़ा है। कीटनाशक, रोगनाशक तथा खरपतवार नाशक रसायनों का उपयोग भी बढ़ा है।

7) रासायनिक उर्वरकों का पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव : रासायनिक उर्वरक के विपरीत प्रभावों से किसान चिंतित हैं। वे क्षेत्र जहां भूमि का उपयोग गेहूं, चावल, गन्ना के संयोजन कृषि में हुआ है। यहां किसानों को रासायनिक उर्वरक के अधिक प्रयोग के कारण हानि का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण ही अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से ही पश्चिमी आदिवासी क्षेत्र में प्रतिवर्ष अधिक उर्वरक सिंचाई व दवाओं के छिड़काव से मिट्टी में निरन्तर गिरावट आती जा रही है। पर्यावरणीय व अन्य समस्याएं कृषि विकास का परिणाम है। वे साधारणत: मानसिक तनाव सहित स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव डालती है। वायु एवं जल के प्रदूषण से ग्रसित श्रमिकों का जन-जीवन, कार्यक्षमता, सुख-समृद्धि सभी प्रभावित हुआ है और उनका आर्थिक व सामाजिक जीवन स्तर गिरा है। कृषि को समय-समय पर बुरे दिन भी देखने पड़ते हैं। कभी प्राकृतिक आपदाओं के कारण, कभी तकनीकी द्वारा उत्पन्न बेराजगारी से और कभी पर्यावरणीय प्रदूषण से ग्रसित किसान इच्छित कृषि उत्पादन नहीं कर पाता है। विकसित देशों जैसे संयुक्त राज्य जर्मनी, जापान, आदि की तुलना में भारत में उत्पादकता बहुत कम है और प्रदेश में भी इस दृष्टि से भिन्नताएं हैं। यहां लघु स्तर पर प्रदेशवार समस्याओं का अध्ययन कर दीर्घकालिक सकल एक मुश्त योजना बनाने की आवश्यकता है जिससे प्रति इकाई क्षेत्र में सभी फसलों का उत्पादन बढ़ सके। योजनाएं पर्यावरण के अनुरूप होनी चाहिए जो कृषि पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखे। कृषि को स्थायित्व और उत्पादक बनाए रखने के लिए उसका समय-समय पर मूल्यांकन करने की भी आवश्यकता है।

निष्कर्ष – उपर्युक्त आधुनिक कृषि से स्पष्ट होता है कि जैसे-जैसे कृषि के अन्तर्गत आधुनिक कृषि का समावेश होता जा रहा है, उसका प्रभाव पर्यावरण पर भी पड़ता है। आधुनिक कृषि के कारण जहां एक ओर जलवायु परिवर्तन एक गम्भीर समस्या के रूप में सामने आया वहीं अधिक और वैज्ञानिक ढंग से रासायनिक उर्वरकों के अधिक उपयोग एवं सिंचाई के कारण कृषि उत्पादन क्षमता भी प्रभावित हुई है। सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिए जिस प्रकार बांधों, नहरों और तालाबों का निर्माण के लिए वनों को काटा गया है, उसने पर्यावरण निम्नीकरण की समस्या को और अधिक बढ़ा दिया है। इसी प्रकार सिंचाई हेतु निरन्तर भू-जल का दोहन भूजल स्तर में गिरावट का प्रमुख कारण बन गया है।

सिचाई सुविधाओं के विकास के लिए जिस प्रकार बहुद्देशीय परियोजनाओं जैसे बांधों, नहरों और तालाबों के निर्माण के लिए वनों को काटा गया है, उसने पर्यावरण पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। इसी प्रकार सिंचाई हेतु निरन्तर भू-जल दोहन, भू-जल अध्ययन क्षेत्र में विगत वर्षों में भूजल का स्तर तेजी से कम हुआ है।

कृषि उपयोग रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक इत्यादि वर्षा के जल के साथ बहकर स्वच्छ जलीय स्त्रोतों में पहुंच कर स्वच्छ जल की गुणवत्ता को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन के स्वास्थ्य पर भी देखने को मिलता है। कीटनाशकों व रासायनिक उर्वरकों में विद्यमान हानिकारक रासायनिक पदार्थ जल के माध्यम से मानव शरीर में पहुंचकर जीन परिवर्तन, डीएनए क्षति जैसे घातक विकारों का कारण बनता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अवस्थी नरेन्द्र मोहन (2019) :'पर्यावरण एवं संसाधन प्रबंधन', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. मोहन सीमा (2013) :'पर्यावरण अध्ययन', कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. गौतम शिवानन्द आर.पी. : 'यूनीफाइड भूगोल', रामप्रसाद एंड संस, बालविहार हमीदिया रोड़, भोपाल।
4. तिवारी आर.सी. (2019) :'भारत का भूगोल', प्रवालिका पब्लिकेशन्स, इलाहबाद।
5. जिला सांख्यिकीय पुस्तिका, झाबुआ, 2011.
6. हुसैन माजिद (2020):'कृषि भूगोल', रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आधुनिक समाज में पुस्तकालयों एवं सूचना केन्द्रों की भूमिका: एक अध्ययन

डॉ. अजीत कुमार साहू* शशि प्रभा साहू**

* शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत
** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुढार, जिला शहडोल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – आधुनिक समाज की अनेक आवश्यकताएँ हैं– जैसे शिक्षा, अनुसंधान, सांस्कृतिक विकास, आध्यात्मिक एवं वैचारिक क्रियाकलाप, क्रीड़ा एवं मनोरंजन, आदि। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समाज ने अनेक संस्थाओं की स्थापना की। इनमें पुस्तकालय का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। अन्य संस्थाएँ एक या दो प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं लेकिन पुस्तकालय सभी प्रकार की आवश्यकताओं की समान रूप से पूर्ति करता है समाज की शैक्षणिक एवं अनुसंधानपरक गतिविधियों के प्रोत्साहन, सांस्कृतिक उन्नयन, सूचना के प्रचार–प्रसार, आध्यात्मिक और सैद्धान्तिक आस्थाओं की पूर्ति, मानवीय मूल्यों की स्थापना और मनोरंजनात्मक कार्यों के आयोजन इत्यादि में पुस्तकालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

सभी कालों में समस्त मानवीय क्रियाकलापों के आयोजन एवं उनकी सपफलता में ज्ञान और सूचना पर्याप्त सहायक रहे हैं। लेकिन बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध की अवधि में सूचना और ज्ञान विकास के सशक्त साधन बन गए हैं और समस्त गतिविधियों के केन्द्र बन गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के कारण सूचना का संग्रहण, प्रक्रियाकरण और व्यवस्थापन, अभिगम तथा सुलभता भौगोलिक दूरियों के बावजूद भी सरल हो गए हैं और इन कार्यों को तीव्रता एवं सटीकता के साथ संपन्न किया जा रहा है । आज सूचना तथा ज्ञान को मूल संसाध्न माना गया है और आधुनिक समाज को 'सूचना समाज' की संज्ञा दी गई है।

सूचना और ज्ञान की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रयुक्त संस्थागत पद्धतियाँ एवं व्यवस्थाएँ पूर्ण रूप से परिवर्तित हो गई हैं। ज्ञान और सूचना की आवश्यकता की पूर्ति करने वाली अनेक संस्थाओं में पुस्तकालयों का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है ।

प्रस्तावना – आधुनिक समाज में मानव की समस्त गतिविधियों का आयोजन संस्थाओं के माध्यम से संपन्न किया जाता है। आज समस्त प्रमुख सामाजिक कार्यों एवं संगठनों का संस्थाकरण किया जा चुका है–चाहे वह आर्थिक कार्यक्रम हो या स्वास्थ्य–सेवाएं चाहे शिक्षा हो या अनुसंधान, चाहे व्यवसाय हो या उद्योग। पर्यावरण की सुरक्षा अथवा प्रतिरक्षा की व्यवस्था को भी संस्थाओं एवं संगठनों के माध्यम से ही संपन्न किया जाता है। पुस्तकालय तथा अन्य ऐसी संस्थाएँ वे संस्थाएँ होती हैं जो प्रलेखों में अभिलेखबद्ध सूचना या ज्ञान का संग्रहण, भंडारण, प्रक्रियाकरण, व्यवस्थापन, वितरण तथा प्रसार करती हैं। चूँकि ज्ञान एवं सूचना मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं, अत: पुस्तकालय एवं अन्य संस्थाएँ, जो सूचना तथा ज्ञान की व्यवस्था तथा निष्पादन करती हैं, महत्वपूर्ण होती हैं। इस इकाई के अंतर्गत ज्ञानार्जन की औपचारिक एवं अनौपचारिक शिक्षण प्रक्रियाओं, अनुसंधन एवं विकास, सांस्कृतिक क्रियाकलापों, आध्यात्मिक तथा विचारात्मक क्षेत्रों, मनोरंजन और उत्सव आदि में पुस्तकालयों के योगदान और प्रभावशीलता का परिचय दिया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के चमत्कारों और नित्यप्रति सूचना उपयोक्ताओं की श्रेणियों में वृद्धि के साथ ही साथ उनके विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सूचना की माँग में वृद्धि के कारण, आधुनिक समाज सूचना समाज की ओर अग्रसर हो रहा है, जिसमें परिवर्तन की मुख्यधारा और परिवर्तन की दिशा में सूचना और ज्ञान सशक्त उपकरण का कार्य कर रहे हैं। इस इकाई में इन विचारधराओं का विस्तृत वर्णन किया गया है। पुस्तकालयों के योगदान के मूल्यांकन के लिए इन विचारधराओं को आत्मसात करना अति आवश्यक है। व्यावसायिक पद्धतियों, क्रियाकलापों और कार्यों की जानकारी के लिए इनसे प्रचुर सहायता तथा परिज्ञान प्राप्त होगा। इस इकाई के अनुच्छेदों में पुस्तकालयों के योगदान की विवेचना की गई है।

पुस्तकालय एवं शिक्षा

शिक्षा के उद्देश्य है– (1) ज्ञान और कौशल प्रदान करना (2) मूल्यों को जाग्रत करना। तथा (3) व्यावसायिक कौशल प्रदान करना।

शिक्षा औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार की होती है। औपचारिक शिक्षा से अभिप्राय है– 'किसी विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में नियमित रूप से छात्रा के रूप में पंजीकृत होकर और प्रत्यक्ष रूप से शिक्षक–छात्र संपर्क के माध्यम से ज्ञानार्जन करना।' लेकिन अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में शिक्षा किसी संस्था पर आधरित नहीं होती है बल्कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति द्वारा प्रदत्त एवं चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों के माध्यम से किसी अन्य ज्ञानार्जन विधि अथवा स्व–अध्ययन की सहायता से शिक्षा प्राप्त की जाती है।

औपचारिक शिक्षा–औपचारिक शिक्षा की प्रत्येक संस्था–चाहे वह विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय हो उनका अपना एक पुस्तकालय अवश्य होना चाहिए। जिन विषयों के पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाती है उनसे संबंधित पुस्तकों का संकलन उसमें होना चाहिए। पुस्तकों

का अध्ययन करने और उनमें निहित ज्ञान को धारण करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रारंभिक शिक्षा के स्तरों एवं अवस्थाओं में विद्यालयों को कक्षा के अध्ययन के पूरक के रूप में कार्य करना चाहिए। कालान्तर में, विशेषत: महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में, ज्ञानार्जन की प्रमुख विधि अर्थात् कक्षा अध्ययन एवं ज्ञानार्जन की परम्परा को पुस्तकालयोन्मुख बना दिया जाना चाहिए। इस पद्धति में छात्रों को विषय का गहन ज्ञान संबंधित विषयों की अनेक पुस्तकों का विस्तृत एवं विधिवत अध्ययन करने से प्राप्त होगा। विभिन्न पुस्तकों में विभिन्न प्रकार के प्रतिपादित सिद्धान्तों एवं दृष्टिकोणों का विश्लेषण करने की क्षमता छात्रों में जाग्रत होने के पश्चात् उनमें विश्लेषणात्मक एवं आलोचनात्मक चिन्तन की योग्यता का विकास होगा। इससे उनमें अपने स्वतंत्र दृष्टिकोणों एवं अभिमतों और सिद्धान्तों को सूत्रबद्ध करने की योग्यता का भी विकास होगा। छात्रों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने में पुस्तकालयों के योगदान पर संदेह नहीं किया जा सकता।

विद्यालयीन, महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन पुस्तकालयों के अतिरिक्त औपचारिक शिक्षा में सहायता करने का दायित्व सार्वजनिक पुस्तकालयों का भी होता है। इसके लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों को संबंधित क्षेत्रों में शिक्षा संस्थाओं के छात्रों तथा शिक्षकों के लिए शैक्षणिक एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित उपयुक्त पुस्तकों का संग्रह अवश्य करना चाहिए और उन्हें सुलभ कराना चाहिए। इस प्रसंग में यह धयान देने की बात है कि सार्वजनिक पुस्तकालय को समुदाय के सभी लोगों की सेवा करनी चाहिए और अधयापकों एवं छात्रों की आवश्यकता की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

अनौपचारिक शिक्षा – अनौपचारिक शिक्षा प्रक्रिया में शिक्षक की सहायता अल्पतम होती है। पुस्तकालयों की इसमें मुख्य भूमिका होती है। ऐसी स्थिति में छात्रों को ज्ञानार्जन प्राय: स्वाधयाय के माध्यम से करना पड़ता है। इस दिशा में औपचारिक शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक पुस्तकालयों को अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना पड़ता है। शैक्षणिक संस्थाओं के पुस्तकालयों को अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के अंतर्गत छात्रों को पुस्तकालय सुविधाएँ इस प्रकार से सुलभ करानी चाहिए जिससे उनके मूल एवं प्राथमिक उपयोगिताओं के हितों में व्यवधान न हों। इस संबंध में विश्वविद्यालय, जो एक निकाय के रूप में शैक्षणिक मानक एवं स्तरों को निर्धारित करते हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्रा में परीक्षाओं का आयोजन एवं संचालन करते हैं, का एक विशेष दायित्व होता है। उन्हें अपनी पुस्तकालय सेवाओं को अधिकाधिक व्यवहार एवं विस्तृत बनाने का प्रयास करना चाहिए जिससे उनके मूल उपयोगिताओं के साथ ही साथ अनौपचारिक शिक्षा के छात्र भी पुस्तकालय सेवाओं से लाभान्वित हो सकें। इस कार्य को संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय की शाखाओं और केन्द्रों की स्थापना करनी चाहिए और शैक्षिक समुदाय के साथ-साथ अनौपचारिक शिक्षा के छात्रों को भी उन शाखाओं और केन्द्रों के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए।

फिर भी, अनौपचारिक शिक्षा के लिए वांछित सुविधाएं उपलब्ध कराने का मुख्य दायित्व सार्वजनिक पुस्तकालयों का ही होता है। सार्वजनिक पुस्तकालयों की सुविधा का लाभ प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इस दायित्व को पूरा करने के लिए संबंधित क्षेत्र के अनौपचारिक शिक्षा के छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप पुस्तकों एवं पत्रिकाओं का अधिग्रहण कर सुलभ करने का प्रयास करना चाहिए। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के कार्यक्रमों की सफलता के लिए सुदृढ सार्वजनिक पुस्तकालय व्यवस्था अति आवश्यक होती है। अनौपचारिक शिक्षा पद्धति के छात्रों की पुस्तकालय संबंधी आवश्यकता की पूर्ति यदि शैक्षणिक एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों द्वारा नहीं की जाती है तो ये छात्र सीरीज और गाइड का ही उपयोग करने के लिए बाध्य हो जाएँगे जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा के स्तर में गिरावट आती जाएगी।

निरक्षरों की शिक्षा – क्या हम इस बात को उचित मानते हैं कि निरक्षरों को शिक्षा का लाभ नहीं मिलना चाहिए? साक्षरता ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम है, न कि स्वयं शिक्षा। इसमें कोई संदेह नहीं कि शिक्षा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है और इससे वंचित होना सबसे बड़ी असुविधा है। इस कार्य के लिए आजकल अनेक ऐसे प्रभावशाली साधन सुलभ हैं जो आधुनिक प्रौद्योगिकी की देन हैं। श्रव्य-दृश्य के साधनों, विशेषकर वीडियो टेप के माध्यम से शिक्षा को प्रत्येक घर के दरवाजे तक लाना सर्वथा संभव हो गया है। इस साधनों के माध्यम से समुदाय के निरक्षर लोगों की शिक्षा के लिए कार्य करना सार्वजनिक पुस्तकालय का एक विशेष दायित्व है। निरक्षर व्यक्तियों को शिक्षित बनाने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों द्वारा विद्यार्जन क्लब और मौखिक संप्रेषण कार्यक्रमों का भी आयोजन करना चाहिए।

भारत जैसे देश में जहाँ निरक्षरता 47.79 प्रतिशत (1991 जनगणना) है, इस संबंध में सार्वजनिक पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। इस कार्य को पूरा करने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों को स्वयं को तैयार करना होगा।

कामकाजी समूहों की शिक्षा – एक अन्य दृष्टिकोण से भी पुस्तकालय की शैक्षणिक भूमिका होती है। अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित विभिन्न व्यवसायों में संलग्न लोगों एवं श्रमिकों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें पुस्तकों का संग्रह करना चाहिए। ऐसी पुस्तकों को अध्ययन कर संबंधित कार्यक्षेत्र से वे अपने को शिक्षित रख सकते हैं और अपनी कार्य-कुशलता को बढा सकते हैं। इससे उत्पादकता में वृद्धि होती है। सार्वजनिक पुस्तकालयों को इस दिशा में अहम भूमिका अदा करनी चाहिए।

विकलांगों की शिक्षा – विकलांग लोगों के लिए शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना करना समाज और शासन का दायित्व है। ऐसी संस्थाओं द्वारा उपयुक्त अध्ययन-अध्यापन सामग्री का अधिग्रहण किया जाता है। अन्य भौतिक सुविधओं के अतिरिक्त नेत्राविहीनों की पुस्तकें एवं अन्य प्रकार की शिक्षण सामग्री को भी उपलब्ध किया जाना चाहिए। ऐसी संस्थाओं के पुस्तकालयों में उपयुक्त सामग्री का संग्रह करना आवश्यक होता है और विकलांग व्यक्तियों की उनके शिक्षार्जन में सहायता करना उनका दायित्व होता है।

अनुसंधान में पुस्तकालय का योगदान – अनुसंधान के क्रियाकलापों को समर्थन देना पुस्तकालयों का एक महत्वपूर्ण दायित्व है। अनुसंधन की सफलता एवं पूर्णता के लिए उपलब्ध ज्ञान एवं सूचना की प्राप्ति एवं जानकारी अति आवश्यक होती है। नवीनतम ज्ञान को मुख्यत: पत्रिकाओं, अनुसंधान प्रतिवेदनों तथा अन्य ऐसे प्रकाशनों के माध्यम से संप्रेषित तथा प्रसारित किया जाता है। अत: शोध की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी शोध संगठनों एवं संस्थाओं तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों और उपक्रमों के शोध एवं विकास हेतु विभागीय पुस्तकालयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। अनुसंधन की दृष्टि से कोई भी पुस्तकालय उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मानविकी और सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्रों से

संबंधित अनुसंधानपरक गतिविधियों में सार्वजनिक पुस्तकालयों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सांस्कृतिक गतिविधियों में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तकालय का सांस्कृतिक योगदान यह होता है कि यह मानव जाति की सांस्कृतिक धरोहर एवं उपलब्धियों को सुरक्षित रखता है जो वस्तुत: पुस्तकों तथा अन्य प्रलेखों में निहित होती हैं। पुस्तकालय की सांस्कृतिक भूमिका दो अन्य दृष्टिकोणों से भी महत्वपूर्ण होती है। इसे उन पुस्तकों को सुलभ कराना चाहिए जो लोगों की सृजनात्मक प्रतिभा की अभिव्यक्ति में सहायक सिद्ध होती हैं और उनके सौन्दर्य बोध और मूल्यांकन की क्षमता को विकसित करती हैं। इसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करना चाहिए–जैसे, संगीत समारोह, नृत्य, नाटक, चित्रकला, प्रतियोगिता, चित्रकला प्रदर्शनी, आदि और समुदाय के सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध और सशक्त बनाते रहना चाहिए। वस्तुत: ऐसे कार्यक्रम मुख्यत: सार्वजनिक पुस्तकालयों के कार्यक्षेत्र में आते हैं। इनका आयोजन करना ऐसे पुस्तकालयों की उपादेयता को बढाता है।

सूचना प्रसार में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तक संग्रह के माध्यम से पुस्तकालय ज्ञान एवं सूचना के विशाल भण्डार का निर्माण करते हैं। सामाजिक प्रगति को सुनिश्चित करने वाले किसी भी मानवीय क्रियाकलाप की सपफलता के लिए सूचना एक आवश्यक उपादान और संसाधन है। शोधार्थी, शिक्षक, छात्र, प्रशासक, औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रबन्धक, शिल्पी, उद्यमी, कृषक, कारखानों एवं खेतों में काम करने वाले श्रमिक, आदि सभी को सूचना की आवश्यकता होती है जिससे वे अपने व्यवसाय में सफलता पाने के लिए अपने को अत्यधिक सक्षम बना सकें। पुस्तकालय का प्रमुख सूचनात्मक योगदान उपयुक्त विधियों से सूचनाप्रद सामग्री का संग्रह करना होता है। इसीलिए पुस्तकालय को सूचना केन्द्र की संज्ञा भी दी जाती है। पुस्तकालय की सूचनात्मक भूमिका इसलिए भी होती है कि लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकता के लिए भी सूचना की आवश्यकता होती है जिसकी पूर्ति पुस्तकालय करता है। पुस्तकालय अपने पुस्तक–संग्रह में रोजगार चयन से सम्बन्धित पुस्तकें भी रख सकते हैं और इस प्रकार उन पाठकों की सहायता कर सकते हैं जो किसी विशेष क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक हैं। किसी प्रकार के उद्यम को करने के लिए किस प्रकार की जानकारी चाहिए अथवा कोई रोजगार कैसे प्राप्त करें या कैसे प्रारम्भ करें, आदि की सूचनाप्रद सामग्री को भी पुस्तकालय सुलभ कराते हैं। अत: पुस्तकालय को इस प्रकार से सुसज्जित एवं व्यवस्थित किया जाना चाहिए कि यह समुदाय के सदस्यों की वर्तमान तथा संभावित मांग से संबंधित सूचना उपलब्ध करा सकें।

धार्मिक संस्थाओं में पुस्तकालय का योगदान – पुस्तकों को सामान्यत: तीन श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। सूचनात्मक पुस्तकें, मनोरंजनात्मक पुस्तकें, तथा प्रेरणात्मक पुस्तकें। प्रेरणाप्रद पुस्तकों के अंतर्गत आने वाली पुस्तकें हैं: आध्यात्मिक और धर्मिक पुस्तकें, सैद्धान्तिक दृष्टिकोणों एवं विचारधाराओं का प्रतिपादन करने वाली पुस्तकें, तथा अन्य शाश्वत मूल्यों की पुस्तकें जिन्हें हम क्लासिक्स कहते हैं। इनसे अध्येताओं की आध्यात्मिक, धर्मिक तथा वैचारिक एवं नैतिक पिपासा शांत होती है। प्रत्येक पुस्तकालय में इस प्रकार की पुस्तकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संकलन को अवश्य रखना चाहिए जिससे लोगों को उच्च आदर्शों हेतु प्रेरित किया जा सके और उनके मस्तिष्क में मूल्यों का संचार हो सके।

मनोरंजन में पुस्तकालय का योगदान – किसी भी समुदाय के सदस्यों द्वारा फुर्सत या अवकाश के समय का स्वस्थ सदुपयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण है। ऐसा होने से समुदाय के सदस्यों को अवकाश के समय में नकारात्मक एवं विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त होने से बचाया जा सकता है। पुस्तकालयों द्वारा उपयोक्ताओं की मनोरंजन परक आवश्यकताओं की तुष्टि भी की जानी चाहिए तथा इसके लिए उपयुक्त पुस्तकों की व्यवस्था की जानी चाहिए। उपन्यास, विभिन्न कलाओं से संबंधित कृतियाँ, भ्रमण–साहित्य, जीवनियाँ, लोकप्रिय पत्रिकाएँ, मनोरंजनपरक साहित्य की श्रेणी में आते हैं। प्रत्येक पुस्तकालय के प्रलेख–संग्रह में ऐसे साहित्य का प्रचुर संग्रह होना चाहिए। इसके अतिरिक्त पुस्तकालयों में, विशेषत: सार्वजनिक पुस्तकालयों में, स्वस्थ मनोरंजन एवं मनोविनोद के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए–जैसे, संगीत समारोहों और निष्पादन कलाओं आदि का आयोजन। वस्तुत: हम निष्कर्ष रूप से कह सकते है कि इस अध्ययन में शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास, सांस्कृति गतिविधियों एवं अन्य ऐसे क्षेत्रों में पुस्तकालयों के योगदान एवं प्रभावशीलता की झाँकी प्रस्तुत की गयी है। इसका अध्ययन करने के पश्चात् हम समाज में सूचना के विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पुस्तकालयों की आवश्यकता एवं योगदान की व्याख्या कर सकेंगे। परिवर्तित समाज में पुस्तकालयों के विस्तारपरक आयामों तथा नये प्रकार की सूचना संस्थाओं के रूप में उनकी उभरती हुई छवि से अवगत हो सकेंगे तथा आज के सूचना समाज के विविध परिप्रेक्षयों में पाठकों की विविध सूचनापरक आवश्यकताओं को संतुष्ट करने के लिए पुस्तकालयों द्वारा चलाई जाने वाली सेवाओं से परिचित हो सकेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Isaac, K.A. (1987). Libraries and Librarianship: A Basic Introduction. Madras: S Vishwanathan Printers and Publishers Pvt. Ltd. pp. 1-35.
2. Khanna, J.K (1987). Librarv and Society. Kurukhetra: Research Publications pp.7-79.
3. Mc Garry, K.J (1981). Changing Concept of Information: An Introductory Analysis. London: Clive Bingley. Chapter5.
4. Rath, P.K. and Rath. M.M (1992). Sociology of Librarianship. Delhi: Pratibha Prakashan.
5. महेन्द्रनाथ (1998)। पुस्तकालय और समाज। जयपुर: पोइन्टर पब्लिशर्स।
6. शर्मा, पाण्डेय एस. के. (1998)। पुस्तकालय और समाज। नई दिल्ली: ग्रन्थ अकादमी
7. सैनी, ओमप्रकाश (1999)। ग्रन्थालय एवं समाज। आगरा: वाई.के पब्लिशर्स।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजातीय समाज के लोकगीतों में सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का अध्ययन (शहडोल संभाग के विशेष संदर्भ में)

अमित सिंह भदौरिया*

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – मनुष्य जन्म से पशु प्रवृत्ति का होता है। संस्कृति उसे सामाजीकृत प्राणी में परिवर्तित करती है। साथ ही संस्कृति समाज को भी प्रभावित करती है। 'संस्कृति' शब्द का उद्गम संस्कार शब्द से है। 'संस्कार' का अर्थ उस क्रिया से है जिसमें मनुष्य के दोष दूर होते हैं और वह गुणकारी बनता है। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति वह शिक्षा है जिससे मनुष्य के जीवन में सुधार आता है। किसी देश या जाति की संस्कृति का अर्थ उस देश या जाति की वे पुरानी आदतें, प्रथाएं, रहन–सहन, खान–पान, आचार–विचार आदि से है जो देश या जाति के सदस्यों का चरित्र निर्माण करते हैं या उस निर्माण में प्रभावशाली होते हैं। संस्कृति को परिभाषित करते हुए 'मैकाइवर एवं पेज' लिखते हैं कि – 'संस्कृति हमारे दैनिक व्यवहार में कला, साहित्य, धर्म, मनोरंजन और आनन्द में पाये जाने वाले रहन–सहन और विचार के तरीकों में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है।'

विज्ञान इतिहासकार 'श्रीनेत्र पाण्डेय' ने अपनी पुस्तक 'भारत का वृहत इतिहास प्राचीन भारत' में संस्कृति के संबंध में लिखा है – 'संस्कृति के दो रूप है। एक आत्मगत और दूसरा समाजगत। आत्मगत संस्कृति में व्यक्ति वैचारिक, चारित्रिक, आध्यात्मिक विकास, विकास के साधन, साहित्य, कला, शिक्षा, धर्म, दर्शन आदि आते हैं। समाजगत साधनों में समाज–व्यवस्था के आधार, नीति, सदाचार, आर्थिक तथा राजनैतिक समाज व्यवस्था आदि आते हैं।'

आम बोलचाल की भाषा में संस्कृति शब्द का प्रयोग इस रूप में होता है कि अमुक परिवार या समाज सुसंस्कृत है और समाज या समुदाय के क्रिया कलाप सांस्कृतिक हैं। अर्थात् जो बाते अच्छी हैं, अच्छे गुण वाली हैं, उपयोगी हैं उन्हें सांस्कृतिक कहा जाता है। साथ ही हमारी या हमारे समाज की संस्कृति अच्छी है तो उसका तात्पर्य मनुष्य के व्यवहार के उस रूप से होता है जो उन्हें अपने पूर्वजों से विरासत के रूप में मिली है जो उनकी सफलता में सहायक है। यहाँ हम गोंड़ जनजाति की सांस्कृतिक स्थिति का उल्लेख करेंगे –

मनुष्य और लोकगीत का चोली दामन का साथ है। संसार का ऐसा कोई स्थान न होगा जहाँ मनुष्य हों और गीत न हो। इतना तो अवश्य कहा जा सकता है कि – 'लोकगीतों की परम्परा इन्सान के आदिम युग से चली आ रही है। युगों की छाप उनके भावों पर पड़ी और वह अपने जीवन को ईमानदारी से अपनी बोलियों में प्रकाशित करता हुआ आज भी विपरीत परिस्थितियों से संघर्ष करता चला आ रहा है। उसने समय–समय पर शोषण के विरूद्ध गीतों में आवाज उठाई, अपने श्रम का परिहार गीतों के सहारे किया, नया उत्साह, नई लगन, गीतों द्वारा प्राप्त की और इतना ही नहीं मन की छिपी हुई मीठी बातों के सुख और दु:ख को उन्हीं गीतों में ढाला।'

जनजातीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति– लोकगीतों में गोंड़ समाज की यथार्थ एवं स्वाभाविक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। गोंड़ समाज के सुख–दु:ख, हर्ष–विषाद, उत्साह–उल्लास आदि का ज्यों का त्यों रूप हमें लोकगीतों में दिखाई देता है। इसी तरह गोंड़ समाज की प्रचलित प्रथाओं, रीति–रिवाजों आदि का उल्लेख लोकगीतों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। गोंड़ समाज में नारी को सम्माननीय स्थान प्राप्त है। इन लोगों में देवर–भाभी के बीच किसी भी प्रकार का पर्दा नहीं होता। देवर–भाभी के बीच चुहलबाजी होती रहती है। भाभियों से चुहलबाजी करते हुए देवर ये गीत गाते हैं

'कौन भौजी दार रान्धे कौन भौजी भात।
कौन भौजी रान्धे मुनगा साग।।
छोट भौजी दार रान्धे, बडे भौजी भात।
मझली भौजी रान्धे मुनगा साग।।'

भावार्थ यह है कि बड़ी भाभी, छोटी भाभी, मंझली भाभी सब अलग–अलग सब्जी दाल बनाते हैं कोई मुनगा, कोई अरहर की दाल बनाते हैं। भाभियों से चुहलबाजी के लिए देवर ये गीत गाते हैं।

इसी प्रकार देवर के लिए भी भाभिया हंसी मजाक में गीत गाती हैं। इसी प्रकार एक गीत यहाँ देखा जा सकता हैं हंसी में देवर को जामुन न तोड़ने की बात करती हैं –

'जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।
जामूं न टोर देवरा धोती रची जाए रे
जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।
जामूं न टोर देवरा जिभिया रचि जायरे।
जामूं न टोर देवरा जामूं न टोर।।'

जीवन जीने का लोकगीत –

'तैन तैनैय मोर ना ना री ना ना।
तैयना ना मोर ना ना गा
या जिन्दगी रहेला दिन चार।
मोर ना ना गा या जिन्दगी।।
जरा तो मन लोभय मोर।
रेवा नाव के टूरा रे

या जिन्दगी रहेला दिना चार।।
रेंगें ला सीखय दाउ।
रेवा नायके टूरा रे
या जिन्दगी.....।।
खेले ला सिखय दाउ।
रेवा नायके टूरा रे।
या जिन्दगी .....
नाचे ला सीखैय दाउ।
रेवा नावके टूरा।।
या जिन्दगी रहे ला दिना चार।'

यह जिन्दगी चार दिनों की है। चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरी रात है। इस दुनिया में चार दिन तक रहना है नर्तक जो रेवा नाम का लड़का है उससे कहा जा रहा है। अब सभी नृत्यों को मिलाकर नाच नाचना हैं इसलिए हम सब चलना सीखे। आजू-बाजू मुड़ने को पैरों को घुमाकर भुजाओं को हिलाकर नाचना सीख लें। ताकि हम सब नाच गाने में होशियार हो जायेंगे। क्योंकि यह जिन्दगी चार दिनों की है।

जनजातीय श्रृंगारिता का लोकगीत –

'चकिया मा मलथे पीसान सान्वर धीरे रेंगो रे।
गोड़े मा तो रूच मुच पनही।
कनिहा मा पीतम्बर धोती छातीया मा राग झोली।
गले मा तो तुलसीक माला।
मुड़े मा तो टीला टोपी कटरे।
वनगुला पान बिचगली।
मिलही करे सान्वर धरे रोंगो रे.....।।'

चकिया में अनाज पीस कर आटा निकालते हैं पद का भावार्थ यह है कि पांव में जब जूता पहनते हैं तो चुर मुर की आवाज आती है। राह चलते पीली धोती पहने हुए झोला गले में सिर में टोपी पहने हुए कहीं जाते हैं। मूल भावार्थ यह है कि जब ये किसी गांव में जाते हैं। तब पुरूष वर्ग के श्रृंगार वेश-भूषा पहने हुए निकलते हैं। यह जाति श्रृंगार प्रिय होती है। श्रृंगारिता का वर्णन प्रस्तुत लोकगीत में किया जाता है।

गोदना गीत – गोंड़ समाज में गोदना की प्रथा पाई जाती है। यह प्रथा अब लगभग बंद होने की स्थिति में है। गोदना गोदने का कार्य बादी समाज की स्त्रियाँ करती हैं। ये महिलाएँ गोदना गोदते समय गीत गाती हैं। ऐसा वह शायद गोदना गुदने के समय उत्पन्न असहनीय दर्द को सहने की शक्ति के लिए करती हैं। इस तरह देखा जाय तो गोदना गीत का कितना सामाजिक महत्व है जो गोदना गुदने के समय होने वाले दर्द को भी दूर कर देता है। गोदना गीत इस प्रकार गाये जाते हैं –

1. 'दादर ऊपर चार पके कौआ रेरी दे
जा तो बाई पूछ आबे सोला पैसा मा दे,
दादारे मा घोड़ा ऊपर तलवारेय'
2. 'तिल्ली के तेलमा पोर्यो ठेठरिया
बांधी गठरिया चढ़ी जाबे
चढी जाबे लाला कोसुम घटिया।
चढ़ी जावे रे।।'

जनजातीय माँ-पुत्री स्नेह लोकगीत – गोंड़ समाज के पारिवारिक संबंधों के बीच मधुर एवं कटु दोनों ही प्रकार के संबंध देखे जा सकते हैं। माता एवं पुत्री के प्रेमपूर्ण रिश्ते लोकगीत में महत्वपूर्ण रूप से प्रस्तुत किये जाते हैं। गोंड़ माताओं का स्नेह पुत्र की तुलना में पुत्री से ज्यादा होता है। पुत्री की शादी के बाद बिदाई के अवसर पर माता का हृदय द्रवित हो उठता है –

'आज मोरी दुलरी ससुराल चली री।
मैके की सुध बुध बिसार चली री।।
नैन कजरवा मिला हुई गै।
अंसुवन से ढरकाय चली री।।'

गोंड़ माताएँ पुत्री ससुराल में पुत्री को कष्ट होने पर परेशान एवं दु:खी हो उठती हैं। वे सदैव उसकी खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती हैं। तभी तो बिदाई के समय वे गा उठती हैं –

'मैके ला छोड़ अब ससुरे बसेरा।
मैके से नाता तोड़ चली री।।
हम सबकी ये मनसा गुँइया।
फूलै फरै कचनार कली री।।'

माता एवं पुत्री के समान ही गोंड़ भाई एवं बहन के विशुद्ध, निश्छल, सात्विक प्रेम का वर्णन लोकगीत में उपलब्ध होता है। बहन की ससुराल में भाई के जाने पर बहन हृदय से आवभगत करती है। वह भाई को विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ भोजन कराती है। अनेक लोकगीतों में बहन की प्रसन्नता और भ्रातृ स्नेह की सच्ची झाँकी उपलब्ध है।

जनजातीय प्रेम लोकगीत – गोंड़ जनजाति के युवक-युवती को प्रेम की अभिव्यक्ति अनेक लोक गीतों में देखने को मिलती है। किशोरावस्था के बाद तरूणाई की प्रथम रेखा फूटते ही गोंड़ जनजाति के युवक लड़कियों पर नजर गड़ाना शुरू कर देते हैं। वह तिल के तेल से अंगों में कान्ति ले आने वाली गोंड़ युवती से मिलने को आतुर हो उठता है-

'तिल्ली के तेल लगाय ले अंग मां
मोला संगी बना के सोवाय ले संग मां।।'

इसी प्रकार जब युवक को युवती अपनी प्रीति देने को तैयार नहीं होती है तो उसकी प्रीति पाने के लिए युवक देवताओं को नारियल चढ़ाने की मनौती करता है –

'परबत पहार निकट हरियर।
नहि बोले करेली बदों नरियर।।'

जनजातीय आभूषण प्रियता लोकगीत – आभूषण प्रियता नारी का स्वभाव है। गोंड स्त्रियाँ भी इस से मुक्त नहीं हैं। आभूषण प्रिय पत्नी अपने पति से हर्रा बेंचकर हाथ का कंगन और बैल बेंचकर करधनी ला देने की प्रार्थना करती है –

'हर्रा बिकन हर्रइया लइदे।
दोनों बैला बिकन के करधनियाँ लइदे।।'

मद्य निषेध गीत – जनजातीय समाज में शराब एक समुदाय - स्वीकृत पेय है, परंतु शराब की अधिकता शरीर और धन का विनाश भी करती है। इस लोक गीत में शराब के दुष्प्रभावों से बचने का आव्हान किया गया है –

'मान ले तैं कहना बोली धर ले ध्यान गा
या दारू के नशा बरबाद रे
छोड़ा लैका ज्वान भैया पड़त हों मैं पांव गा
या दारु के नशा बरबाद रे
रमकत है तेमे तन ला तोर चुरही गा
पीके चूर हय गै नशा मोर

जोश ला बढ़वावत है तोर पोल ला खुलवावत है
नशा मा बिगड़ जावे रे
-9	0.000363	0.0178076	1.3417114	0.000236	-0.02164	0.033183376
-8	0.005715	0.023523	1.7723366	-0.00427	-0.02591	-0.600666217
-7	-0.00408	0.0194384	1.4645804	-0.0125	-0.03842	-1.758890862
-6	-0.0007	0.0187342	1.4115231	0.004269	-0.03415	0.60063628
-5	-0.00894	0.009799	0.7383053	-0.00499	-0.03914	-0.702624079
-4	-0.01554	-0.005741	-0.4325422	0.001259	-0.03788	0.177082919
-3	-0.0091	-0.014842	-1.1182987	-0.00141	-0.03929	-0.198319698
-2	0.009048	-0.005795	-0.4366133	-0.00894	-0.04823	-1.257545917
-1	-0.00704	-0.012838	-0.967309	0.004762	-0.04347	0.669972901
0	0.004114	-0.008724	-0.6573343	-0.00167	-0.04514	-0.234816339
1	0.003213	-0.005511	-0.4152463	0.008759	-0.03638	1.23224053
2	0.000299	-0.005212	-0.3926928	-0.00239	-0.03877	-0.336443697
3	0.00096	-0.004252	-0.3203862	-0.00373	-0.0425	-0.52526978
4	0.007443	0.0031908	0.2404128	-0.00261	-0.04511	-0.366554173
5	-0.00484	-0.00165	-0.1243276	0.00401	-0.0411	0.564108898
6	0.002871	0.0012212	0.0920145	-0.01201	-0.05311	-1.689792417
7	-0.00577	-0.004545	-0.3424147	0.007163	-0.04595	1.007778938
8	-0.0013	-0.005844	-0.4403022	0.001857	-0.04409	0.261200552
9	0.00467	-0.001174	-0.088478	0.004966	-0.03912	0.698708358
10	0.009894	0.00872	0.6570094	0.01148	-0.02764	1.615022284
11	-0.00199	0.0067347	0.5074269	-0.00467	-0.03232	-0.657237218
12	-0.00015	0.006589	0.4964467	-0.00716	-0.03948	-1.007318718
13	-0.00114	0.0054533	0.4108772	0.001511	-0.03796	0.212630881
14	0.007597	0.0130506	0.9832942	-0.00692	-0.04489	-0.974102309
15	0.001191	0.0142416	1.0730264	0.011557	-0.03333	1.625908317
16	0.002421	0.0166626	1.2554414	-0.00066	-0.03399	-0.092297629
17	-0.00591	0.010751	0.8100312	0.005948	-0.02804	0.836731674
18	-0.00178	0.0089703	0.6758679	0.021736	-0.0063	3.058011065
19	0.01329	0.0222605	1.6772137	0.016106	0.009802	2.265839689
20	-0.00536	0.0169039	1.2736228	0.008167	0.01797	1.149040858

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आचार्य बच्चूलाल अवस्थी : एक दैदीप्यमान नक्षत्र

श्रीमती राजश्री जोशी*

* शोध छात्र, संस्कृत अध्ययनशाला, सुमन मानविकी भवन, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संस्कृत विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में परिगणित होती है। यह जितनी पुरानी है इसका साहित्य उतनी ही नवीनता लिये हुये है। रामायण, महाभारत एवं पुराण आदि सभी साहित्य इस संस्कृत भाषा में ही निबद्ध हैं। आज भी उत्कृष्ट साहित्य सृजन इस भाषा में सृजित किया जा रहा हैं।

अर्वाचिन कवि भी आज की सामाजिक परिस्थितियों व वातावरण को संस्कृत भाषा में अत्यन्त सरलता व सहजता से अपनी रचनाओं में स्थान देते हैं।

संस्कृत साहित्य भारतीय समाज के उत्कृष्ट जीवनमूल्यों, जीवनदर्शन, आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक एवं सामाजिक परम्पराओं का प्रतिबिम्ब है। संस्कृत साहित्य भारतीय संस्कृति का संवाहक भी है।

पुरातन काल से चली आ रही प्रथाओं व परम्पराओं का अर्वाचीन साहित्यकारों ने नवीनता के साथ पालन किया हैं उन्हीं प्रमुख साहित्यकारों में इस शोधपत्र में आचार्य बच्चूलाल अवस्थी 'ज्ञान' जी के व्यक्तित्व, कृतित्तव पर संक्षिप्त में प्रकाश डालने का प्रयास किया है।

भूमिका

'कविता हृदयस्य कापि भाषा मुखरा वधूर्नवैव।
नहि शक्तिरथो न तत्र भक्ति प्रति प्रत्तिास्तु समर्पणाय मार्ग:।।
कविता हृदयस्य वाक्यशेष कथिते ऽनुक्तया प्रकाशमान:।
कविता कविता कथा पुराणी न पुराणी न नव सुराङ्गना सा।'

संस्कृत साहित्य के विषय में जैसा कि, सर्वविदित है कि, यह संसार का सर्वप्राचीन साहित्य है, यह आरोप प्राय: संस्कृतेत्तर भाषीय आलोचकों द्वारा लगाया जाता रहा है कि, संस्कृत साहित्य में एक प्रकार की सङ्कीर्णता विद्यमान है फिर चाहे वह देश की हो या काल की।

अर्वाचीन साहित्य को देखे तो हमें अनुभव हो जाता है कि, स्थिति ऐसी नहीं है। आज का संस्कृत साहित्यकार तमाम, सङ्कीर्णताओं से ऊपर उठकर 'यत्र विस्वभवत्यें कनीडंप्रभो:' की उक्ति को चरितार्थ कर रहा है। काव्यरचना के प्रत्येक स्तर पर संस्कृत कवि अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है।

अर्वाचीन संस्कृत साहित्य को यदि मात्रा की दृष्टि से परखा जाये तो यह सिद्ध हो जाता है कि, गत दो शताब्दियों में जितनी प्रभूत यात्रा में संस्कृत में सृजन-कर्म हुआ है सम्भवत: उतना कभी नहीं हुआ। यही कारण है कि, अभिराज मिश्र ने इस युग को 'स्वर्णकाल' कहा है।

अर्वाचीन संस्कृत साहित्यकारों ने न केवल अपनी रचनाओं की विषय वस्तु में व्यापक परिवर्तन किया है, अपितु अन्य भाषीय साहित्य से प्रभावित होकर नवीन विषयों को आत्मसात् भी किया है।

आचार्य राजशेखर इसी संदर्भ में कहते हैं –

अप्रतिभस्य पदार्थ सार्थ: परोक्ष इव प्रतिभावत: पुनरपश्यतोऽपि प्रत्यक्ष इव। केचन यहा कवयोऽपि देशद्धीपान्तर कथा पुरूषादि दर्शनेन तत्रत्यां व्यवह्रति निबध्नन्ति स्म।[1]

'समस्त भारत के आधुनिक कवियों द्धारा केवल काव्य, नाटक व गीत ही नहीं अपितु शास्त्रीय ग्रन्थों का निर्माण भी सतत् गति से किया जा रहा है। भारत के जिन प्रख्यात आधुनिक संस्कृत कवियों ने संस्कृत भाषा को समृद्ध किया उनमें डॉ. सत्यव्रत शास्त्री, डॉ. रेवाप्रसाद द्धिवेदी, डॉ. रमाकान्त शुक्ल, डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ. राजेन्द्र मिश्र, आचार्य बच्चूलाल अवस्थी, इच्छाराम द्धिवेदी प्रमुख हैं।[2]

शोध आलेख – सृष्टि के आदि से प्रवहमाण सुरभारती का प्रवाह अधावधि वेगवान है। आज संस्कृत वाङ्मय विविध कवियों से जितनी समृद्धि को प्राप्त हुआ है, वह कभी नहीं हुआ।

इस शताब्दी में संस्कृत कविता ने जिस नवीन विधा में जनम लिया वह अभूतपूर्व है। गीतों और गजलों से संस्कृत साहित्य की यह समृद्धि न केवल गर्वानुभूति करवाने वाली है अपितु विस्मयकारक भी है।

इस शोध पत्र में आचार्य बच्चूलाल अवस्थीजी के साहित्य रचनाओं का परिचय प्रस्तुत किया गया है। विशेषकर उनका काव्यसंग्रह 'प्रतानिनी' जो वर्ष 1998 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त कर चुका है का उल्लेख है।

इस काव्य का प्रत्येक प्रतान अपने आपमें स्वतंन्त्र ग्रन्थ है। तथापि एक कवि का कर्त्ताव्य एकत्र उपलब्ध हुआ है यह सौभाग्य का विषय है। संस्कृत काव्य-रस के पिपासुओं को यह अनुपम अमृत के तुल्य है।

संस्कृत की यह समृद्धि भारत के लिए गौरव दायिनी है।

व्यक्तित्व – 'प्रतिभाशाली कवियों के लिए कुछ भी दुष्कर नहीं है। आचार्य बच्चूलाल अवस्थी साहित्य फलक के ऐसे ही दैदीप्यमान नक्षत्र है।'

'ज्ञान' उपनाम से प्रख्यात प्रभावशाली व्यक्तित्व, वैदुष्यव्रत-ओजस्विता से मण्डित संवेदनशील गुरूवाणी से युक्त आचार्य जो अति उदात्ता व्यक्तित्व के स्वामी, समाज के सभी व्यक्तियों से सफलतापूर्वक व्यवहार करनेवाले किन्तु सिद्धान्त तथा जीवनादर्शों पर आँच आने पर बड़ी से बड़ी शक्ति से सामना करने को उद्यत आचार्य श्री बच्चूलाल अवस्थी जी का जन्म 8 अगस्त 1918 को आचार्य बद्रीप्रसाद अवस्थी के यहाँ हुआ।

विनयशीलता एवं स्वाभिमान का अद्भुत समन्वय रखने वाले आचार्य बच्चूलालजी अनुशासन प्रिय एवं धार्मिक प्रवृत्ति के थे।

गुरूदेव अवस्थी जी का ज्ञान विस्तीर्ण, प्रखर एवं प्रगतिशील रहा है।

साधा जीवन उच्च विचार को अ?ीकार करने वाले आचार्यजी प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित कर ही लेते थे।

हिन्दी संस्कृत के ठोस विद्धान्, ग्रन्थ–ग्रन्थियों के समुद्धारक, शास्त्र निष्णात आचार्य, नवनवोद्भावना से परिपूर्ण संस्कृत में नयी–नयी कविता करने वाले अनेक गूढ़–गम्भीर ग्रन्थों के लेखक, कविता के सहृदय श्रोता और अवधानी आचार्य अवस्थीजी सदैव आत्मीयता से ओतप्रोत व प्रदर्शन संस्कृति से दूर रहे । इसलिए अपने शिष्यों में अतिप्रिय रहे तथा जब भी वे विद्यार्थियों को प्रेममयी झिडकियाँ एवं वात्सलमयी फटकार देते थे तो विद्यार्थी उसमें भी अभिमान समझते थे।

आचार्य ज्ञानजी ने अपना सर्वस्व व्यष्टि नहीं अपितु समष्टि के लिए समर्पित किया । उनका परम्पराओं तथा उत्सवों के प्रति सम्मान दर्शाता था कि, हमारा इतिहास गौरवशाली है एवं सभी को इनका सम्मान करना ही चाहिए।

एक मनीषी विद्धान में पाये जाने वाले समस्त गुणों में प्रमुख गुण 'पैनी समाचोलक दृष्टि' उनमें विद्यामान थी अत: वे स्पष्टवादिता तथा साहित्य के प्रति स्वतन्त्र दृष्टि के लिए सदैव याद किये जाते हैं।

प्रमुख और प्रसिद्ध साहित्यकार बशीर बद्र तो उनके बारे में कहते थे –

'आचार्य अवस्थजी जी तो चलता, फिरता, घूमता, एहसास करता–करवाता 'Idea' है। उनका व्यक्तित्व अमूर्त है।'

उनके चलने, बैठने, उठने बोलने सबसे महुआ की तरह ज्ञान टपकता हुआ प्रतीत होता है।

फिर भी प्रसिद्धि की मृगमरीचिका से सदैव दूर रहें और अपनी साधना में लीन रहें। इसलिए शिष्यों के लिए हमेशा श्रद्धा का स्थान थे।

आचार्य ज्ञानजी वास्तविकता को स्वीकार करने में कठिनाई से ही क्यों ना हो भावावेश पर अदृश्य अङ्कुश लगाने में प्रवीण थे आज के परिप्रेक्ष्य में तो यह अत्यन्त महत्वपूर्ण गुण हो सकता है।

उन्हें उनके ज्ञान के आधार पर जो कि उनके उपनाम को चरितार्थ करता था यदि चलता–फिरता 'Encyclopedia' कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। न जाने क्या–क्या है आचार्यजी में ।

संस्कृत की गरिमा की रक्षा के लिए वे अपने अनुयायियों एवं शिष्यों को परामर्श व स्नेहिल आदेश देने में कभी नहीं चुके।

ज्ञानजी की गहन जानकारी, अत्यन्त आकर्षक विद्धत्ता और दिलखुश अध्यापन ने इन्हें बड़े सहज भाव से एक काबिले तारीफ 'Democratic Popularity' से विभूषित किया ।

संस्कृत के उद्भट विद्धान, दुर्धर्ष साहसी, गुरू गम्भीर मेघगर्जन सरीखी वैदुषी मण्डित वाणी, दधीच–व्यक्तित्व अनायास ही गुरूजी को देखकर आरण्यक महर्षियों की स्मृति करा देती है।

यह कहना कठिन है कि, डॉ. बच्चूलाल अवस्थी का प्रखर पाण्डित्य संस्कृत में अधिक है या हिन्दी में ? यथावसर उनकी प्रत्युत्पन्नमति प्रसूत विद्धत्तापूर्ण टिप्पणियाँ सुनकर उनके पास सञ्चित विपुल स्वाध्याय सम्पदा एवं प्रखर मौलिक चिन्तन तथा अप्रतिम ज्ञान को दर्शाता है। उन्हें वागाभिव्यक्ति की उत्कृष्ट कला ज्ञात थी।

डॉ. अवस्थीजी में हम एक दार्शनिक, उद्भट स्वाध्यायी विद्धान तथा संवदेनशील कवि के दर्शन कर पाते हैं। अरबी, फारसी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा हिन्दी आदि अनेक भाषाओं की प्रकृति एवं वाङमय से सुपरिचित डॉ. अवस्थी संस्कृत में प्रणीत उनकी मार्मिक अन्योक्तियों के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं।

अवस्थीजी के व्यक्तित्व में अगाध पाण्डित्य ऐसा था कि, सीधे मूल को पकड़ता था साथ ही वे हमेशा गुणीजनों के गुणों का सम्मान करते थे।

संस्कृत व्याकरण, साहित्य एवं दर्शन का गम्भीर अध्ययन उन्हें भारतीय चिन्तन पद्धति के बिरले विद्धानों की श्रेणी में रखता है। इसलिए चोटी के विद्धानों में आपकी गणना होती है।

आचार्य अवस्थीजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं स्वयं में एक संस्थान थे वे उन लोगों में से थे जिनके व्यक्तित्व का प्रभाव साथियों के साथ आने वाली पीढ़ी पर भी होता है।

आचार्यजी सर्वमान्य, सदैव आत्मीयता से ओतप्रोत एवं संस्कृत देवभाषा की हिन्दी को अलभ्य देन है।

मनुष्य का जीवन एक अनबूझ पहेली है। संसार में कुछ लोग वर्तमान में जीकर भी विगत दिनों के होते हैं, कुछ लोग आनेवाले समय के होते हैं, कुछ लोग वर्तमान के प्रवाह में तृण की भाँति बहते हुए अदृश्य रहते हैं तथा कुछ लोग भूत–भविष्य–वर्तमान को एक साथ समेट कर अपने समय में ही शाश्वत होते हैं। गुरूवर पण्डित बच्चूलाल अवस्थी जी अपने समय में ही शाश्वत होते हैं। गुरूवर पण्डित बच्चूलाल अवस्थजी अपने समय में ही शाश्वत हैं, नित्य हैं इसमें कोई सन्देह नहीं।

आचार्य ज्ञान उन नक्षत्रों में से एक है जिनका प्रकाश लगातार धरातल की ओर बढ़ रहा है। जब उनका आलोक पूरी तरह भूमण्डल पर उतरेगा नव संसार आश्चर्य करेगा उनसे प्रोत्साहन पाकर लोग हिन्दी, संस्कृत, उर्दू एवं अंग्रेजी भाषा में कार्य कर रहे हैं, जिनकी संख्या असंख्य नहीं तो अगणित अवश्य है।

संक्षेप में हम कह सकते है कि, डॉ. अवस्थीजी का जीवन अनेक मानवीय गुणों से अभिमण्डित है उनमें विद्धत्ता के साथ ही लोक व्यवहार, भावनाओं का सङ्गम, अद्भुत कल्पकता जो उनके जीवन को इन्द्रधनुष के समान सतरङ्गी बनाती है।

कर्तृत्व – चिर सञ्चित जीवन मूल्यों को नए सन्दर्भो, नई अपेक्षाओं एवं नए दृष्टिकोण से देखना ही आधुनिकता है। अधुनातन समयानुकूल विचारसरणि का नाम ही आधुनिकता है। प्राचीन से अर्वाचीन यह अबाध गति से चल रहा है।

संस्कृत साहित्य सरिता ऋग्वेद से आजतक प्रवाहमान है 'साहित्य समाज क दर्पण है' और तत्कालीन साहित्यकार साहित्य सृजन से इस बात को ध्यान में रखकर ही समाज को दिशा दिखाने का महनीय कार्य करते हैं।

इन्हीं अर्वाचीन साहित्यकारों की श्रृंखला में आचार्य बच्चूलाल जी का नाम बड़े ही गर्व और सम्मान के साथ लिया जाता है।

आचार्यजी संस्कृत के मर्मज्ञ थे। परन्तु आचार्यजी ने जो हिन्दी साहित्य सृजन किया उसमें भी साहित्य क्षेत्र को समृद्धि मिली । एक प्रसन्न–मधुर व्यक्तित्व, प्रतिभासम्पन्न लेखनी के धनी, देवी शारदा की वीणा के पञ्चम स्वर तार की कम्पन वाली आवाज और स्पष्टवादिता, निडर, साहसी ऐसे अवस्थी जी ने साहित्य रचना में विपुलता एवं विविधता की दृष्टि से आधुनिक संस्कृत को नवीन स्वरूप प्रदान किया।

आचार्य की सूक्ष्म दृष्टि अपने आसपास घट रही सामान्य घटनाओं को भी काव्य बना देती थी। ये यथार्थ के समीप होती थी। अपने आसपास के सामाजिक वातावरण में व्याप्त व्याकुलताओं के भीतर छिपी व्यवस्थाओं को अनुभव करते थे तत्पश्चात् लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त भी करते

थे।

कविवर आचार्य की 'एकला चालो रेय की प्रवृत्ति एवं उससे जन्मा स्वाध्याय तथा स्वसंवादी स्वभाव साहित्य को प्रेरणा व निखार देता रहा। आचार्यजी ने अपने साहित्य में विशुद्ध भारतीय विषयों को स्थान दिया हैं।

आचार्य बच्चूलालजी ने अध्ययन-अध्यापन एवं शोध के साथ ही संस्कृत और हिन्दी में साहित्य निर्माण किया। आचार्य ज्ञान द्धारा रचित साहित्य का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है -

1. **'काव्य में रहस्यवाद' -** आचार्य ने **काव्य में रहस्यवाद** इस विषय को विद्धत्तापूर्ण विचार किया। इस पुस्तक में रहस्यवाद के विविध पक्षों पर विचार किया गया है। रहस्य का शब्दार्थ, रहस्य और दर्शन का सम्बन्ध, रहस्यकाव्य में भाव और ध्वनि, प्रतीक स्थान, रहस्यवाद व छायावाद का अन्तर इत्यादि बहुत से ज्ञातव्य विषयों का उन्होंने समीक्षात्मक, गवेषणापूर्ण अध्ययन प्रस्तुत किया है।

2. **'ध्वनिसिद्धान्त तथा तुलनीय साहित्य चिन्तन' -** आचार्य श्री बच्चूलाल अवस्थी प्रणीत **ध्वनि सिद्धान्त तथा तुलनीय साहित्य चिन्तन** शीर्षक कृति ध्वनि विवेचन-परक प्रयासों में उल्लेखनीय है। इस पुस्तक से आचार्य अवस्थी ने ध्वनि सम्बन्धी चिन्तन के लिए क्षितिज उद्धाटित किए हैं। नि:सन्देह इतने विस्तृत फलक पर ऐसा अनेकायामी चिन्तन उनकी सारस्वत साधना का उत्ताम निदर्शन है। 'ध्वनि सिद्धान्त तथा तुलनीय साहित्य का आचार्य अवस्थीजी ने अत्यन्त प्रौढ़ता से विवेचन किया है और गहराई तथा सूक्ष्मता से सम्पूर्ण काव्य को जाँचा-परखा प्रतीत होता है जिससे वह समीक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि जान पड़ती है।

3. **'भाषा काव्याङ्गदीपिका' -** अङ्गों का सम्यग् दर्शन करने के लिए जिस प्रकार प्रकाश की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार काव्याङगों के वास्तविक ज्ञान के लिए यह दीपिका अपेक्षणीय है। इसके अन्तर्गत भूमिका रूप में भाषा-ज्ञान भी कराया गया है। डॉ. अवस्थी भारतीय काव्यशास्त्र-परम्परा के निष्णात विद्धान एवं भाषा काल के मर्मज्ञ विवेचक है अत: पारम्परिक काव्यलक्षणों से सम्पन्न यह ग्रन्थ अनुकरणीय है।

4. **'पाणिनीय शिक्षा का त्रिनयनभाष्य' -** आचार्य अवस्थी जी का त्रिनयनभाष्य केवल पाणिनीय शिक्षा का ही भाष्य नहीं है अपितु सारे ग्रन्थों और सारे प्रातिशाख्यों का तथा अपेक्षित अन्य ग्रन्थों का ऐसा निचोड़ है, जो संस्कृत-वाङ्मय को, संस्कृत को न जानने वालों के लिए उपयोगी है।

5. **'प्रतानिनी' -** आचार्य बच्चूलाल अवस्थीजी का काव्य संग्रह **प्रतानिनी** जिस सुन्दर व बड़े कलेवर के साथ प्रकाशित हुआ है। इस दृष्टि से आज तक संस्कृत में लिखे गये कोश काव्यों में उसे सब से उच्च स्थान प्राप्त है।

इस काव्य में कलेवर की वृहत्ता नहीं अपितु इसकी भाषा आचार्य जी द्धारा अधीन समस्त शास्त्रों के रस को अपने भीतर समेट कर प्रस्फुटित हुई है। इन गीतों में एक-एक पद में आचार्यजी का पाण्डित्य झलक जाता है।

अभी तक ऐसा होता रहा है कि जिन काव्यों में पाण्डित्य की प्रधानता है, उनमें भावपक्ष शुष्क रहा है, किन्तु इस दृष्टि से प्रतानिनी अद्धितीय है क्योंकि, उसमें पाण्डित्य के साथ-साथ रस की धारा बह रही है।

इस काव्य में पाँच प्रतान हैं -

1) **स्तवक प्रतान -**

इसमें अत्यन्त मर्मस्पर्शी भाव-प्रधान स्तोत्र हैं।

(नित्यं विष्णुपदी-पदीकृत-जटाजूटोक्षित-प्रस्थभू:
प्रेता नुग्रहकातरेण मनसा भस्मावगुण्ठोज्जल:)
प्रतानिनी महाकाल प्रसदीदतु 39

2) **अन्योक्तिप्रतान -** जो पूरी व्यवस्था में फैली विसङ्गतियों पर तीखा प्रहार करती है। इनमें इतनी गहरी व्यञ्जना है कि कोई भी सहृदय इनसे अभिभूत हुए बिना नहीं रह सकता।

को दोह: क्व चदोहक: कव ममता गेहस्य क: पालको
राज्य कस्य च कस्य वा जनपद: सर्वस्य सर्वसंघ
इत्येव कृतनिश्चया वनगवी गोचारकान् धुत्वती
स्वेच्छाचारपरायणा स्वकटकेनाहात्यते खर्वटे।
प्रतानिनी वनगवी 80

3) **गजल गीति प्रतान -** गजन के शिल्प और विधा पर अधिकार रखने वाले डॉ. अवस्थीजी ने इस प्रतान में भी अन्योक्तियाँ ही लिखी है परन्तु ये गजल में निबद्ध हैं। जो पाठकों को अलौकिक आनन्दानुभूति करवाती है।

क्व यातास्ते तथा क: एते इस प्रतान की दो प्रमुख गजले हैं जिसमें गजलकार अवस्थीजी ने आज के परिवर्तित आधुनिक वातावरण में स्त्री की भूमिका व अधोपतन की ओर बढ़ता समाज, कर्मठ तथा सज्जन व्यक्तियों का अभाव, जोड़-तोड़ की राजनीति का बलवती होना आदि पर अत्यन्त व्यथित मन से प्रहार किया है।

चटुव्याहारसौभाग्यं प्रतीषत् सप्रतीकारा:
प्रतीपं कूणितापाङ्गाश्चमत्कारा: क्व यातास्ते
प्रतानिनी क्व यातास्ते 144

क: एते में आचार्यजी ने स्वभाव से कुटील, धूर्त, धोखेबाज जिनकी कथनी करनी में अन्तर हो ऐसे छद्मरूप धारी बहुरूपियों को उद्धाटित किया है।

पतङ्गा समन्तात् पतन्त: क एते।
प्रतानिनी क एते 98

इन गजलों में उनकी व्यञ्जना पूर्ववर्ती समस्त संस्कृत साहित्य को अतिक्रान्त करती है यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है।

4) **विरागप्रतान -** इसके बीज में कवि ने अपने दार्शनिक होने का प्रमाण प्रस्तुत किया है। जो काव्य के माध्यम से प्रदर्शित हो रहा है।

अद्यावधि प्रणिहितात्मतया परेशे
सन्तोष एव परमं धनमित्यमंस्था:
किन्तु प्रतारित् इवासि वृथैव लोभाद्
वित्तप्रधानमवलोक्य जनस्य वृत्तम् ॥
प्रतानिनी विरागप्रतान 214

5) **प्रकीर्ण प्रतान -** स्फूट गीत के माध्यम से इस प्रतान में कवि ने संस्कृत भाषा का पतन, विदेशी भूषा, धर्म व भाषा पर कटाक्ष तथा कुलगुरू कालिदास क्षिप्रा नदी आदि का वर्णन किया है।

विदेशवेषेण विदेशभूषया विदेशधर्मेण विदेशभाषया।
विदेशिभूता: खलु हा स्वदेशिन: नाम कथं नुजानताम्
प्रतानिनी प्रकीर्णप्रतान गीर्वाणवाणी 261

6) **वादत्रयी -** आचार्य बच्चूलालजी ने कर्मवाद प्रामाण्यवाद एवं ख्यातिवाद से मिलाकर वादत्रयी ग्रन्थ का निर्माण किया है।

वादत्रयी ग्रन्थ विद्धानों के लिए सम्मानीय एवं छात्रों के लिये मार्ग प्रशस्त करने का कार्य करता है।

7) **भारतीय दर्शन बृहत्कोश -** भारतीय दर्शन बृहत्कोश समग्र वाङ्मय

मे एक अमूल्य निधि है। यह बृहत्कोश न केवल संस्कृत क्षेत्र में अपितु दर्शन, साहित्य, व्याकरण, भाषा–विज्ञान, हिन्दी आदि समस्त क्षेत्रों को परिव्याप्त कर एक अनुपम स्थान पाता है।

आचार्य बच्चूलालजी के मन में साहित्य आकार और प्रकार के विपुल और उच्चकोटि का होना चाहिए। उनके मत में कवि प्रजापति होता है। वहीं समाज को सही दिशा देने में समर्थ है। अत: सदैव गहन अनुभूति और कल्पनाशक्ति अपेक्षित रहती ही है।

वे काव्यलेखन में 'मूड' को महत्व नहीं देते थे। उन का मानना था कि, कवि के पास शब्दशक्ति होती है, स्थायी भाव, विभाव, अनुभाव, सञ्चारी भाव उसके अधिकार में होते हैं। वह इनके सहारे हर समय रचना करने में समर्थ है।

आचार्य बच्चूलालजी ने अपनी रचनाओं में बोधक शैली, शास्त्रीय शैली के उदाहरण देकर बात समझाने का सफल प्रयत्न किया है।

उन्होंने पुरातन का अन्धानुकरण नहीं किया व नवीन के प्रति अति उत्साही भी नहीं हुए । इनके साहित्य में उदाहरण पारम्परिक ग्रन्थों से न लेकर श्रम से आधुनिक और अधुनातन काव्यों से लेकर स्वयं की योग्यता और पाण्डित्य सिद्ध किया है।

आचार्य बच्चूलाल अवस्थी संस्कृत साहित्य के दैदीप्यमान नक्षत्र है जो साहित्य सृष्टि में अपनी रचनाओं से सदैव चमकते रहेंगे।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. प्रतानिनी – आचार्य बच्चूलाल अवस्थी
2. अभिनन्दन ग्रन्थ
3. आधुनिक संस्कृत काव्य की परम्परा – मंजुलता शर्मा
4. ध्वनि सिद्धांत तथा तुलनीय साहित्य चिन्तन – आचार्य बच्चूलाल अवस्थी
5. भाषा काव्यांगदीपिका – आचार्य बच्चूलाल अवस्थी
6. पाणिनी शिक्षा का त्रिनयनभाष्य – आचार्य बच्चूलाल अवस्थी
7. काव्य में रहस्यवाद – आचार्य बच्चूलाल अवस्थी

Footnotes:-

1. journalofemergingtechnologyhttps://www.jetir.org 03:45pm07/02/24
2. प्रो. डॉ. ताराशङ्कर शर्मा 'पाण्डेय' की कृतियों का समीक्षात्मक अध्ययन, कोटा विश्वविद्यालय शोधार्थी (प्रियंका शर्मा)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उत्तर प्रदेश: कौशाम्बी जिले के मिट्टी का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. संगीता शुक्ला*

* पी.एच.डी. (भूगोल) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – यह शोध पत्र कौशाम्बी जिला, उत्तर प्रदेश की मिट्टी के भौगोलिक अध्ययन पर आधारित है। मिट्टी एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है, जिसका कृषि, वन्यजीव और जलवायु पर गहरा प्रभाव होता है। कौशाम्बी जिले की मिट्टी की संरचना, प्रकार, गुण और उसके कृषि पर प्रभाव को समझने का उद्देश्य है। इस अध्ययन में जिले की मिट्टी के भौगोलिक वितरण, उर्वरक क्षमता, जल धारण क्षमता और खेती पर इसके प्रभाव को प्रमुख रूप से विश्लेषित किया गया है। डेटा संग्रहण, क्षेत्रीय सर्वेक्षण और विभिन्न सरकारी रिपोर्ट्स के माध्यम से इस शोध के निष्कर्षों का विश्लेषण किया गया है। यह अध्ययन न केवल कौशाम्बी जिले की कृषि स्थिति को समझने में मदद करता है, बल्कि यहां की मिट्टी की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक उपायों को भी प्रस्तुत करता है।

प्रस्तावना – कौशाम्बी जिला उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और कृषि प्रधान जिलों में से एक है। यह जिला गंगा नदी तथा यमुना नदी के मध्य में अवस्थित है, जिससे इसके कृषि क्षेत्र को लाभ मिलता है। जिले की मिट्टी की संरचना और गुणवत्ता में भिन्नताएँ हैं, जो विभिन्न कृषि पैटर्नों और विकास को प्रभावित करती हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य कौशाम्बी जिले की मिट्टी के प्रकारों, उनकी उर्वरक क्षमता, जल धारण क्षमता और उनके कृषि पर प्रभाव को समझना है। कौशाम्बी की मिट्टी की भौगोलिक विशेषताएँ क्षेत्रीय कृषि और जलवायु परिवर्तन को प्रभावित करती हैं, जिनका गहरा प्रभाव जिले की कृषि उत्पादन क्षमता पर पड़ता है।

उद्देश्य: इस शोध के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. कौशाम्बी जिले की मिट्टी के प्रकार और संरचना का अध्ययन करना।
2. जिले की मिट्टी की उर्वरक क्षमता और जल धारण क्षमता का विश्लेषण करना।
3. मिट्टी के भौगोलिक वितरण और इसके कृषि उत्पादकता पर प्रभाव का मूल्यांकन करना।
4. कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी के सुधार हेतु उपयुक्त उपायों का सुझाव देना।
5. जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित मिट्टी की बदलती विशेषताओं को समझना।

आंकड़ों का स्रोत: इस शोध में उपयोग किए गए डेटा के स्रोत निम्नलिखित हैं:

1. सांख्यिकी और सरकारी रिपोर्ट्स:

- भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित कृषि, भूगोल और पर्यावरण से संबंधित रिपोर्ट्स।
- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI), भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (ISSS) और अन्य संबंधित संस्थाओं से प्राप्त मृदा डेटा।
- उत्तर प्रदेश के कृषि विभाग की रिपोर्ट और जिले के कृषि सर्वेक्षण के आंकड़े।

2. प्राथमिक डेटा:

- कौशाम्बी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए क्षेत्रीय सर्वेक्षण।
- स्थानीय किसानों, कृषि विशेषज्ञों और पर्यावरणविदों से किए गए साक्षात्कार और चर्चा।
- मृदा नमूने लेकर उनका विश्लेषण करना।

पद्धति : इस शोध में निम्नलिखित पद्धतियाँ अपनाई गईं:

1. सांख्यिकी विश्लेषण:

- मृदा के प्रकार, उर्वरक क्षमता, और जल धारण क्षमता के आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया। यह विश्लेषण क्षेत्रीय कृषि रिपोर्टों और भूमि उपयोग के आंकड़ों पर आधारित है।

2. सर्वेक्षण और फील्ड स्टडी:

- कौशाम्बी जिले के विभिन्न भागों में किए गए क्षेत्रीय सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग किया गया।
- मृदा नमूने एकत्र कर उनका विश्लेषण किया गया, जिसमें मृदा की अम्लीयता, क्षारीयता, उर्वरक सामग्री, और खनिज तत्वों की जांच की गई।

3. गुणात्मक विश्लेषण:

- किसानों और कृषि विशेषज्ञों से संवाद किया गया, ताकि उनकी राय और अनुभवों के माध्यम से मिट्टी के प्रकार और कृषि उत्पादन में आने वाली समस्याओं को समझा जा सके।

4. मानचित्रण :

- GIS (Geographic Information System) का उपयोग करके कौशाम्बी जिले की मृदा की भौगोलिक स्थिति और वितरण का मानचित्रण किया गया। यह मानचित्र मिट्टी के प्रकार और उसके कृषि पर प्रभाव को समझने में मदद करता है।

भौमिकीय संरचना – कौशाम्बी जनपद का भू–भाग भारत के उत्तरी विशाल मैदान का ही एक खंड है। इसकी संरचना निचले गंगा एवं यमुना दोआब में स्थित है। इस वृहद मैदान का निर्माण प्लीस्टोसीन युग में हिमालय से निकालने वाली गंगा एवं यमुना और उसकी सहायक नदियों द्वारा लाये गए अवसादों के निक्षेपण से हुआ है। इसे स्थानीय रूप से इलाहाबाद प्लेन भी कहा जाता है। इस मैदान में निक्षेपित जलोढ अवसाद में बालू, बजरी, चूना, महीन कर्ण एवं जीवाश्म सम्मिलित हैं। इसकी मोटाई लगभग 1800 से 2000 मीटर के बीच है। मैदान के उत्तरी भाग में जलोढ की मोटाई अपेक्षाकृत अधिक है, जो दक्षिणी पठार की ओर कम होती जाती है। दक्षिणी भाग में जलोढ के जमाव के नीचे विन्ध्यन क्रम की शैले एवं चूना पत्थर नामक अवसादी चट्टानें पाई जाती हैं। इनके ऊपर लेटेराईट मृदा एवं विभिन्न रंगों वाली मृतिका का जमाव स्तरों के रूप में मिलता है, जिनके ऊपर गंगा नदी द्वारा निक्षेपित जलोढ मिलता है। इस मैदान में चूना पत्थर का जमाव मोटी परत के रूप में सतह से 220 मीटर तक पाया जाता है। गंगा एवं यमुना नदियों में जल की अधिकता के कारण आने वाली बाढ़ों से मैदान का जितना भाग प्रभावित होता है उसे नूतन जलोढ (खादर) निक्षेप कहते हैं, जबकि जिन भागों में नदियों के बाढ़ का जल नहीं पहुँच पाता उसे पुरातन जलोढ (बांगर) के नाम से जाना जाता है।

1. **नवीन जलोढ:** नवीन जलोढ का जमाव अभिनूतन काल में हुआ है, जिसमें खाकी एवं धूसर रंग के अवसादों से युक्त बालू, बजरी, कंकड के जमाव मिलते हैं। इसकी रचना मुख्यत: अभ्रक युक्त बालू, शिल्ट एवं मृतिका से हुई है। नवीन जलोढ को उसकी विशेषताओं के अनुसार दो भागों में बांटा जाता है– सोपानी जलोढ एवं प्रवाह जलोढ।
2. **पुरातन जलोढ:** पुरातन जलोढ के जमाव मध्य प्लीस्टोसीन युग में हुआ है। यहाँ के जलोढ गहरे रंग के हैं, जिसमें यत्र– तत्र कंकड़ एवं रेत के जमाव भी पाए जाते हैं। इसमें स्तनपायी जीवों के अवशेष भी मिलते हैं।

निष्कर्ष / परिणाम:

1. **मिट्टी के प्रकार:**

- कौशाम्बी जिले की मिट्टी मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है: चिकनी और दोमट। दोमट मिट्टी अधिक उपजाऊ और जलधारण की क्षमता वाली होती है, जबकि चिकनी मिट्टी में जल निकासी की समस्या होती है।

2. **उर्वरक क्षमता:**

- जिले की मिट्टी में उर्वरक तत्वों की उपलब्धता में विविधता है। कुछ क्षेत्रों में मिट्टी में जैविक और खनिज उर्वरकों की कमी पाई गई, जिससे कृषि उत्पादकता प्रभावित हो रही है। विशेष रूप से रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरक क्षमता को घटा रहा है।

3. **जल धारण क्षमता:**

- जिले की मिट्टी में जल धारण क्षमता अच्छी है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक पानी की कमी और सूखा प्रभावित कर रहा है, जिससे खेती में समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। जल निकासी की समस्या वाले क्षेत्रों में पानी रुकने से फसलें खराब हो रही हैं।

4. **कृषि पर प्रभाव:**

- कौशाम्बी की मिट्टी की संरचना और उसकी उर्वरक क्षमता के आधार पर, कुछ फसलें जैसे गेहूँ, चावल, और गन्ना अच्छी तरह से उगाई जाती हैं, जबकि अन्य फसलों के लिए मिट्टी की परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं हैं। मिट्टी में सुधार की आवश्यकता है ताकि कृषि उत्पादकता को बढ़ाया जा सके।

निष्कर्ष: कौशाम्बी जिले की मिट्टी की भौगोलिक स्थिति और संरचना कृषि उत्पादकता पर गहरा प्रभाव डालती है। जिले की मिट्टी की उर्वरक क्षमता में अंतर और जल धारण क्षमता के मुद्दे कृषि पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की गुणवत्ता को और घटा रहा है। इस अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि मिट्टी में सुधार की आवश्यकता है, जैसे कि जैविक खाद का उपयोग, जल प्रबंधन, और सही फसल चक्र अपनाना।

कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए मिट्टी के सुधार के उपायों को लागू करना आवश्यक है, जैसे कि जल धारण क्षमता बढ़ाने के लिए उपयुक्त जल प्रबंधन तकनीकें, मिट्टी परीक्षण और सुधार के लिए उचित उर्वरकों का प्रयोग, और किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन। इस शोध का परिणाम कौशाम्बी जिले में कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए एक मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Mahotra, C.L. (1972): Soil of Uttar Pradesh, in “Soil of India”, New Delhi, Fertilizer Association of India
2. District Gazetteer, Allahabad, 1968
3. पाण्डेय, एस.के. (2010): कौशाम्बी का स्वर्णिम इतिहास एवं वर्तमान, मीरा पब्लिकेशन, इलाहाबाद
4. Dubey, R.M. & Negi B.S. (1986): Economic geography of India, Kitab Mahal, Allahabad
5. https://www.icar-crida.res.in/CP/Uttar_Pradesh/UP60-Kaushambi-28.07.14.pdf



SOILS OF KAUSHAMBI DISTRICT (U.P.)

Alluvial plain (0-1% slope)

1. Deep, loamy soils and slightly eroded .
2. Deep, fine soils moderately saline and sodic associated with loamy soils, slightly eroded .
3. Deep, fine soils and slightly eroded associated with loamy soils slightly saline and moderately sodic .
4. Deep, fine soils and slightly eroded associated with loamy soils .
5. Deep, loamy soils and slightly eroded associated with loamy soils with moderate salinity and sodicity and moderate water logging.
6. Deep, silty soils associated with loamy soils slightly eroded .
7. Deep, silty soils and slightly eroded associated with fine soils .

Active Flood Plain (1-3% slope)

8. Deep, sandy soils with moderate flooding associated with stratified loamy soils and slight flooding .

Ravinous land (3-5% slope)

9. Deep, silty soils and severely eroded associated with loamy soils severely eroded.

Undulating upland (3-5% slope)

10. Deep, loamy soils, moderately eroded associated with fine smectitic soils and slightly eroded

Very gently sloping uplands with hummocks (1-3% slope)

11. Deep, fine soils, slightly eroded associated with fine smectitic soils and slightly eroded.

Plateau (Sandstone on 1-3% slope)

12. Moderately shallow, sandy-skeletal soils and very severely eroded associated with, loamy-skeletal soils and severely eroded
13. Moderately shallow, loamy soils and moderately eroded

Source: NBSSLUP, Regional Centre, NewDelhi

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जन्मपूर्व के मालवी एवं मेवाडी संस्कार गीतों का तुलनात्मक अध्ययन

भरत कुमार तिवारी *

* शोधार्थी, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्याल, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – हमारे जीवन में सोलह संस्कारों का बड़ा महत्व है। प्रत्येक संस्कार का अपना उद्देश्य है। मन और बुद्धि के चहुँमुखी विकास, अनुशासन, व्यवहार व संयम को प्रोत्साहित करते है ये संस्कार।

संस्कारों की संख्या को लेकर विद्धानों में कुछ मत विभिन्नताएँ भी है। गौतम स्मृति में 48 संस्कार बताए गए है। महर्षि अंगिरा ने 25 संस्कार स्पष्ट किये है। पुराणों में भी विविध संस्कारों का उल्लेख है परंतु इनमें मुख्य तथा आवश्यक 16 संस्कार माने गए है।

संस्कार का वर्गीकरण :–भारतीय समाज में संस्कारों का बहुत ही अधिक महत्व है। प्राचीनकाल में भारतीय जीवन का सर्वांगीण विकास तथा नि:श्रेयस मूल संस्कारों में ही निहित था। जब तक मनुष्य जीवित रहे, वह सर्वांगीण उन्नति करता रहे और मरणोपरांत स्वर्ग या मोक्ष की प्राप्ति करे। अत: जीवन के सर्वांगीण विकास की व्यवस्था की गई। संस्कार का अर्थ है– वह प्रक्रिया जिसके किए जाने पर पदार्थ किसी कार्य के लिए उपयोगी बन जाता है। अर्थात् किसी वस्तु में योग्यता का आधान करने वाली क्रियाओं को संस्कार कहा जाता है। गुणांतराधान अर्थात् किसी वस्तु के अन्य गुणों का आधान करना संस्कार है।

हमारे ऋषि–मुनियों ने संस्कारों के माध्यम से जीवन के प्रत्येक अंगों को गुणों से भरने एवं विकसित कर पोषित करने का सद्प्रयास किया। इस प्रक्रिया में उन्होंने संस्कारों को धार्मिक रूप दिया और उपनिषदों, सूत्रग्रंथों एवं स्मृतियों में इनके पूर्ण और व्यवस्थित रूप का वर्णन किया है। आर्य ऋषियों ने मनुष्यों के जीवन में गुणों का आधान करने की योजना बनाई एवं आयु के अनुरूप विभिन्न संस्कारों की व्याख्या की। मानव–जीवन गर्भाधान से ही प्रारम्भ हो जाता है और मुक्तिधाम में ही उसको सद्गति प्राप्त होती है। इसलिए मानव शरीर को स्वस्थ एवं मन को शुद्ध तथा अच्छे संस्कारों वाला बनाने के लिए गर्भाधान से लगाकर अंत्येष्टि तक सोलह संस्कार स्वीकार किए गए हैं। जो गृह–सूत्रों के अनुसार इस प्रकार हैं– गर्भाधान, पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूड़ाकर्म, कर्णवेध, विद्यारंभ, उपनयन, वेदारंभ, केशांत, समावर्तन, विवाह और अंत्येष्टि।

संस्कार गीत :–संस्कारों की सम्पन्नता के अवसर पर अनेक धार्मिक कर्म सपांदित किए जाते हैं जिन्हें लोकाचार की संज्ञा दी गई है। प्रत्येक लोकाचार के अवसर पर परिवार और समाज का महिला वर्ग अपने आंतरिक उल्लास को व्यक्त करते हुए जिन गीतों को गाता है वे संस्कार गीत कहलाते हैं, जैसे पुत्र के जन्म के समय गाए जाने वाले गीत वे 'सोहर' कहलाते हैं। चूँकि संस्कार मंगलमय आनुष्ठानिक क्रिया हैऔर संस्कार गीत उस मंगल क्रिया की मांगलिकता को व्यक्त करने वाले। अत: दोनों ही मंगल भावापन्न हैं।

'लोकसाहित्य के अमर वैतालिक सांस्कृतिक समता की घोषणा, मानवीय शाश्वत भावनाओं की आदिम अभिव्यक्ति के रूप में करते ही रहे हैं और कहते हैं कि हम सब प्रकृतित: एक है।'[1] अत: संस्कारों का पूरे विश्व के मानव–जीवन में महत्तव निर्विवाद है। भारतीय जीवन तो जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त संस्कारों से गुँथा हुआ है। हिन्दू धर्मशास्त्रों ने ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य (द्विजन्मा) को इहलोक तथा परलोक में पावन करने वाला गर्भाधानादि (षोडश) शरीर–संस्कार वेद विहित पवित्र कर्मो द्वारा करने के योग्य माना है। इन्हीं संस्कारों की सम्पन्नता के समय जो गीत गाये जाते हैं, वे संस्कार गीत कहलाते हैं।

हिन्दू शास्त्रों के अनुसार मनुष्य के जन्म से मृत्यु तक जो विभिन्न संस्कार किए जाते हैं, उनसे सम्बन्धित गीत संस्कार विषयक होते हैं। अन्य जातियों की अपेक्षा हिंदू जाति संस्कार प्रधान है। संस्कारों को अपूर्ण छोड़ना धर्म विरूद्ध माना गया है। मोक्ष प्राप्त करने के लिए संस्कारों को निर्दिष्ट विधि–विधान से पूरा किया जाना चाहिए।

इस प्रकार संस्कारों का जो सुचिन्तित उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों में भारतीय मेधा ने किया है उसमें लोक प्रचलित व्यवहारों का व्यवस्थित और शास्त्रीय विवेचन प्राप्त होता है। पं. शिवसहाय चतुर्वेदी ने तो घर–घर होने वाले संस्कारों की समष्टि को ही पारिवारिक संस्कृति कहा है।'संस्कार' संस्कार–गीतों' की 'विराट भैरवी के आनन्द रस से सिंचित होकर लोकमानस को विश्रान्ति प्रदान करते हैं।'

जन्म से पूर्व के संस्कार :–यहाँ जन्म से पूर्व के संस्कारों गर्भाधान, पुंसवन और सीमंतोन्नयन का उल्लेख एवं उनसे सम्बन्धित मालवी एवं मेवाड़ी संस्कार गीतों का वर्णन किया गया है जो इस प्रकार है –

1. **गर्भाधान संस्कार :–**जीवन का प्रारम्भ इसी संस्कार से होता है। गर्भाधान एक सहज नैसर्गिक प्रक्रिया है। इस प्राकृतिक क्रिया को अधिक परिणाम कारक बनाने वाली विधि का नाम है, गर्भाधान संस्कार।

भारतीय समाज में गृहस्थ अवस्था में प्रवेश करने के पश्चात दम्पत्ति युगल को संतान उत्पन्न करने की मान्यता दी गई है। गर्भाधान की क्रिया के समय स्त्री–पुरूष की शारिरीक तथा मानसिक स्थिति जैसी शुद्ध और पवित्र होगी, बालक का शरीर और मन भी वैसा ही बनेगा। यह उसी पवित्रता से होना चाहिये जैसे व्यक्ति मंदिर में प्रवेश करता है।

तात्पर्य यह है कि वंश वृद्धि और पितृ–ऋण से मुक्ति की इच्छा गर्भाधान

संस्कार का मुख्य उद्देश्य है। शास्त्रों में गर्भधारण का उत्तम समय भी निश्चित किया गया है जिसका उपयोग कर यशस्वी, तेजस्वी, ओजस्वी संतान प्राप्त की जा सकती है।

गर्भधारण संबंधी मालवी गीत –

तिथि गरभ धारण की,
होवे अनुकूल, न होवे कोय भूल।
मन खुशी, मन पावन होय,
सुत जनमें ऐसा तारे कुल।
जनक बणो जी राज,
हमारे संत हो संत समाज
जननी धीर धरो।
माता सुत हो धीरज मान राखे,
मर्यादा राखे कुल कुमार।
करो गरभ धारण,
संतान कुल माय ऐसी हो राज।
करे कुल को उद्धार,
वंश तपे सूरज–सा जी राज।

उपर्युक्त गीत में गर्भधारण की तिथि अनुकूल होने का वर्णन किया है अर्थात् इस महत्वपूर्ण अवसर पर जो तिथि बताई गई है उसी में गर्भधारण करना चाहिए कोई भूल नहीं होनी चाहिए। गर्भधारण करते समय मन में खुशी और मन पावन होना चाहिए तभी घर में ऐसी संतान जन्म लेगी जो प्रतिष्ठा पाएगी व कुल का उद्धार करेगी। माता – पिता को धीरज धारण कर, मर्यादित व संयंमित जीवन शैली अपनानी चाहिए। राजा जनम जैसा आचरण करना चाहिए ताकि संत समाज सभी प्रसन्न होवे। जिससे कि उत्तम संतान का जन्म हो जो सूर्य की भाँति स्वयं भी प्रकाशित हो और समस्त वंश को गौरव प्रदान करें।

गर्भधारण संबंधी मेवाड़ी गीत –

मालीका रे खिड़की खोल भँवर ऊभा बारणो।
आओ कवरां बैठो नी पास, काई तो कारण आया ?
म्हारी धण ने पैलो जी मास नारंगी में मन गयो जी।
नारी रा लागै छै हजार, कलियाँ रा पूरा डोड़ से जी।
नारंगी रा दांता हजार, कलियारां पूरा डोड से जी।
पैली खाई खाटीं लागी, दूजी खट–मीठी लागी।
तीजी ने बींदड़ राजा जनम लियो।
म्हारी धण ने दूजो जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने तीजो जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने चौथो जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने पाँचवों जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने छठों जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने सातवों जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने आठवों जी मास, नारंगी में मन गयो,
म्हारी धण ने पूरा जी मास, नारंगी में मन रह्यो।

प्रस्तुत गीत में मालण अपने लड़के से कहती है कि भँवर जी बाहर खड़े हैं, जाकर खिड़की खोलो। मालव भँवर जी को पास बुलाकर कहती है कि आओ कुँवर जी पास बैठो, किस कारण आपका आना हुआ है ? कुँवर जी कहते हैं कि हमारी स्त्री को पहला महीना है और उसका मन नारंगी में लगा है। मालण अवसर देखकर भँवर जी से नारंगी के हजार और कली के पूरे डेढ़ सौ रूपये माँगती है। कुँवर जी कहते हैं कि नारंगी के पूरे हजार और कली के पूरे डेढ़ सौ रूपये देंगे। पहली खाई तो खट्टी लगी और दूसरी खाई तो खट–मीठी लगी। तीसरी में बींदड़ राजा ने जन्म लिया। मेरी स्त्री को दूसरा महीना लगा है और उसका मन नारंगी में गया है। इसी प्रकार तीसरा, चौथा, पाँचवां, छठा, सातवां, आठवां और पूरे नौ महीने हो गए हैं और उसका मन नारंगी में ही रह गया है।

2. पुंसवन संस्कार :– पुंसा का अर्थ पुमान अर्थात पौरूष माना है। गर्भ के सुनिश्चित होने पर शिशु के श्रेष्ठ बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए यह संस्कार किया जाता है। पुंसवन संस्कार से स्वस्थ, सुन्दर और गुणवान संतान की प्राप्ति होती है। शारीरिक विज्ञान के अनुसार तीसरे और चौथे माह के मध्य में गर्भस्थ शिशु के अंगो का बनना प्रारंभ होता है अत: यह संस्कार तीसरे माह के प्रारंभ में किया जाता है।

माता को मानसिक रूप से ओज व तेजयुक्त संतान की उत्पत्ति के लिए प्रेरित करना इस संस्कार का हेतु हे। समाज एवं परिवार को गर्भ धारण की स्वाभाविक सूचना तथा गर्भवती स्त्री की विशेष चिकित्सा एवं देखभाल के लिए परिवार के सदस्यों को दायित्व बोध कराना भी इस संस्कार का उद्देश्य है।

संस्कार के दौरान पति–पत्नी को गृहदेव का पूजन करना होता है। इस संस्कार के बाद गर्भवती स्त्री को अपने रहन–सहन, खान–पान, पठन–पाठन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है, क्योंकि उसका सीधा प्रभाव आने वाले गर्भ पर पड़ता है।

पुंसवन संबंधी मालवी गीत –

बालक जनमें राम हो, राम हो।
कौशल्या माय हरख नी माय
गरभ में सुणजो, गरभ में सुणजो
बालक जनमें राम हो, राम हो।
राम जनमें कुल उजियारो, कुल उजियारो
बालक जनमें राम हो, राम हो।

उपर्युक्त गीत में गर्भिणी स्त्री गर्भ में पल रहे शिशु से बात करती हुई कहती है कि मेरे घर भी राम का जन्म हो, मुझे भी कौशल्या माता जैसा आनन्द प्राप्त हो, मेरी प्रसन्नता की कोई सीमा नहीं हो, मैं फूले ना समाऊँ। हे मेरे पुत्र जिस प्रकार राम के जन्म लेने से कुल में उजाला हुआ, कुल का नाम रोशन हुआ ठीक उसी प्रकार तेरे जन्म लेने से भी कुल प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा अत: तुम भी मेरे घर राम बनकर ही आना।

पुंसवन संबंधी मेवाड़ी गीत –

भैरू जी काठे रे गँवा री चोढूँ लापसी, माँय तो गायाँ रो देसी घी।
कासी रा बासी एक तो अरज म्हारी हेलो हुणजो।
भैरू जी देराण्याँ–जेठाण्याँ मनें मोसो बोलियो,
देराण्याँ–जेठाण्याँ हींडै पालणो।
भैरू जी हूँ एक पुतर बिन कुल में बाँझड़ी।। कासी रा बासी
भैरू जी कदेय न भीजी म्हारी दूधाँ काँचली,
भैरू जी कदेय न भीज्यो म्हारो काँधों लाल सूँ।
कासी रा बासी, एक पुतर बिन कुल में बाँझड़ी।
भैरू जी सास सपूती, बीं रे देवरियो लाडलो।
भैरू जी नणदल ऊँनाले री बलती ए लाय। कासी रा बासी।
भैरू जी कासी में बाजै थारे घूघरा, कोडाणों में नगर निसाण।

भैरू जी पीवरिये रे धसूँ देवलो, आवती-जावती थाँने धोकस्यूँ।
भैरू जी एक-एक तो अरज म्हारी हेलो हुणजो।

प्रस्तुत गीत में गर्भिणी भैरू जी से विनती करती हुई कहती है कि हे भैरव, मैं काठे (मरूभूमि में पैदा हुए) गेहूँओं की लापसी चढ़ाऊँगी। उसमें गाय का घी डालूँगी। हे काशी के वासी, एक अरज मेरी भी सुनो। देवरानी, जेठानी ने मुझे ताना मारा है। उनके तो पलने में पुत्र झूल रहे हैं, मैं अभागिनी कुल भर में एक ही बाँझ हूँ।

हे भैरवनाथ, स्तन के दूध से मेरी काँचली (आँचल) कभी नहीं भीगी, न मेरा कंधा भीगा कभी प्यारे पुत्र के मुख से टपकी हुई लार से। हे काशी के वासी, मैं अभागिनी कुल भर में अकेली निपूत बाँझ हूँ। मेरी सास सुपुत्रवती है, उसके लाड़ला देवर पुत्र है और ग्रीष्म की तीव्र आग की तरह जलती भुनती मेरी ननन्द उसकी पुत्री है। ये दोनों मुझे ताना मारते हैं। व्यंग्य कसते हैं।

हे देव, काशी में आपके नाचते समय के घुँघरू बजते हैं और कोडमदेसर में आपके निसान धहराते हैं। हे नाथ मैं पीहर में आपका मंदिर बनवाऊँगी और आते-जाते हर समय आपका वंदन करूँगी। केवल एक ये प्रार्थना मेरी सुन लीजिए।

3. सीमंतोन्नयन संस्कार :- इसका शाब्दिक अर्थ है केश का उन्नयन अर्थात् ऊपर उठाना। यह संस्कार शिशु की गर्भावस्था के छठे माह में किया जाता है। यह वह समय होता है जब गर्भ साधारण अवस्था से हाथ, पाँव, आँख, कान तथा हृदय वाले शिशु के रूप में विकसित हो रहा होता है।

इस संस्कार का उद्देश्य गर्भवती स्त्री को मानसिक बल तथा उसके आहार में पौष्टिकता की ओर परिवार का ध्यान आकर्षित करना है। संस्कार के समय पति अपनी पत्नी के केशों को संवारते हुए ऊपर की ओर उठाता है जो उसके साथ आत्मीयता व स्नेह युक्त व्यवहार का प्रतीक है।

संस्कार के समय घर पर उपस्थित महिलाये गर्भवती माता के कान में 'ओजस्वी', वीर, शील-समपन्न संतान की माता हो, ऐसे सुवचन भी कहती है। इसके बाद गर्भवती स्त्री को अन्य महिलाओं के द्वारा खिचड़ी खिलाई जाती है जो पौष्टिक आहार देने का सूचक है।

सीमंतोन्नयन संबंधी मालवी गीत -

धन ने माथे मोड़ी ने ओड़ी घांटड़ी जी
धन तो जइ बेठा सुसराजी की गोद
अवसर मूंगा.....
सुसरा जी अगरणी करया,
ओ बिना नइं तरे यो तो अवसर चूक्यो नी जाय
अवसर मूंगा.....
बउ के माथे मोड़ी ओ ओड़ी
घांटड़ी बउबड़ जइ बेठा जेठ जी री गोद
अवसर मूंगा.....
जेठ जी घेवर बटाया बिना
नी सरे यो तो अवसर चूक्यो नी जाय
अवसर मूंगा.....
बउ ने माथे मोड़ी ओ ओड़ी
चुनड़ी देवर पील्यो रंगाया बिना नई सरे
देवर बाजाओ बजाया बिना नई सरे,
यो तो अवसर चूक्यो जाय
अवसर मूंगा.....
बउ के माथे मोड़ी ने ओड़ी घांटड़ी,
बउवड़ बेठा बाइजी री गोद
अवसर मूंगा.....
बइसा साद पुराया बिना नी सरे
बइसा अवसर चूक्यो नी जाय
अवसर मूंगा.....

उपर्युक्त गीत में नायिका अपने नायक से कहती है कि मुझसे ब्याह रचाने के लिए पिया जी आप ही सिर पर मौर बाँधकर आये और मैंने भी आपकी ही लाई हुई घाटड़ी (चुन्नी) पहनी, अब गोद भराई का अवसर आया है। गोद भराये बगैर नहीं चलेगा। चुन्नी पहनकर बहू जेठ जी की गोद में जा बैठी। जेठ जी से कहा - जेठ जी अब घेवर बटाएँ बगैर काम नहीं चलेगा। वह देवर जी से कह रही है - देवर जी आप मुझे पीली चुन्नी लाकर दो, उसके बिना काम नहीं चलेगा। देवर जी बाजे बजवाओ, बिना बाजे बजवाए काम नहीं चलेगा। बहू ने चुनरी पहनी और सास की गोद में जाकर बैठ गई और कहा - सासू जी अब आप मेरी गोद भराई रस्म पूरी कीजिए। इसके बाद बहू अपनी ननन्द से कहती है कि बाईसा इस रस्म के बिना काम नहीं चलेगा, यह अवसर बहुत ही मूल्यवान है इसे चूकना नहीं है।

सीमंतोन्नयन संबंधी मेवाड़ी गीत -

थेइज ओ केसरिया सायब गांव सिधाया ओलगणा,
सिधाया ओ अजमौ कुण मोलावे ओ राज।
थेइज ओ मांनेतण रांणी हालरियो जिणजौ,
थेनड़ियो जिणजौ ओ अजमो म्हारा भावोसा मोलावो ओ राज

प्रस्तुत गीत में गर्भवती स्त्री का पति परदेश जा रहा है। पति की अनुपस्थिति में अजवाईन की व्यवस्था कौन करेगा? गर्भावस्था के आठवें मास में स्त्रियाँ 'अजमी' गाती हुई कहती है कि ओ केसरिया प्रियतम! आप दूसरे गाँव जा रहे हो। ओ राज, अब अजवायन कौन खरीदेगा? ओ मानेती रानी! तुम पुत्र उत्पन्न करना, अजवायन मेरे बाबोसा खरीद कर ले आएँगे।

निष्कर्ष -इस प्रकार हमारे संस्कार हमें मानव कोटि से बहुत ऊँचाई पर ले जाकर देवत्व तक पहुँचाने में समर्थ है। अत: यह कहना समुचित है कि संस्कारों की योजना व्यक्ति को नियमबद्ध एवं संयमित जीवन जीना सिखाती है। हमारे ये संस्कार पारिवारिक और सामाजिक स्वास्थ्य का समन्वय है। ये संस्कार मूलत: वैज्ञानिक चिन्तन पर आधारित है। संस्कारों की अनुपालना से समाज और राष्ट्र की नैतिक उन्नति हो, सफलता प्राप्त हो यही इनके मूल में छिपा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोकायन की भूमिका, पृ. ग, डॉ. देवराज उपाध्याय
2. मनुस्मृति, - 2/27
3. संस्कार विशेषांक पत्रिका
4. आश्वलायन, वी.मि.सं., भाग-1
5. वीर मित्रोदय, संस्कार भाग - 1, पृ. - 168
6. षोडश संस्कार विवेचन, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, पृ. 36, 51-52
7. मालवी संस्कृति एवं उसका साहित्य - डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित
8. मालवी संस्कार गीत - श्रीमती निर्मला राजपुरोहित
9. राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा - डॉ. जयसिंह नीरज
10. राजस्थान के लोकगीत - श्रीमती स्वर्णलता
11. राजस्थान का लोकसंगीत - डॉ. योजना शर्मा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला 2016 के आयोजन में प्रशासनिक प्रबंधन की भूमिका

मोनिया यादव* डॉ. वीरेन्द्र चावरे**

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – सिंहस्थ कुंभ मेला 2016 के आयोजन में प्रशासकीय प्रबंधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया है। यह मेला हर 12 वर्षों में उज्जैन नगर में आयोजित होता है, जो न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से अपितु सांस्कृतिक और खगोल शास्त्रीय दृष्टिकोण से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह आयोजन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व में धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक प्रतिष्ठित है।प्रस्तुत शोध पत्र में कुंभ मेला के ऐतिहासिक, धार्मिक और खगोलशास्त्रीय महत्व का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। साथ ही, आयोजन के समुचित संचालन में प्रयुक्त विभिन्न संगठनात्मक रणनीतियों, उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, और उपलब्धियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। अध्ययन में प्रशासनिक प्रबंधन के विभिन्न आयामों, जैसे विभागों के बीच समन्वय, बुनियादी ढांचे का विकास, जनसंचार प्रबंधन, तथा जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर गहन चर्चा की गई है।प्रस्तुत शोध पत्र विशेष रूप से इस बात पर जोर देता है कि सिंहस्थ मेला 2016 के आयोजन में पिछली घटनाओं से प्राप्त पाठों को कैसे प्रभावी रूप से लागू किया गया, ताकि सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को प्राप्त किया जा सके। इस संदर्भ में, मेलों के आयोजनों से पहले किए गए प्रबंधन सुधारों और रणनीतियों की पहचान की गई है, जो सिंहस्थ 2016 के आयोजन को एक आदर्श मॉडल बनाने में सहायक सिद्ध हुईं।अध्ययन का निष्पादन द्वितीयक स्रोतों, जैसे सरकारी रिपोर्ट्स, संबंधित विभागों द्वारा प्रकाशित पुस्तिकाएँ, मीडिया लेख, और अन्य प्रलेखों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किया गया है। इन स्रोतों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए, सिंहस्थ मेला 2016 के प्रशासनिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया गया।

सिंहस्थ का ऐतिहासिक महत्व – पुरातन समय से ही तीर्थ स्थलों के प्रति गहरी श्रद्धा प्रकट करते हुए जनमानस को आत्मकल्याण की दिशा में प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों ने समाज की भलाई और लोककल्याण के लिए धार्मिक और पवित्र स्थानों पर विभिन्न ज्ञान सत्रों का आयोजन किया। इन आयोजनों के माध्यम से धर्म का महत्व और उसकी प्रासंगिकता को समझाने के साथ-साथ समाज को नई प्रेरणा प्रदान की जाती थी। धार्मिक स्थलों पर इन आयोजनों का उद्देश्य धार्मिक संस्कृति, परंपराओं और आत्मीयता को अक्षुण्ण बनाए रखना था। पूरे भारत की सांस्कृतिक झलक, धार्मिक आस्था की नींव, और जनता के बंधुत्व का अनुभव एक स्थान पर सहजता से हो सके, यही इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य था। इसी परंपरा में मनाया जाने वाला प्रमुख धार्मिक पर्व है 'कुंभ'।

'कुंभ' शब्द वास्तव में एक विशेष खगोलीय संयोग का प्रतीक है, जो ग्रहों और राशियों के विशेष योग से बनता है। अथर्ववेद के अनुसार, सृष्टिकर्ता ब्रह्माजी ने कहा कि उन्होंने चार पवित्र कुंभ पर्वों की रचना कर उन्हें प्रयाग, उज्जैन, हरिद्वार और नासिक जैसे पावन स्थलों पर स्थापित किया। 'कुंभ' का अर्थ है कलश, और कुंभ महापर्व की कथा भी इसी कलश से जुड़ी हुई है। हालांकि, यह कोई साधारण कलश नहीं है, बल्कि अमृत कलश है, जो कुंभ महापर्व की पृष्ठभूमि का आधार है।प्राणायाम की तरह कुंभ पर्व को भी तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है- 1. पूरक (श्वास भरना), 2. कुंभक (श्वास रोकना), और 3. रेचक (श्वास छोड़ना)। शरीर को भी एक घड़े या कुंभ के रूप में देखा गया है, जिसमें प्राणों और श्वासों का प्रवाह होता है। कुंभ पर्व मानो श्वासों का महा उत्सव है, जहां अनगिनत श्वासें मिलती हैं, भरती हैं, और खाली होती हैं। यह पर्व मानवीय जीवन की गहराई और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।[1]

सिंहस्थ कुंभ महापर्व भारतीय धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे सनातन धर्मावलंबियों का विश्व का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। कुंभ पर्व के संदर्भ में पुराणों में कई कथाएँ वर्णित हैं। भारतीय संस्कृति में कलश का विशेष स्थान है, जो केवल कला और संस्कृति ही नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का प्रतीक है। कुंभ पर्व में स्नान को मोक्षदायक कहा गया है, जहां मोक्ष का अर्थ सांसारिक बंधनों से मुक्ति पाना है।आदि शंकराचार्य ने भारत को धर्म के सूत्र में बांधने के लिए अपने अनुयायी संन्यासियों को दशनामी परंपरा में संगठित किया और कुंभ पर्व में प्रथम स्नान का अधिकार दिलाया। भारतीय संस्कृति में कुंभ मंगल का प्रतीक माना गया है। हालांकि, यह पर्व भारत में कब से मनाया जा रहा है, इसके बारे में विद्वानों की एकमत राय नहीं है। देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से जुड़ी घटनाएँ कुंभ पर्व के प्रारंभिक संदर्भ माने जाते हैं, जो पुराणों और इतिहास में समान रूप से वर्णित हैं।

सिंहस्थ कुंभ महापर्व का पौराणिक महत्व – कुंभ पर्व के आयोजन से जुड़ी कई कथाएँ प्रचलित हैं, लेकिन इनमें सबसे प्रमाणिक कथा समुद्र मंथन से संबंधित है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवता और दानवों ने मिलकर

समुद्र मंथन किया, जिसमें अमृत का कलश प्राप्त हुआ। अमृत को दानवों से बचाने के लिए इसकी रक्षा का कार्य बृहस्पति, चंद्रमा, सूर्य और शनि को सौंपा गया। इस बीच, इंद्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भाग गए। दानवों ने इस चाल को समझ लिया, जिससे देवताओं और दानवों के बीच घोर युद्ध छिड़ गया।यह युद्ध 12 दिनों तक चला, जो मानव के लिए 12 वर्षों के बराबर था। इस संघर्ष के दौरान अमृत की कुछ बूंदें धरती पर हरिद्वार, प्रयागराज (इलाहाबाद), नासिक और उज्जैन में गिरी। सूर्य, गुरु और चंद्रमा ने अमृत कलश की रक्षा में विशेष भूमिका निभाई। इन्हीं ग्रहों की विशिष्ट स्थिति में कुंभ पर्व मनाने की परंपरा आरंभ हुई। मान्यता है कि जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं, वहां की नदियाँ-गंगा, यमुना, गोदावरी और क्षिप्रा-अमृतमय हो गईं। ग्रहों की विशिष्ट स्थिति के साथ बनने वाले योग में महाकुंभ पर्व का आयोजन होता है।

सिंहस्थ कुंभ महापर्व हर 12 वर्षों में हरिद्वार में गंगा तट, प्रयाग में गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम, नासिक में गोदावरी नदी और उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। इस पर्व के दौरान संत परंपरा का पालन किया जाता है। मान्यता है कि साधु-संतों के 13 अखाड़े-शैव, वैष्णव और उदासीन परंपराओं से जुड़ेसंत परंपरा का निर्वहन करते हैं। पर्व के दौरान त्रिशूल स्थापना, धर्म ध्वजा की स्थापना, पेशवाई और शाही स्नान जैसी धार्मिक गतिविधियाँ संपन्न होती हैं।उज्जैन का सिंहस्थ कुंभ महापर्व पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर आयोजित किया जाता है। यह मेला पश्चिमी तट के खुले क्षेत्र और पूर्वी तट के शहरी क्षेत्र में आयोजित होता है।

कुंभ पर्व का महत्व – भारत में घटनाओं और व्यक्तित्वों को स्थायी रूप से जनजीवन और संस्कृति का हिस्सा बनाने के लिए न केवल इतिहास और साहित्य का सृजन हुआ, बल्कि इन्हें सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से भी जोड़ा गया। धार्मिक पर्व, जैसे रामनवमी आदि, हमें हमारे पूर्वजों और उनके कार्यों की स्मृति दिलाते हैं। प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले ये पर्व और उत्सव हमारे मन में जिज्ञासा और ज्ञान की उत्सुकता उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार, इन परंपराओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों से जुड़ाव होता है और हमारा इतिहास अमर बन जाता है।

